भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी 05:37 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 7 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 18, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




धूमकेतु ही नहीं, क्षुद्रग्रह भी हैं उल्कावृष्टि की वजह 16

दिलजीत दोसांझ की बार्डर 2 में हुई एंट्री 15

# प्रदेश के हर मंडल में खुलेंगे सैनिक स्कूल

## बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर समेत 16 मंडलों में पीपीपी मॉडल योजना तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** राज्य के युवाओं में देश प्रेम के जज्बे और जुनून का रंग और गाढ़ा करने की तैयारी है। गोरखपुर के बाद प्रदेश के प्रत्येक मंडल में सैनिक स्कूल खोला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर, देवीपाटन समेत 16 मंडलों में पीपीपी मॉडल पर स्कूल की योजना तैयार हुई है।

गोरखपुर में शनिवार को प्रदेश में पांचवें सैनिक स्कूल के उद्घाटन अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में इसकी घोषणा हो सकती है। लखनऊ के सैनिक स्कूल के बाद गोरखपुर का सैनिक स्कूल यूपी सैनिक स्कूल सोसाइटी के अंतर्गत स्थापित होने वाला दूसरा विद्यालय है। गोरखपुर के फर्टिलाइजर कारखाने की करीब 50 एकड़ भूमि में तैयार इस स्कूल का 23 जुलाई 2021 शिलान्यास करते समय भी मुख्यमंत्री ने 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' का ध्येय गिनाते हुए सभी मंडलों में सैनिक स्कूल का संकल्प लिया था। सूत्रों के अनुसार पहले फेज में बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर, देवीपाटन, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, झांसी, मेरठ और मिर्जापुर में पीपीपी मॉडल पर सैनिक स्कूल खोलने की योजना तैयार हो गई है।

### गोरखपुर में बनेगा फॉरेस्ट्री कॉलेज

गिद्ध राज जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने वन विभाग को निर्देश दिए कि गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज बनाए। जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाएं। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी भी मिल सकेगी। हालांकि देश में वानिकी महाविद्यालय कई प्रदेशों में खासकर कृषि विश्वविद्यालयों से जुड़े हैं। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में भी वानिकी महाविद्यालय में 4 वर्षीय बीएससी (वानिकी) समेत चार विभाग कार्यरत हैं।



# भारत का गोल्डन सिक्सर

### नोएडा के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद में जीता स्वर्ण पदक, एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय एथलीट प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। प्रवीण ने आज यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में 2.08 मीटर की अपनी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। प्रवीण कुमार (टी64) ने इस बार अपने जोरदार प्रदर्शन से रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदल दिया। इसी के साथ ही प्रवीण ने क्षेत्रीय और एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। इस पदक के साथ ही पैरालंपिक खेलों में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। उत्तर प्रदेश में नोएडा के गोविंदगढ़ में जन्मे प्रवीण ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की एवं टोक्यो पैरालंपिक 2020 खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के पैरा-एथलीट बन गए। वहां उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 श्रेणी में 2.07 मीटर की प्रभावशाली छलांग के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में 2.05 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रवीण ने हाल में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता और पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

### बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण



**बालासोर।** भारत ने शुक्रवार को ओडिशा तट के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया। प्रक्षेपण सभी परिचालनात्मक और तकनीकी मापदंडों के आधार पर पूरी तरह से सफल रहा।

### एक नजर

### उत्तराखंड में भूकंप के झटकों से डोली धरती

**देहरादून, अमृत विचार:** उत्तराखंड में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। सीमांत उत्तरकाशी जिले के मोरी क्षेत्र में भूकंप का केंद्र रहा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3 मापी गई। उत्तरकाशी जिले के मोरी क्षेत्र और हिमाचल की सीमा पर भूकंप के झटके से लोग काफी डर गए। काफी लोग तो डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब पांच किमी नीचे उत्तरकाशी जिले में मोरी तहसील के सिंगतूर वन क्षेत्र के पास दर्ज किया गया। उत्तरकाशी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

# जनरथ बस ने पिकअप में मारी टक्कर, 17 की मौत

### हाथरस में हादसा

## चालीसवां में शामिल होने जा रहे थे, 16 लोग घायल

संवाददाता, हाथरस

**अमृत विचार :** चंदपा कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक पिकअप को पीछे से यूपी रोडवेज की जनरथ बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए।

हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार की शाम यह दुर्घटना उस समय चंदपा कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के पास हुई, जब आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरटेक करने की कोशिश में बस पिकअप से टकरा गई। घटनास्थल जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर है। मरने वालों में 16 आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के गांव सेमरा के रहने वाले थे, जबकि एक फिरोजाबाद जनपद का निवासी था।

बताया जा रहा है कि एक महिला का कुछ अरसा पहले निधन हो गया था। उसके चालीसवां में शामिल होने के लिए राजुद्दीन की ससुराल गांव सेमरा से करीब 35 लोग पिकअप में सवार होकर आए थे। 6 सितंबर की शाम करीब साढ़े 5 बजे ये लोग आगरा के लिए रवाना हुए। जब ये कोतवाली चंदपा क्षेत्र के कपूरा चौराहे के निकट पहुंचे तो पिकअप जनरथ बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार लोग उछलकर सड़क किनारे झाड़ियों में जाकर गिर गए। हादसे के बाद जमा हुए लोगों ने घायलों और मृतकों को जिला अस्पताल भिजवाया।



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और जमा भीड़। ● अमृत विचार

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ जिलाधिकारी आशीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल मौके पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है और चालक की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी हादसे के पीड़ितों के लिए दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, "उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुए भीषण सड़क हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोकसंतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ की प्रार्थना। राज्य सरकार से मेरी अपील है कि पीड़ितों को तत्काल इलाज मिले और प्रभावित परिवारों को समुचित मुआवजा दिया जाए।"

### प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथरस सड़क हादसे पर शोक जताया है। एक्स पर उन्होंने लिखा, 'उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।' प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तो घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने भी मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है।

# अनुच्छेद 370 इतिहास, कभी नहीं होगी वापसी : अमित शाह

## गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणा-पत्र

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा-पत्र जारी किया और कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में इसकी कभी वापसी नहीं होगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि पिछले 10 साल की अवधि देश और जम्मू-कश्मीर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी और उन्होंने लोगों से सुशासन जारी रखने के लिए उनकी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तीन चरणों 18 और 25 सितंबर तथा 1 अक्टूबर को मतदान होगा। इससे पहले शाह चुनाव के लिए भाजपा के अभियान की शुरुआत करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा का घोषणापत्र जारी करने से पहले अपने संबोधन में कहा कि मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के एजेंडे को जानता हूं। मैं पूरे देश को यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है और इसकी कभी वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अब संविधान का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अनुच्छेद ने युवाओं के हाथों में सिर्फ हथियार और पत्थर दिए हैं और उन्हें आतंकवाद की ओर धकेला है।



शाह ने कहा कि मैं उमर अब्दुल्ला से कहना चाहता हूं कि नतीजे चाहे जो भी हों, हम आपको गुज्जरों, बकरवालों और पहाड़ी लोगों को दिए गए आरक्षण को छूने नहीं देंगे।' उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा। शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पनपने में शामिल लोगों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा।

**बीते दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल :** केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि पहले यहां अलगाववादियों के सामने सरकारें नतमस्तक हुआ करती थीं। बीते 10 साल में यहां शांति रही और विकास हुआ। 370 और 35 ए खत्म करना ऐतिहासिक फैसला रहा। अब ये दोनों अतीत बन चुके हैं। उनकी अब कभी वापसी नहीं हो पाएगी। 2014 से 2024 तक जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल रहे।

### आतंकवाद खत्म होने तक पाक से बात नहीं

**जम्मू।** अमित शाह ने कहा कि भारत आतंकवाद समाप्त होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत और बम एक साथ नहीं चल सकते। शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने आतंकवादी गतिविधियां जारी रहने के बीच पाकिस्तान के साथ बातचीत की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं हो जाता, हम पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन हम कश्मीर के युवाओं से निश्चित रूप से बात करेंगे।

# पूर्व प्रिंसिपल के ठिकानों पर छापे

### कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामला

कोलकाता, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के गिरफ्तार पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष, उसके रिश्तेदारों तथा उनके आधिकारिक सहयोगियों के कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों में स्थित घरों सहित 10 जगहों पर छापे मारे।

ईडी ने शुक्रवार सुबह चार स्थानों पर तलाशी शुरू की, जिसमें पूर्वी कोलकाता के बेलियाघाटा में घोष का घर और हावड़ा के सालकिया में मेडिकल सप्लाई के विक्रेता बिप्लब सिंघा का घर शामिल है। सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने हावड़ा के संकरैल में सिंघा के घर और पास में रहने वाले उनके सहयोगी कौशिक कोले के घर की भी तलाशी ली। जांच एजेंसी ने दमदम हवाई अड्डे के मिलन पल्ली के पास घोष की साली अर्पिता बेरा के फ्लैट और उनके परिवार के किराए के फ्लैटों की भी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि अप्रिता बेरा कोलकाता के मानिकतला में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में डॉक्टर हैं और उनके पति प्रीतिन बेरा सेठ सुखलाल करनानी मेमोरियल अस्पताल में चिकित्सक हैं। ईडी ने घोष के पूर्व निजी सचिव प्रसून चटर्जी के घर पर भी छापा मारा। प्रसून को उत्तर 24 परगना के सुभाषग्राम स्थित उनके घर से उठाया गया और सात घंटे की पूछताछ के बाद दक्षिण 24 परगना के कैनिंग साउथ ले जाया गया, जहां पूर्व प्रिंसिपल का दो बीघा में फैला एक बंगला है।



● प्रवर्तन निदेशालय ने डॉ. संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को हिरासत में लिया

# बागपत में मुशर्रफ के दादा की जमीन 1.38 करोड़ में नीलाम

**बागपत, एजेंसी।** बागपत जिले के कोताना में स्थित शत्रु संपत्ति के अंतर्गत आने वाली दो हेक्टेयर जमीन को 1.38 करोड़ रुपये में नीलाम कर दिया गया। ये जमीन पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से जुड़ी बताई जाती है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह संपत्ति बागपत की बड़ौत तहसील के कोटाना गांव में स्थित है और इसे 2010 में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था। मुशर्रफ का जन्म विभाजन से पहले दिल्ली में हुआ था। बड़ौत के उप जिलाधिकारी अमर वर्मा ने पुष्टि की कि मुशर्रफ के दादा कोटाना में रहते थे। अमर वर्मा ने बताया कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के पिता सैयद मुशर्रफुद्दीन और मां जरीन बेगम कभी इस गांव में नहीं रहे, लेकिन उनके चाचा हुमायूं लंबे समय तक यहां रहे। उन्होंने कहा कि गांव में एक घर भी है, जहां हुमायूं आजादी से पहले रहते थे। 2010 में इस जमीन को शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया गया था और गुरुवार रात 10.30 बजे इसकी नीलामी पूरी हो गई।

# विनेश कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगी चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

● पहलवान बजरंग पूनिया ने भी थामा कांग्रेस का हाथ

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध में सबसे आगे रहने वाले ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पूनिया चुनाव लड़ेंगे या नहीं, लेकिन रात को जारी हुई हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी के 31 उम्मीदवारों की सूची में जुलाना विधानसभा क्षेत्र से विनेश फोगाट के नाम की घोषणा की गई।

कांग्रेस में शामिल होने के कुछ ही घंटों बाद पूनिया को पार्टी द्वारा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया और अन्य नेताओं की मौजूदगी में दोनों पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए।



### विनेश ने रेलवे से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देकर भारतीय रेलवे से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा भारतीय रेलवे की सेवा करना मेरे जीवन का यादगार और गर्व से भरा समय रहा। संबंधित अधिकारियों को अपना इस्तीफा भेज दिया है। मैं रेलवे द्वारा देश की सेवा करने का मौका दिए जाने के लिए सदैव भारतीय रेलवे परिवार की आभारी रहूंगी।

# कन्नौज में 90 साल की बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म

**तिर्वा कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। 25 साल के युवक ने करीब 90 साल की बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म की घटना कर सनसनी फैला दी। थाने पहुंची महिला ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र के एक गांव में करीब 90 वर्ष की बुजुर्ग महिला को थाना क्षेत्र के रुपेकापुर्वा गांव निवासी सतीश ने गांव के बाहर झाड़ियों में खींचकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और भाग गया। परिजनों के साथ थाने पहुंची बुजुर्ग महिला ने पुलिस को आपबीती बताई। घटना सुनकर पुलिस के रोंगटे खड़े हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी को गांव के बाहर पकड़ लिया।

● पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किया दो आरोपी को गिरफ्तार

# एग्जिट पोल को नियंत्रित करने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एग्जिट पोल को नियंत्रित करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इसे राजनीतिक हित याचिका करार देते हुए कहा कि देश में शासन चलने दें और चुनाव की गाथा को बंद करें।

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने बीएल जैन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सरकार चुनी जा चुकी है। अब चुनाव के दौरान क्या होता है, इसकी गाथा बंद करें और अब देश में शासन शुरू करें। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग इस मुद्दे को संभालने में सक्षम है और वह चुनाव आयोग को नहीं चला सकता।



● प्रधान न्यायाधीश बोले- अब चुनाव की गाथा को बंद करें

बीएल जैन ने जनहित याचिका में कई चुनाव-सर्वेक्षण एजेंसियों और समाचार चैनलों को पक्षकार बनाया था। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मीडिया घरानों और उनकी सहयोगी कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग की थी।

# मणिपुरः पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर रॉकेट से हमला, बुजुर्ग की मौत

**इंफाल।** बिष्णुपुर जिले के रिहाइशी इलाके मोइरांग में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध उग्रवादियों के रॉकेट हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में यह रॉकेट गिरा। शुक्रवार को जिले में दागा गया यह दूसरा रॉकेट है। एक अधिकारी ने कहा कि बम फटने के समय बुजुर्ग व्यक्ति परिसर में कुछ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी कर रहा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट में 13 वर्षीय लड़की सहित पांच अन्य घायल हो गए। यह रॉकेट आईएनए मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर एक स्थान पर गिरा।

# जल संचय केवल एक पॉलिसी नहीं, एक प्रयास भी : मोदी

## प्रधानमंत्री ने गुजरात से की जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत

सूरत, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत की। वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह बेहद अहम पहल है, जिसकी गुजरात की धरती से शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि जल-संचय केवल एक पॉलिसी नहीं है। यह एक प्रयास भी है, और यूं कहें तो ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी।

मोदी ने इस अवसर पर कहा कि आज गुजरात की धरती से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा एक अहम अभियान का शुभारंभ हो रहा है। उसके पूर्व पिछले दिनों देश के हर कोने में जो वर्षा का तांडव हुआ, देश का शायद ही कोई इलाका होगा, जिसे इस मुसीबत से संकट को झेलना न पड़ा हो। मैं कई वर्षों तक गुजरात का मुख्यमंत्री रहा, लेकिन एक साथ इतने सभी तहसीलों में इतनी तेज बारिश मैंने कभी ना सुना था, ना देखा था। लेकिन इस बार गुजरात में बहुत बड़ा संकट आया। सारी व्यवस्थाओं की ताकत नहीं थी कि प्रकृति के इस प्रकोप के सामने हम टिक पाएं। लेकिन गुजरात के लोगों का अपना एक स्वभाव है, देशवासियों का स्वभाव है, सामर्थ्य है कि संकट की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर हर कोई हर किसी की मदद करता है। आज भी देश के कई भाग ऐसे हैं, जो भारी वर्षा के कारण परेशानियों से गुजर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आंकलन करेंगी, तो पानी के प्रति हमारा रवैया, ये शायद उनका पहला पैरामीटर होगा, क्योंकि ये केवल संसाधनों का प्रश्न नहीं है। ये प्रश्न जीवन का है, ये प्रश्न मानवता के भविष्य का है। इसीलिए हमने सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए जिन नौ संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल-संरक्षण पहला संकल्प है।



### जल जीवन मिशन से रोकी जा सकेगी 1.25 लाख बच्चों की असमय मौत

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन से 1.25 लाख से ज्यादा बच्चों की असमय मौत भी रोकी जा सकेगी। हम हर साल 4 लाख से ज्यादा लोगों को डायरिया जैसी बीमारियों से भी बचा पाएंगे यानी बीमारियों पर लोगों का जो खर्च होता था, वह भी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले देश के तीन करोड़ परिवारों को ही पाइपों के जरिए पानी की सप्लाई हो रही थी। आज देश में 15 करोड़ से ज्यादा परिवारों को यह सुविधा मिल रही है। जल जीवन मिशन के जरिए देश के 75 फीसदी परिवारों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पाइपों के जरिए घर-घर पानी पहुंचने से साढ़े पांच करोड़ घंटे बचेंगे और इस समय में हमारी बहन-बेटियां देश की अर्थव्यवस्था में सीधे योगदान देंगी।

# ट्रांसपोर्ट नगर में कारोबार पस्त, ट्रांसपोर्टर त्रस्त

## सड़कें ऊबड़-खाबड़, भरा रहता है पानी, पार्किंग नहीं होने से सड़कों पर खड़े रहते हजारों ट्रक, बाहर के कारोबारी आने से बचते





ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग नहीं होने से सड़कों पर लगा ट्रकों का जमावड़ा। क्षेत्र की सड़कें खराब हैं और उनमें पानी भरा रहता है। अमृत विचार

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वैसे तो कानपुर को स्मार्ट सिटी बनाने के बड़े बड़े दावे किये जा रहे हैं लेकिन ये दावे देश के सबसे बड़े कारोबारी क्षेत्र ट्रांसपोर्ट नगर में मात्र ख्वाब बनकर रह गये हैं। अव्यवस्थाओं और अफसरों की अनदेखी के चलते हजारों ट्रांसपोर्टर्स करोड़ों रुपये टैक्स देने के बाद भी यहां मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर में लगभग पांच हजार ट्रांसपोर्टर हैं। ट्रांसपोर्ट नगर के कारोबारियों से सरकार हर साल करीब 150 करोड़ रुपये विभिन्न टैक्स के रूप में वसूलती है लेकिन सुविधा के नाम पर ट्रांसपोर्ट नगर शून्य है।

यहां वाहनों के लिए कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं है जिससे हजारों ट्रक सड़क पर ही खड़े रहने को मजबूर हैं। ये ट्रक सड़क पर ही खड़े रहते हैं और गोदाम में माल उतारते हैं।

जब तक ट्रक से माल उतर नहीं जाता, ट्रक वहीं खड़ा रहता है जिससे जाम लगता है।

यही कारण है कि ज्यादातर लोग ट्रांसपोर्ट नगर के अंदर की सड़कों से निकलने से बचते हैं। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों पर हमेशा जलभराव रहता है जिससे ट्रांसपोर्टर्स परेशान रहते हैं। कोई सफाई कर्मी भी नहीं है जिससे पूरा क्षेत्र बजबजाता रहता है।

### पेयजल-प्रसाधन तक नहीं

- ट्रांसपोर्ट नगर में पूरे देश के ट्रक चालक, परिचालक, पल्लेदार, ट्रांसपोर्ट कर्मी, ट्रांसपोर्टर्स हर समय रहते हैं। इनकी संख्या 20 हजार से कम नहीं होगी लेकिन पेयजल की कोई सुविधा नहीं है और न ही कहीं प्रसाधन है जिससे सबसे ज्यादा परेशान पल्लेदारों को हो रही है।

### 8 करोड़ की सड़क जलभराव की भेंट चढ़ी



वर्ष 2012 में तत्कालीन मंत्री नकुल दुबे से मिलकर ट्रांसपोर्ट नगर की खस्ताहाल सड़क को बनवाने की मंजूरी लाये थे। ये सड़क 8 करोड़ की लागत से बनी थी लेकिन ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के कारण सड़क पर जलभराव हो रहा है। जिस सड़क को 2036 तक खराब नहीं होना था, वह सड़क 10 साल में ही टूट गई।

**श्याम शुक्ला, संरक्षक, यूपी युवा ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन**




ट्रांसपोर्ट नगर में हमेशा जलभराव रहता है जिससे कई सड़कों पर चलना दूभर है। गोदामों में जलभराव होने से करोड़ों का माल भीग जाता है जिससे नुकसान होता है। सालों से कोई सुनने वाला नहीं है।

**गया प्रसाद गुप्ता**



कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से हजारों ट्रक सड़कों पर खड़े रहते हैं जिससे भीषण जाम लगता है। कई कई घंटे लोग जाम में फंसे रहते हैं। ऐसे में बाहर से आने वाले कारोबारी आने से कतराते हैं।

**राकेश कुमार जैन**



प्रशासन ट्रांसपोर्ट नगर की अनदेखी कर रहा है, जिससे सारी दिक्कत है जबकि करोड़ों रुपये का राजस्व केवल ट्रांसपोर्ट नगर से जाता है। सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। कई बार अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया।

**राकेश कपूर**



कई जर्जर सड़कों पर तो लोडर पलट जाते हैं। पेट्रोल पंप के बगल से अंदर की सड़क का हाल तो तालाब से भी बदतर है। यहां के ट्रांसपोर्टर्स नरक जैसी जिंदगी गुजारने पर मजबूर हैं। बारिश में यहां घुटनों तक पानी भर जाता है।

**राज कुमार तारन**



ट्रांसपोर्ट नगर प्रदेश ही नहीं, देशभर में ट्रांसपोर्ट के कारोबार के लिए जाना जाता है। पूरे देश से माल आता-जाता है। बाकरकंज चौराहा हो या जूही नहरिया का रास्ता, ट्रांसपोर्ट नगर में घुसते ही यहां की दुर्दशा कारोबारियों को दिखाई देने लगती है। शहर का छवि भी धूमिल हो रही है।

**विनोद शुक्ला**

# निलंबित कर्मचारियों की बहाली पर अब सख्ती

रोडवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब बहाल करने के लिए परिवहन निगम से लेनी होगी अनुमति
- अभी क्षेत्रीय स्तर पर कर दिया जाता है बहाल



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में निलंबन के खेल पर परिवहन अधिकारियों ने विराम लगा दिया है। किसी भी निलंबित परिवहन कर्मी को बहाल करने के लिए अब परिवहन मुख्यालय से इजाजत लेना होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर एवं अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने 3 सितंबर 2024 को उत्तर प्रदेश के सभी मुख्य प्रधान प्रबंधक, प्रधान प्रबंधक, केंद्रीय कार्यशाला, क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं प्रदेश से सभी परिक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि निगम में कार्यरत कार्मिकों के विरुद्ध कतिपय अति गंभीर प्रकरणों में जैसे डीजल क्षति, रिश्वत लिये जाने विषयक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा की गई कार्रवाई के प्रकरण, महिला उत्पीड़न एवं अधिकारियों/ उप अधिकारियों से अभद्र व्यवहार आदि अति गंभीर प्रकरणों में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा संबंधित कार्मिकों को निलंबित करके अनुशासनिक कार्रवाई की जाती है। प्रबंध निदेशक ने अपने पत्र में कहा है कि ऐसा संज्ञान में आया है कि कतिपय अति गंभीर प्रकरणों में निलंबित कार्मिक को अल्प समय में अनन्तिम रूप से बहाल कर दिया जाता है। अब अति गंभीर प्रकरणों में निलंबित किये गये कार्मिकों को मुख्यालय से अनुमति प्राप्त किये जाने के उपरांत ही सेवा में अनन्तिम रूप से बहाल किया जायेगा। इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाये।

# मोबाइल पर पोर्टल नहीं चलने से युवा परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवायोजन विभाग जल्दी ही रोजगार संगम पोर्टल का जारी करेगा एप भी

**अमृत विचार।** रोजगार संगम पोर्टल लड़खड़ा गया है। इससे पोर्टल पर युवाओं के पंजीकरण की रफ्तार धीमी है। युवाओं की शिकायत है कि वह मोबाइल फोन से पंजीकरण नहीं कर पा रहे हैं। इसकी वजह दस्तावेजों का डाउनलोड न होना है।

युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार संगम पोर्टल शुरू किया गया है। इस पर शिक्षण व तकनीकी संस्थानों के छात्र-छात्राएं पंजीकरण करते हैं। पंजीकृत आवेदकों का प्रोफाइल देखकर नियोक्ता सीधे रोजगार का अवसर प्रदान कर सकता है। पोर्टल पर ऑनलाइन काउंसिलिंग और करियर काउंसिलिंग की भी सुविधा है। फिलहाल पोर्टल पर 131 संस्थानों से 5338 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। इसी तरह 1394 युवा ऐसे हैं जिन्होंने सीधे पोर्टल पर पंजीकरण करा दिया है।

पोर्टल पर पंजीकरण के समय दस्तावेज अपलोड नहीं होने के संबंध में सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया तकनीक कारणों से मोबाइल से आवेदन में समस्या आ रही है। कंप्यूटर पर पोर्टल तेज रफ्तार में चल रहा है। प्रयास हैं कि जल्द ही मोबाइल पर भी बेहतर सुविधा मिले। रोजगार संगम पोर्टल एप पर जल्दी ही उपलब्ध होगा।

# स्कूलों, थानों, मंदिरों में चलेगा मॉपअप राउंड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फाइलेरिया से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग मॉप अप राउंड चलाएगा। मॉप अप राउंड में स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूल, थानों, मंदिरों व भीड़भाड़ वाली जगहों पर कैंप लगाएगी क्योंकि कानपुर नगर और कानपुर देहात में तय लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। इसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर-बॉर्न रोग नियंत्रण की निदेशक डॉ.तनु जैन को दोनों जिले में निरीक्षण के दौरान प्राप्त हुई।

नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर-बॉर्न रोग नियंत्रण (एनसीवीबीडीसी) की निदेशक डॉ.तनु जैन ने विशेषज्ञों के साथ कानपुर देहात और कानपुर नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों जिलों के कई क्षेत्रों में जाकर लोगों से फाइलेरिया से बचाव के लिए चले सर्वजन दवा सेवन अभियान की जानकारी की। ग्वालटोली और सरसौल में भी लोगों से अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला और विशेषज्ञों के साथ फाइलेरिया की रोकथाम व इलाज पर चर्चा भी की। निदेशक डॉ.तनु जैन ने कहा कि 90 प्रतिशत पात्र लोगों के लिए दवा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। दोनों ही जिलों के सीएमओ व जिला मलेरिया अधिकारी से फाइलेरिया अभियान का मॉप-अप राउंड चलाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया के संबंध में जानकारी दी। उनके साथ में एसीएमओ डॉ.आरपी मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह समेत आदि अधिकारी मौजूद रहे।



लोगों से फाइलेरिया अभियान की जानकारी करतीं एनसीवीबीडीसी की निदेशक डॉ.तनु जैन। अमृत विचार

- नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर-बॉर्न रोग नियंत्रण की निदेशक ने किया निरीक्षण

### स्वास्थ्य विभाग का दावा, 6.52 करोड़ लोग खा चुके दवा

- उत्तर प्रदेश के 27 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन अभियान का संचालन अत्यधिक फाइलेरिया प्रभावित 340 ब्लॉकों में आयोजित किया गया। अभियान की शुरुआत 10 अगस्त से की गई। अभियान के दौरान 6.70 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया था। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि टीमों ने 6.52 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

# आत्महत्या कर रहे युवक को बचाया

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के शिवकटरा इलाके में एक युवक घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहा था। तभी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को बचाया और उसे कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर युवक को भर्ती करके उपचार चल रहा है।

शिवकटरा निवासी सुनीता देवी का 22 वर्षीय बेटा पवन बुधवार की रात को घर में किसी बात से नाराज होकर कमरे में चला गया था। फिर साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने लगा। तभी मां सुनीता ने देखा तो तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे की कुंडी तोड़ी और उसे नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

### सूचना

अभियुक्त मो0 जैद पुत्र मो0 असलम निवासी चफरी अटरामपुर थाना नवाबगंज, प्रयागराज के विरुद्ध थाना गुरुबक्सगंज पर मु0अ0सं0 505/23 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत है। जो लगातार फरार चल रहा है व अपनी उपस्थिति छुपाये हुए है और ना ही मा0 न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो रहा है। अभियुक्त के विरुद्ध (NBW) व धारा 82 द0प्र0स0 की उदघोषणा मा0 न्यायालय द्वारा की जा चुकी है जिसकी तामीला दिनांक 01.09.2024 को किया जा चुका है। अभियुक्त मो0 जैद उपरोक्त के मा0 न्यायालय के समक्ष हाजिर होने की तारीख 26.09.2024 नियत है। अभियुक्त मो0 जैद उपरोक्त यदि दिनांक 26.09.2024 तक मा0 न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं होगा तो नियमानुसार धारा 83 द0प्र0स0 (कुर्की) की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**देवेन्द्र सिंह भदौरिया**
थानाध्यक्ष
थाना खीरों, जनपद– रायबरेली

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित हो कि मैं **शैलेन्द्र कुमार यादव पुत्र गौरीशंकर यादव, निवासी– ग्राम साखूपारा (भामा) पोस्ट–सरियावां रानीबाजार जनपद–अयोध्या,** मेरी जीवन बीमा पालिसी 4–5 वर्ष की अवस्था में की गयी थी। उस समय मेरा नाम कृष्ण कुमार यादव पुत्र गौरीशंकर यादव था। लेकिन विद्यालय तथा अन्य अभिलेखो में शैलेन्द्र कुमार यादव हो गया। अतः मेरी जीवन बीमा पालिसी में मेरा नाम कृष्ण कुमार यादव के स्थान पर शैलेन्द्र कुमार यादव संशोधित कर अंकित किया जाय। मुझे शैलेन्द्र कुमार यादव पुत्र गौरीशंकर यादव है के नाम से जाना पहचाना जाता है।

### सूचना

मैं **रामचन्द्र यादव पुत्र सुंदर लाल व निर्मला यादव पत्नी रामचन्द्र यादव निवासीगण ग्राम भुजिहा मजरे पोखरनी थाना महराजगंज रायबरेली** का निवासी हूं। मै अपने पुत्र सतीश यादव व पुत्रवधु श्रीमती अनीता उर्फ पिंकी पत्नी सतीश यादव का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों की मेरी कोई जिम्मेवारी नही है।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **हरिओम सिंह पुत्र रामचेत सिंह, निवासी–ग्राम खोजापुर उप्ती, पोस्ट जमालपुर जजरही, तहसील जयसिंहपुर, जिला सुल्तानपुर,** मैं10525716के0 हवलदार हरिओम सिंह 153 इन्फेन्ट्री बटालियन टी0ए0 डोंगरा में हवलदार के पद पर तैनात रहा हूं मेरी माता का सही नाम मूल दस्तावेजों के अनुसार शोभावती सिंह है परन्तु शीट रोल व पी0पी0ओ0 में गलत नाम शोभावती देवी अंकित हो गया है। मेरी माता का सही नाम मूल दस्तावेजों के अनुसार शोभावती सिंह है जिसको शीट रोल व पी0पी0ओ0 में अंकित किया जाय। जिससे माता का ई0सी0एच0 कार्ड बनवाया जा सके।

### सूचना

मैं अजित कुमार द्विवेदी सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र अभिराम द्विवेदी का नाम विद्यालय रिकार्ड में तत्सत द्विवेदी दर्ज हो गया है। जो उसके घर पर बुलाने का नाम है। उसका वास्तविक व रिकार्ड में दर्ज नाम अभिराम द्विवेदी (ABHIRAM DWIVEDI) है। उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **पता: 1176, गोलाघाट, सि.ला.नं.2 सुलतानपुर।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **सतीश कुमार पुत्र सुधर लाल, निवासी– एल0 99 आर0डी0ए0 कालोनी इन्दिरा नगर, रायबरेली उत्तर प्रदेश,** मेरा एक किता प्लाट स्थित– ग्राम बड़ेल, बाहर सीमा मोहल्ला उज्जवल नगर, परगना व तहसील नवाबगंज, जनपद बाराबंकी में है। उक्त प्लाट के शपथकर्ता ने पूर्व क्रेता का बैनामा दिनांक 30.07.2014 जिसका बही सख्या 1 जिल्द संख्या 7895 पृष्ठ संख्या 75 से 106 क्रमांक 13754 पर पंजीकृत है। उक्त बैनामे की मूल प्रति रजिस्ट्री / बैनामा की मूल प्रति वास्तव में खो गयी है। जिसका कोई दूसरा व्यक्ति दुरुपयोग न करें अन्यथा वह अवैध होगा।

एक नजर

### वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



**कानपुर।** शिवराजपुर थानाक्षेत्र के उत्तरीपुरा रेलवे क्रासिंग के पास गुरुवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत हो गई। शिवराजपुर, जिहुरामऊ गांव निवासी संतराम ने बताया कि उनकी चाची शकुंतला (70) पति हरीलाल की मौत के बाद से अकेली रहती थीं। बेटा उमेश दिल्ली स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत है। संतराम के मुताबिक चाची मानसिक बीमारी से ग्रस्त थीं। गुरुवार दोपहर घर से बिना बताए निकल गई थीं। करीब ढाई किलोमीटर दूर उत्तरीपुरा क्रासिंग के पास उनके ट्रेन के चपेट में आने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उनका शव मिला।

# वक्फ संशोधन बिल का नमाजियों ने किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मस्जिदों के इमाम से अपील की थी कि वे जुमा की नमाज के पहले वक्फ क्या है, उसकी कैसे हिफाजत की जाये, कौन कौन से कागजात तैयार रखना है, पूरा ब्यौरा नमाजियों को दें। एक क्यूआर कोड भी जारी किया था कि वक्फ संशोधन बिल का विरोध इस क्यूआर कोड के जरिये करें।

जुमा की नमाज के बाद हजारों की संख्या में मुसलमानों ने क्यूआर कोड के जरिये वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया। ये विरोध के स्वर बोर्ड जेपीसी तक ले जाना चाहता है।

बोर्ड ने आरोप लगाया है कि मुसलमानों की जमीन को सरकार हड़पने की साजिश कर रही है। इस बिल को जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को भेजा गया है और ये समिति लोगों से इसपर राय मशविरा कर रही है।

लिहाजा मुसलमानों को चाहिये कि इस बिल का ज्यादा से ज्यादा विरोध करें ताकि जेपीसी तक उनका विरोध पहुंच जाये और इस बिल को पास होने से रोका जा सके। कहा है कि अपनी दीनी, ईमानी, शरई और व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझते हुए अपनी राय अवश्य भेजें।

# सीरते सहाबा की शिक्षाएं अपनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरकाजी हाफिज कारी मामूर अहमद जामई ने मुसलमानों से कहा है कि सीरते सहाबा की तालीमात (शिक्षा) को अगर हम सब अपनी जिंदगी में अपना लें तो जिंदगी बहुत खुशगवार हो सकती है।

जुमा की नमाज के बाद अंजुमन फरोग सुन्नत की शहरकाजी हाफिज, कारी मामूर अहमद जामई की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें बड़ी संख्या में उलेमा ने शिरकत की। सर्वसम्मति से तय हुआ कि परेड ग्राउंड पर दो दिवसीय जलसा 7 दिसंबर से होगा। उन्होंने बताया कि परेड ग्राउंड पर पिछले 46 वर्षों से सीरते सहाबा जलसा हो रहा है और इस बार भी 7 व 8 दिसंबर 2024 को जलसा होगा। कारी मुहम्मद गजाली खान ने कुरआन पाक की तिलावत की। मौलाना मुख्तार अहसन जामई ने अमन-ओ-अमान की दुआ कराई। अंजुमन के महासचिव मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी, सचिव मुफ्ती अब्दुर्रशीद कासमी, मौलाना मुख्तार अहसन जामई, जमीयत उलेमा प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह कासमी, मौलाना मुहम्मद अनीस खां कासमी, मौलाना मुहम्मद इनामुल्लाह कासमी रहे।



सीरते सहाबा जलसे की तैयारियों को लेकर बैठक करते उलमा। अमृत विचार

- परेड ग्राउंड पर दो दिवसीय जलसा 7 दिसंबर से

लापरवाही — बिनगवां एसटीपी तथा शीतला बाजार व वाजिदपुर नाले से बहाया जा रहा अशोधित उत्प्रवाह

# गंगा और पांडु नदी में गिरता मिला सीवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा में जहां नालों का पानी सीधे गिराया जा रहा है, वहीं पांडु नदी में बिनगवां एसटीपी से अशोधित पानी बहाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित होने पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) टीम मौके पर पहुंची तो मामला सही निकला। यूपीपीसीबी ने जलनिगम, नगर निगम को इस लापरवाही की जानकारी देने के साथ एसटीपी का संचालन कर रही कंपनी को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

जाजमऊ स्थित शीतला बाजार एवं वाजिदपुर नाले से अनुपचारित सीवेज सीधे गंगा नदी में निस्तारित हो रहा है। फेसबुक यूजर पंकज कुमार ने सोशल मीडिया पर इसके कुछ वीडियो पोस्ट किए। उन्होंने बिनगंवा में संचालित 210 एमएलडी एसटीपी से अशोधित पानी पांडु नदी में गिराए जाने का वीडियो भी डाला। इसका संज्ञान लेते हुए यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो दोनों शिकायतें सही निकलीं। जाजमऊ के शीतला बाजार एवं वाजिदपुर नाले से अशोधित सीवेज गंगा नदी में गिरता पाया। उधर, बिनगंवा में 210 एमएलडी एसटीपी का निरीक्षण करने पर मेन पम्पिंग स्टेशन में स्थापित 12 में से केवल 3 पंप ही चलते मिले। एसटीपी के आउटलेट से निस्तारित होने वाले शोधित उत्प्रवाह को पांडू नदी में छोड़ने वाला ड्रेन भी क्षतिग्रत मिला। यहां बड़ी मात्रा में गंदगी भी फैली थी। इसे लेकर एसटीपी का संचालन करने वाली कंपनी केआरएमपीएल को नोटिस दी गई है, जबकि जलनिगम को पत्र लिखकर सीवेज पम्पिंग स्टेशनों का संचालन सुचारू किए जाने के निर्देश देते हुए लापरवाही पर जवाब मांगा गया है।




डबकेश्वर घाट जाजमऊ में गंगा में जाता अशोधित पानी। अमृत विचार

- सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर की गई अराजकता की शिकायत

# कांग्रेस के पर्यवेक्षक किशोरी लाल कल मिलेंगे टिकट के दावेदारों से

**कानपुर।** अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा रविवार को कानपुर आएंगे। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। वह सीसामऊ सीट से पार्टी टिकट के दावेदारों के साथ अलग-अलग बात करेंगे। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री समेत 7 नेता टिकट के दावेदार हैं।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने प्रदेश की 10 में से जिन 5 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव हाईकमान को भेजा है, उसमें सीसामऊ भी है। यहां सीट पहले सुरक्षित थी। कांग्रेस की कमला दरियाबादी ने 1980 में जनता पार्टी से सीट छीनी थी। वह दो बार एमएलए रहीं। उनके पुत्र संजीव दरियाबादी भी यहां से दो बार एमएलए रह चुके हैं। नौशाद के अनुसार सीसामऊ में कांग्रेस की तैयारी पूरी है। अंतिम निर्णय हाईकमान को लेना है।



किशोरी लाल शर्मा।

## कानपुर नगर निगम

### निविदा सूचना

### निविदा संख्या–19/मु0अगि0/2024–25

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या 107 दिनांक– 18.09.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें कानपुर नगर निगम की वेबसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

Ro No.87 दिनांक: 06.09.2024

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

**आज का मौसम**
गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

| 33.4° अधिकतम तापमान | 25.5° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 51 | सूर्यास्त 06 : 22 |

**शहर में आज**

- **सेमिनार :** मर्चेंट चैंबर ऑफ यूपी की ओर से एआई पर सेमिनार, मर्चेंट चैंबर सभागार सिविल लाइंस शाम 4 बजे।
- **कैंप :** भाजपा नेता और पूर्व विधायक की ओर से सदस्यता अभियान कैंप, गोविंद नगर कैंप कार्यालय, सुबह 11.30 बजे।
- **लोकार्पण :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा लोकार्पण, मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल रावतपुर में सुबह 10 बजे।
- **बैठक :** सपा ग्रामीण की मासिक बैठक, नवीन मार्केट कार्यालय सुबह 11 बजे।
- **समारोह :** एनएलके ग्रुप स्कूल का शिक्षक सम्मान समारोह लाजपत भवन शाम 5.30 बजे।
- **जनसंपर्क :** महापौर प्रमिला पांडेय द्वारा बूथ नंबर 28 में हर घर जनसंपर्क अभियान, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी से, सुबह 10 बजे।
- **पदयात्रा :** गंगा समग्र सेवा समिति की पदयात्रा बैराज से 12 बजे।

# नजीराबाद रोड काकोरी कांड के क्रांतिकारियों के नाम पर

❍ सड़क का नामकरण विजय सिन्हा और राजकुमार सिन्हा के नाम पर ❍ कोकाकोला चौराहा गुरु 'गुरु टेऊं राम' के नाम से जाना जाएगा

**नगर निगम**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोकाकोला चौराहा अब सिंधी समाज के गुरु साईं टेऊंराम के नाम से जाना जायेगा। नजीराबाद थाने के सामने वाली सड़क को काकोरी कांड में जेल गये शहर के नायकों विजय सिन्हा और राजकुमार सिन्हा के नाम से कर दिया गया है। नगर निगम में अब 1 लाख रुपये से अधिक के कार्यों के लिये भी ई-निविदा आमंत्रित होगी। अभी तक मैनुअल तरीके से भी कार्यों के टेंडर हो जाते थे। जिसमें गड़बड़ी की आशंका होती थी। शुक्रवार को नगर निगम सदन की नई कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्तुत किये गये अधिकतर प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। कुछ प्रस्तावों को छोड़कर कार्यकारिणी ने अधिकतर नामकरण के प्रस्ताव ही पास किये।

नगर निगम समिति कक्ष में शुक्रवार दोपहर 12 बजे शुरू हुई बैठक में सबसे पहले कार्यकारिणी के उप सभापति का चुनाव हुआ। इस दौरान वार्ड 78 सिविल लाइंस के पार्षद यशपाल सिंह को कार्यकारिणी का उप सभापति चुन लिया गया। महापौर व सभापति प्रमिला पांडेय की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी बैठक में 11 प्रस्तावों पर विचार शुरू हुआ। कार्यकारिणी समिति की बैठक में पद्मश्री गिरिराज किशोर के नाम पर सूटरगंज की सड़क के प्रस्ताव को पास कर दिया गया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नाई ने प्रस्ताव दिया था। इसके साथ ही स्वर्गीय सुनील ब्रम्हचारी के नाम पर बर्रा गांव मोड़ से गुलाब गार्डेन तक की सड़क, पूर्व पार्षद स्व. अनूप शुक्ला के नाम पर बसन्त विहार नौबस्ता स्थित उनके घर के पास पार्क का नाम करने को हरी झंडी दी गई। भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने कोकाकोला चौराहे का नाम सिंधियों के गुरु साईं टेऊंराम के नाम पर करने का प्रस्ताव दिया जिसपर सहमति जताई गई। इसी तरह कार्यकारिणी ने स्व. डॉ. संकठा प्रसाद पाण्डेय के घर के सामने स्थित सड़क, नानाराव पार्क स्थित महोत्सव स्थल का नाम श्री श्याम महोत्सव स्थल करने का प्रस्ताव पास कर दिया।


नगर निगम की नई कार्यकारिणी बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

● नगर निगम सदन की नई कार्यकारिणी बैठक में पेश 11 प्रस्तावों में 10 सर्वसम्मति से पास

### सीएसआर फंड से बनेगी बारातशाला

नगर निगम उत्तर प्रदेश का पहला नगर निगम बना है जहां सीएसआर फंड के माध्यम से एक सामुदायिक केंद्र एवं बारातशाला का निर्माण कराया जाएगा। महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि जेसीआई इंड्रस्ट्रियल की तरफ से 2 करोड़ रुपये कानपुर नगर निगम को दिए जाएंगे। महापौर के मुताबिक सामुदायिक केंद्र और बारातशाला का निर्माण वार्ड 15 में कराया जाएगा। इस सामुदायिक केंद्र और बारातशाला का नाम केआईजेसी मंगलभवन रखने का निर्णय लिया गया है।

### जांच के बाद ही रिंग रोड के लिये जमीन देगा नगर निगम

- चकेरी और कुलगांव में नगर निगम की जमीन है। इस जमीन पर रिंग रोड प्रस्तावित है। नगर निगम संपत्ति विभाग ने जमीन को देने के लिये कार्यकारिणी के सामने प्रस्ताव रखा था। नगर निगम ने रिंग रोड पर जाने वाले क्षेत्रफल का मूल्यांकन 82 लाख 82 हजार 232 रुपये आंका है। महापौर ने बताया कि प्रस्ताव पर विचार हुआ लेकिन अभी इसे पास नहीं किया गया हैं। हम मौजूद डीएम सर्किल रेट पर ही जमीन देंगे। इसके लिये जांच कराई जा रही है। अभी प्रस्ताव को होल्ड कर लिया गया है।

### स्मार्ट सिटी से नहीं वसूला जायेगा किराया

- वार्ड-32 के पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य आकर्ष बब्लू बाजपेई ने प्रस्ताव लगाया था कि नगर निगम मुख्यालय में संचालित हो रहे स्मार्ट सिटी के कार्यालय से किराया वसूला जाये। बैठक में महापौर ने कहा कि आज तक पैसा नहीं लिया गया है। 2025 तक ही स्मार्ट सिटी मिशन प्रथम चरण का कार्यकाल है। अब पैसा लेने का कोई मतलब नहीं है। अगर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत द्वितीय चरण आयेगा तो किराया लेने पर विचार किया जायेगा।

### कन्वेंशन सेंटर के लिये कमेटी गठित

चुन्नीगंज में वर्कशॉप की जमीन पर बन रहे कन्वेंशन सेंटर को नगर निगम को ट्रांसफर करने के साथ ही कमेटी बनाकर अनुभवी विशेषज्ञों की देखरेख में चलाया जायेगा। वार्ड-15 के पार्षद सौरभ देव की ओर से पेश प्रस्ताव को कार्यकारिणी ने पास कर दिया। पार्षद आरती विजय गौतम ने कहा कि साकेत नगर में वेंडी स्कूल के बगल में नगर निगम की जमीन है। इसपर कब्जे हो रहे हैं। नगर निगम अगर यहां दुकानों को बना दे तो राजस्व में बढ़ोतरी होगी। महापौर ने कहा कि यह प्रस्ताव बहुत अच्छा है। जलकल में नई लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भी पास कर दिया गया। महाप्रबंधक को नई लिफ्ट लगाने के लिये 19.11 लाख रुपये का एस्टीमेट मिला है।

### बैठक में यह लोग रहे

- कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र द्विवेदी, दीपक शर्मा, आरती गौतम, योगेंद्र शर्मा, यशपाल सिंह, पवन पांडेय, धीरेंद्र सोनकर, अभिषेक गुप्ता मोनू, मंजू पाल, आकर्ष बाजपेई, फैजान रहमान, लियाकत अली के साथ नगर आयुक्त सुधीर कुमार समेत अन्य नगर निगम जलकल और जलनिगम के अधिकारी रहे।

### 1 लाख रुपये से अधिक कार्य की होगी ई-निविदा

- पार्षद मंजू पाल, वीरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, शुभम वर्मा, आनंद शुक्ला, अरुण गर्ग समेत कई पार्षदों ने एक लाख से ऊपर के कार्य को ई-निविदा के तहत कराये जाने का प्रस्ताव दिया। इस दौरान कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत कर दिया। अब 1 लाख रुपये से ऊपर के कार्यों के लिये भी ई-निविदा कराई जायेगी। अभी तक 10 लाख रुपये के कार्य मैनुअल टेंडर से करा लिये जाते हैं। जिसमें अनियमितता की खबरें रहती हैं।

### काकोरी कांड में हुई थी काला पानी की सजा

- काकोरी कांड में काला पानी की सजा भुगतने वाले शहर के विजय सिन्हा और राजकुमार सिन्हा के नाम पर नजीराबाद थाने वाली रोड का नाम रखने का प्रस्ताव दिया गया। विदेश से शहर आईं लेखिका सुषमा ने यह प्रस्ताव लगाया जिसपर कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से मुहर लगा दी।

## कथित मीडियाकर्मी पर रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कोतवाली थानाक्षेत्र की घटना, परिजनों पर भी आरोप

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थाना क्षेत्र निवासी युवक ने कथित मीडियाकर्मी, उसके दो भाइयों व महिलाओं के खिलाफ कोतवाली थाने में रंगदारी मांगने, मारपीट करने और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कलक्टरगंज थाना क्षेत्र निवासी सुमित गुप्ता ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले खुद को मीडियाकर्मी बताने वाले रूपेश अग्निहोत्री से नौबस्ता क्षेत्र में झगड़ा हुआ था। रूपेश ने उससे 5 हजार रुपये में समझौता किया था। उसने 2 हजार रुपये रूपेश को देकर बकाया बाद में देने की बात कही थी। सुमित के मुताबिक 5 अगस्त को रूपेश, उसके दो भाइयों व महिलाओं ने उसे घेर कर बकाया 3 हजार रुपये की मांग की।

फर्जी खबर चलाकर बदनाम करने की धमकी दी। विरोध करने पर रूपेश, उसके भाइयों व महिलाओं ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बीच बचाव करने पहुंचे साथी अधिवक्ताओ को भी आरोपियों ने पीट दिया। अधिवक्ता गौरव खंडेलवाल की चेन भी टूट कर गिर गई, जिसे रूपेश का भाई लेकर फरार हो गया। हमलावरों ने उनकी जेब से 400 रुपये लूट लिए। कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## आरोपियों के बैंक खातों की रिपोर्ट आयकर को दी जाएगी


**जमीन का जुर्म**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● किसके खाते में कितना रुपया, किसे दिया, किस मकसद से दिया इन बिंदुओं पर जांच होगी

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस की नजूल की जमीन कब्जाने के प्रयास के आरोपियों की पुलिस बैंक खातों की जानकारियों की रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे वह इनकम टैक्स विभाग को देगी। पुलिस आरोपियों के खातों में मौजूद रकम, आरोपियों ने कहां और किस मकसद से किसके खाते में रुपये भेजे है, इनकी जांच कर रही है।

सिविल लाइंस स्थित नजूल की जमीन कब्जाने के प्रयास में पुलिस प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, उसके साथी संदीप शुक्ला, विक्की चार्ल्स व राहुल वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जांच में मुख्य विवेचक के साथ 4 सह विवेचक लगाए गए हैं। पुलिस चार्जशीट के साथ ही मुकदमे में जुड़े सभी आरोपियों की बैंक खातों की अलग से रिपोर्ट तैयार कर रही है। पुलिस आरोपियों के खातों के ट्रांजेक्शन, ट्रांजेक्शन का उद्देश्य समेत अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। दूसरी ओर मामले से जुड़े आरोपी अधिवक्ता जितेंद्र शुक्ला की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित किया है।

### आरोपी को मिली अग्रिम जमानत

- अधिवक्ता सौरभ भदौरिया ने 1 अगस्त को नजीराबाद थाने में अवनीश दीक्षित, विपिन गुप्ता और कई अन्य के खिलाफ धमकाने और वसूली की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में यश मिश्रा, असलम राईनी, सलमान खान, निसार अहमद, विवेक पांडेय, अभिनव शुक्ला, रमन गुप्ता, इखलाख अहमद आदि भी आरोपी हैं। एक आरोपी यश की ओर से एडीजे-6 में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई। शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने यश की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली।

## 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा का आदेश

**कानपुर।** कर्नलगंज थाने में तलाक महल निवासी कपड़ा कारोबारी मो. सलीम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके खिलाफ 2023 में कर्नलगंज थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस को उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले थे। इसी दौरान उसके परिचित अनीश की रहमानी मार्केट स्थित दुकान में उसकी मुलाकात कमलेश फाइटर से हुई। कमलेश ने उन्हें डरा धमका कर 50 हजार रुपये ले लिए थे। इसके बाद कमलेश उनसे लगातार उगाही कर रहा था। इस मामले में गुरुवार को पुलिस ने कमलेश फाइटर को जेल से लाकर एसीजे तृतीय की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के निर्देश दिए।

## कमलेश की रिमांड लेकर 120 सवाल पूछेगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मोबाइल बरामद करने की कोशिश भी करेगी पुलिस

**अमृत विचार।** जबरन वसूली व रंगदारी समेत 6 मामलों में नामजद कमलेश फाइटर की पुलिस कस्टडी रिमांड की तैयारी नजीराबाद पुलिस कर रही है। पुलिस ने तकरीबन 120 सवालों की लिस्ट तैयार की है जो उससे पूछे जाएंगे। पुलिस का मुख्य टास्क कमलेश का मोबाइल बरामद करना है। इसके साथ ही पुलिस फरारी के दौरान उसके मददगारों की भी जानकारी हासिल करेगी।


कमलेश फाइटर।

पत्रकारिता के दम पर धमकाकर वसूली करने के आरोप में कमलेश फाइटर व उसके दो साथियों को पुलिस ने जेल भेजा है। उसके खिलाफ छह मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए। पुलिस के अनुसार कमलेश ने गिरफ्तारी से पहले अपना मोबाइल कहीं छिपा दिया था, जो काफी तलाश के बावजूद नहीं मिला है। पुलिस को उसके मोबाइल में कई सफेदपोशों और चर्चित लोगों के नाम होने की आशंका है। रिमांड पर लेकर उससे मोबाइल बरामदगी की भी कोशिश होगी।

## ग्रीनपार्क में इस बार नहीं लगेगा टेंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच के वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने शुक्रवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम का निरीक्षण कर मैच सफलता पूर्वक कराने का दम भरा। उन्होंने इस बार डी-चेयर्स में लगने वाला टेंट हटाने के निर्देश दिए और कहा कि यूपीसीए की तैयारी देखते हुए सी-गैलरी का कुछ हिस्सा इस्तेमाल किया जाएगा। यूपीसीए ने सी-गैलरी की दर्शक क्षमता का आकलन करने की जिम्मेदारी एचबीटीयू को दी है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन वर्ष पहले टेस्ट मैच का सफल आयोजन करा चुके डॉ. संजय कपूर को यूपीसीए ने इस बार भी वेन्यू डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने स्टेडियम में दर्शक दीर्घाओं व परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। खिलाड़ियों का ड्रेसिंग रूम देखा। इस दौरान डी-चेयर्स में लगने वाले टेंट इस बार हटाने का निर्देश दिया, क्योंकि उसके कारण पीछे बैठने वाले दर्शकों को मैच नहीं दिखता है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैच का सफल आयोजन होगा। निरीक्षण में यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी, नोडल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव, पिच क्यूरेटर शिवकुमार, केसीए अध्यक्ष एसएन सिंह रहे।

### स्कूली बच्चे मुफ्त देखेंगे मैच, टिकट बिक्री 10 दिन पहले

- पिछली बार की तरह इस बार भी यूपीसीए 27 सितंबर से होने वाले भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच शहर के स्कूली बच्चों को मुफ्त में दिखाएगा। डॉ. संजय कपूर ने कहा कि ग्रीनपार्क में भले ही अब स्टूडेंट गैलरी नहीं है, लेकिन हम स्कूली बच्चों को फ्री में मैच दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए प्रशासन से बात की जाएगी। टिकट बिक्री पर उन्होंने कहा कि मैच से 10 दिन पहले टिकट बेचना शुरू करेंगे।

### नए कैमरा स्टैंड लगाने शुरू किए

- बीसीसीआई की ब्राडकास्टिंग टीम ने बीते माह स्टेडियम का निरीक्षण यूपीसीए से जर्जर कैमरा स्टैंड बदलने व नए स्टैंड लगाने को कहा था। शुक्रवार को मैदान पर जर्जर स्टैंड हटाकर नए स्टैंड लगाने का काम शुरू हो गया। मैच के डिजिटल प्रसारण के लिए मीडिया सेंटर के नीचे पोटा केबिन बनाने की नापजोख कर काम शुरू किया गया है।

## फसल खराब होने पर किसान ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● ज्यादा बारिश होने से खराब हो गई बाजरे की फसल

**अमृत विचार।** 50 हजार कर्ज लेकर बोई बाजरे की फसल खराब होने से आहत किसान ने गुरुवार रात पेड़ से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सुबह खेत गए ग्रामीणों ने शव फंदे से लटकता देख परिजनों को सूचना दी।

सचेंडी थानाक्षेत्र के ढोढर गांव निवासी उमेश (63) खेती किसानी का काम करते थे। परिवार में पत्नी अनीता, पांच बेटे व एक बेटी है। बड़े बेटे राजन ने बताया कि पिता ने गांव के एक युवक से 50 हजार रुपये कर्ज लेकर करीब 20 बीघे में बाजरे की फसल बोई थी, जो ज्यादा बारिश के कारण खराब हो गई। जिसके बाद से पिता तनावग्रस्त थे। गुरुवार शाम पिता शराब पीकर घर आए और शाम 7 बजे खाना खाने के बाद टहलने की बात कह कर खेतों की ओर निकल गए। देर रात तक वापस न लौटने पर खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने देखा कि उनका शव खेत के पास स्थित नीम के पेड़ में लटका हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने घटना की जानकारी सचेंडी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

## गुजैनी पुल के नीचे ट्रेनें धीमी चलीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गुरुवार देर शाम पुल की रेलिंग तोड़कर गिरे ट्रक के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी ओएचई लाइन

**अमृत विचार।** झांसी रेलवे ट्रैक पर गुजैनी पुल की रेलिंग तोड़कर गिरे ट्रक के कारण क्षतिग्रस्त ओएचई लाइन गुरुवार देर रात दुरुस्त कर ट्रेन संचालन बहाल कर दिया गया था। शुक्रवार को रेलवे के विशेषज्ञों ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि ट्रैक पर किसी तरह की तकनीकी दिक्कत तो नहीं आई है। हालांकि अभी कॉशन लेकर ट्रेनों को निकाला जा रहा है।

गुरुवार शाम 7 बजे बर्रा से पनकी जा रहा तेज रफ्तार ट्रक गुजैनी पुल की रेलिंग तोड़कर 30 फुट ऊंचाई से कानपुर-झांसी रेल रूट की अप लाइन पर गिर गया था। इस हादसे में करीब 600 मीटर ओएचई लाइन टूट गई थी और अप लाइन पर ट्रेन संचालन ठप हो गया था। रेलवे अधिकारियों के अनुसार गुरुवार रात 12 बजे के बाद ओएचई लाइन ठीक कर ट्रैक का निरीक्षण किया गया। इसके बाद सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 20 किमी की गति से रवाना की गई। हादसे में ट्रक अप लाइन पर और पुल की रेलिंग डाउन लाइन पर गिरी थी, इसलिए रेलवे अधिकारियों व विशेषज्ञों ने शुक्रवार दोपहर ट्रैक का दोबारा निरीक्षण किया। झांसी मंडल के पीआरओ मनोज सिंह ने बताया कि ट्रैक तो गुरुवार रात ही ठीक कर दिया गया था, लेकिन रेलवे का निरीक्षण जारी रहेगा। इस घटनास्थल से 300 मीटर की दूरी पर बीती 16 अगस्त की रात वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस बेपटरी हो गई थी।


गुरुवार रात ट्रैक पर गिरे ट्रक को हटाया गया था।

**गणेश महोत्सव** सुबह 10.51 से दोपहर 1.21 बजे तक प्रतिमा स्थापना का शुभ मुहूर्त है

# आज घरों और पंडालों में विराजेंगे गणपति बप्पा, गूंजेंगे जयकारे


गणपति प्रतिमा को ले जातीं महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गणेश महोत्सव की तैयारियां शुक्रवार को शहर में जोरों पर रही। शनिवार से धूमधाम से महोत्सव मनाने के लिए इस बार पंडालों की संख्या भी ज्यादा है। शनिवार को शुभ मूहुर्त में पूजन के बाद विघ्नहर्ता पंडालों में विराजमान होंगे। शहर में महल व महाराजा की तर्ज पर बने बड़े पंडालों के लिए लोगों ने 15 फीट तक की मूर्तियां पंसद की हैं।

इसके अलावा घरों के लिए मिट्टी के बाल गणेश खूब भाए। शुक्रवार को मूर्तियां महोत्सव कमेटी के लोग गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाएं लेकर रवाना हुए।

महोत्सव कमेटी के सदस्यों की मांग पर अलग-अलग गणेश परिवार तैयार किए गए हैं। शुक्रवार साकेतनगर, बर्रा, गोल चौराहा से मूर्तियां लेकर कमेटी के सदस्य आतिशबाजी करते हुए पंडालों के लिए रवाना हुए। शहर में महलों की तर्ज पर बड़े-बड़े पंडाल सजाए जा रहे हैं। छोटे-छोटे गणपति भी लोगों ने घरों के लिए खूब पसंद किये। शहर में सिविल लाइन, खलासी लाइन, ग्वालटोली, नवाबगंज, विकासनगर, गोविंदनगर, किदईनगर, रतनलालनगर में भव्य पंडालों में विघ्नहर्ता विराजमान होंगे।

### मूर्ति स्थापना में रखें ध्यान

- ❍ गणपति की बैठी मुद्रा और बाईं ओर झुकी सूंड़ वाली मूर्ति को ज्यादा शुभ माना जाता है।
- ❍ मूर्ति लाते समय ध्यान रखें कि साथ में मूषक जरूर हो और उनके हाथ में मोदक भी हो।
- ❍ गणेश की सिंदूर के रंग की प्रतिमा घर में लाना उत्तम माना जाता है।
- ❍ विघ्नहर्ता को मोदक का भोग, दूर्वा और घी बेहद प्रिय हैं।

### भव्य होगा महाराष्ट्र मंडल का 101 वां महोत्सव

खलासी लाइन स्थित महाराष्ट्र मंडल इस बार अपना 101 सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव मना रहा है। कमेटी के शाला मंत्री सुभाष देव ने बताया कि इस बार गणेश मूर्ति ग्वालियर से आई है। महोत्सव के कार्यक्रम पक्के हॉल में होंगे। वहीं मूति विराजमान होगी। लगातार दस दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। महिलाओं व बच्चों के अलग-अलग कार्यक्रम हैं। फूलों की सजावट ज्यादा कराई गई है।

### शुभ संयोग में विराजेंगे गणपति

इस बार गणेश महोत्सव पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं। शनिवार को सुबह 10.51 से दोपहर 1.21 बजे तक विघ्नहर्ता की स्थापना शुभ मुहूर्त में होगी। मुहूर्त की यह अवधि 2.30 घंटे है। चित्रा व स्वाति नक्षत्र के युग्म संयोग और ब्रह्म योग में गणपति का पूजन होगा। 17 सितंबर को अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी को शतभिषा नक्षत्र का संयोग है। वास्तु शास्त्र के अनुसार गणेश की मूर्ति को घर के ईशान कोण, उत्तर-पूर्व दिशा में स्थापित करना चाहिए। स्थान उपलब्ध न हो तो मूर्ति को पूर्व, पश्चिम या उत्तर दिशा में भी स्थापित कर सकते हैं।

## 1800 से अधिक पंडाल बीट पुलिस करेगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पंडालों की सुरक्षा के लिए आयोजक तैनात करें वालंटियर्स

**अमृत विचार।** शनिवार से शुरू होने वाली गणेश महोत्सव को लेकर शुक्रवार को एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय विपिन मिश्रा ने महंतों, पंडाल डेकोरेटर्स व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में बताया कि शहर में 1800 गणेश पूजा पंडाल रजिस्टर्ड हैं। लेकिन पुलिस इनकी संख्या इससे अधिक मान रही है। पंडालों की सुरक्षा के लिए निर्णय लिया गया कि थानास्तर के बीट पुलिस अधिकारी पंडालों की निरंतर निगरानी करेंगे।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस के पास 1800 आयोजनों की लिस्ट है, जहां पंडालों में गणपति विराजेंगे। सभी थानाक्षेत्रों में लगने वाले पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी बीट पुलिस ऑफिसर की रहेगी, जो तय समय पर पंडाल व आसपास के क्षेत्र में गश्त करेंगे। आयोजन कराने वाली संस्थाएं पंडाल में वालंटियर्स की तैनाती करेंगी, जो बीट पुलिस आफिसर के संपर्क में रहेंगे। सभी वालंटियर्स 24 घंटे पंडालों में रहेंगे। संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि गणेश प्रतिमाओं के समक्ष जलने वाले दीपक को रखने के लिए सुरक्षित स्थानों का प्रबंध करें, जिससे आगजनी की घटनाओं पर रोक लगे। मूर्तियों का विसर्जन नदियों व नहरों में नही होगा। नगर निगम घाटों के आसपास तालाबनुमा गड्ढे का प्रबंध करेगा।

# महामंत्री ने दिया भरोसा, भाजपा आपके साथ

## प्रदेश संगठन महामंत्री ने सीसामऊ क्षेत्र में कुंडी खटका सदस्य बनाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने उप चुनाव के मद्दे नजर शुक्रवार को सीसामऊ विधानसभा की बस्तियों में घूम-घूमकर सदस्य बनाए। वह परेड के बूथ नंबर 172 चंदेश्वर हाते भी पहुंचे। यहां लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती से आपके साथ खड़ी है।

धर्मपाल सिंह सबसे पहले सीसामऊ विधानसभा के बूथ नंबर 137 द्वारिकापुरी पहुंचे। यहां घर-घर कुंडी खटकाकर लोगों को टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल करवाई और भाजपा की सदस्यता दिलाई। कौशलपुरी मंडल के बूथ प्रवासी, शक्ति केंद्र प्रवासी और संयोजकों की बैठक की। इसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल भी मौजूद रहे। धर्मपाल सिंह ने कहा कि सीसामऊ के हर बूथ पर तीन गुनी सदस्यता करनी है। बूथ संरचना अति शीघ्र पूरी करके पन्ना प्रमुख बनाने हैं। संगठन महामंत्री ने नवीन मार्केट कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों, प्रभारियों और जिला सदस्यता व मॉनिटरिंग टीम की बैठक की। इसमें सदस्यता अभियान से समाज के प्रभावशाली लोगों को जोड़ने पर बल दिया। सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडे, विधायक अरुण पाठक, नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, सलिल विश्नोई, रविंद्र पाटनी, पूर्व मंत्री अरुणा कोरी, सुरेश अवस्थी, अनूप अवस्थी, शिवराम सिंह, दिवाकर मिश्रा, अनिता गुप्ता, पूनम कपूर मौजूद रहे।

गंगा बैराज पर संगठन महामंत्री का स्वागत क्षेत्र अध्यक्ष के साथ जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने किया।


सीसामऊ की बस्ती में जनसंपर्क करते प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह।

## बैठक में पदाधिकारियों को नहीं बुलाने पर उठे सवाल

विशेष संवाददाता, कानपुर

- उत्तर जिलाध्यक्ष बोले, प्रदेश से आये पत्रक में जो अपेक्षित नहीं थे, उन्हें नहीं बुलाया

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तैयारी में भाजपा को उसके ही लोगों से झटका लग रहा है। शुक्रवार को महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने दो बैठकें कीं। लेकिन इनसे उत्तर जिले के सभी आठ उपाध्यक्षों और मंत्रियों को दूर रखा गया, जबकि इनके पास कोई न कोई दायित्व है। इसे लेकर कुछ लोगों ने दबी जुबान कहा कि पूर्व अध्यक्ष सुनील बजाज की टीम को किनारे लगाया जा रहा है। मामला तूल तब पकड़ा जब धर्मपाल सिंह ने बैठक में एक उपाध्यक्ष का नाम पुकारा। उनके मौजूद नहीं होने पर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे से पूछा तो उन्होंने कहा कि वह अपेक्षित नहीं हैं। प्रदेश से आये पत्रक के अनुसार ही लोग बुलाये गए हैं। दोनों बैठकों में क्षेत्रीय अध्यक्ष मौजूद थे। यह जानकारी एक महिला नेता ने फोन पर फैला दी, तो अनुपस्थित रहे पदाधिकारियों का दर्द छलक आया। उन्होंने कहा कि वे लोग क्यों अपेक्षित नहीं थे, पता नहीं। एक पदाधिकारी ने कहा कि दीपू और उनके खास आनन्द मिश्रा से बैठक में शामिल होने को लेकर पूछा था, लेकिन उनका कहना था कि जरूरत होगी तो बताया जाएगा। इस संबंध में उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने बताया कि प्रदेश कार्यालय से आये पत्रक में जो लोग अपेक्षित नहीं थे, उन्हें नहीं बुलाया। यह पूछने पर कि फिर एक पदाधिकारी का नाम संगठन महामंत्री ने कैसे लिया? दीपू ने इस संबंध में बताया कि भ्रम की स्थिति हो गयी थी।

# सीसामऊ में विकास कार्यों की झड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पं. दीन दयाल नगर विकास योजना में नगर निगम कराएगा 3.91 करोड़ के काम
- 10 कार्यों को कार्यकारिणी ने किया स्वीकृत, शासन को भेजे गए सभी प्रस्ताव

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा का उप चुनाव क्षेत्र के निवासियों के लिये सौगात लेकर आया है। यहां 38 करोड़ रुपये के कामों का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कर चुके हैं। अब नगर निगम कार्यकारिणी ने 3.91 करोड़ रुपये के 10 और काम स्वीकृत कर प्रस्ताव अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को भेजे हैं। इस राशि से विधानसभा क्षेत्र में सड़क, नाली, फुटपाथ के काम होने हैं।

महापौर की अनुमति पर पंडित दीन दयाल नगर विकास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित 10 कार्यों को नगर निगम कार्यकारिणी के सामने पेश किया गया। नगर आयुक्त सुधीर कुमार, मुख्य अभियंता और अधिशासी अभियंता इन कामों के प्रस्ताव को पहले ही स्वीकृत कर चुके थे।

### यहां पर होंगे सड़क व फुटपाथ के काम

रायपुरवा थाना से पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्र के आवास तक सड़क सुधार पर 45 लाख खर्च होंगे। चंद्रिका देवी चौराहा से जीटी रोड तक प्लांट द्वारा सड़क सुधार। रामलीला मैदान से आचार्य नगर तक सड़क सुधार। वार्ड 32 में मजार से डिप्टी पड़ाव चौराहे तक फुटपाथ का सुधार। रामबाग चौराहे से जरीब चौकी तक सड़क का प्लांट द्वारा सुधार। वार्ड 37 में केसा चौराहा से त्रिमूर्ति मंदिर तक सड़क निर्माण।

### वित्त मंत्री ने भी समस्याएं दूर करने के लिए बढ़ाए कदम

सीसामऊ उप चुनाव जीतने के लिए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी घर-घर जाकर समस्याओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने हाल में अपने लेटर पैड पर कई काम कराने के निर्देश नगर निगम को दिये हैं। इनमें ग्वालटोली में गली व नालियों की सफाई और मार्गप्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करना, सूटरगंज वार्ड 75 में पानी की किल्लत दूर करने के लिए सबमर्सिबल पंप लगाना और मलिन बस्तियों में रोज सफाई जैसे काम प्रमुख हैं।

### 7 करोड़ से 85 कार्यों के आज होंगे ई टेंडर

शनिवार को नगर निगम में करीब 7 करोड़ रुपये से विकास कार्यों के लिये ई टेंडर आमंत्रित किये गये हैं। कुल 85 कार्यों में अधिकतर सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र में ही होने हैं।

## एक नजर

### पांडुनगर चौराहे का होगा सुंदरीकरण

**कानपुर।** भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने शुक्रवार को केस्को, जलकल, ट्रैफिक पुलिस के साथ पांडुनगर चौराहे का निरीक्षण किया। टीआई मनोज सिंह ने जाम की वजह बताई। विधायक ने अपनी निधि से डबल पुलिया से लोहारन भट्ठा तक निर्मित सड़क पर लगने वाले जाम को दूर करने के लिए कार्य कराने के निर्देश दिए। पांडुनगर चौराहे का कायाकल्प और सड़क को चौड़ा करने के लिए नापजोख कराई। इस कार्य पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे। तय हुआ कि चौराहे के सुंदरीकरण और चौड़ीकरण के साथ ही डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर बनेंगे। हाईमास्ट लाइट और कैमरे भी लगेंगे। तिराहे के पास स्थित ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराया जाएगा। यहां केस्को अधीक्षण अभियंता रवि श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियंता पंकज, सहायक अभियंता जीके गुप्त मौजूद रहे।

# उर्सला में आयुष्मान लाभार्थी से मांगे रुपये, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दलित पैंथर ने किया प्रदर्शन, सीएमएस को ज्ञापन देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** उर्सला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी एक मरीज से रुपये की मांग किए जाने का आरोप लगाकर भारतीय दलित पैंथर के सदस्यों ने शुक्रवार को अस्पताल में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमएस को दिया। आरोपी पर कार्रवाई की मांग की।

मकरॉबर्टगंज निवासी राजू पेंटिंग का काम करते हैं। एक सप्ताह पहले घर लौटते समय वह हादसे का शिकार हो गए थे। उनके दाएं पैर में गंभीर चोट आई थी। पत्नी सीता ने उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया था। राजू आयुष्मान कार्ड धारक हैं। उन्हें आर्थो विभाग के डॉक्टर ने पैर की हड्डी टूटने की जानकारी देकर ऑपरेशन की सलाह दी।

पत्नी सीता का आरोप है कि डॉक्टर के जाने के बाद एक व्यक्ति उनके पास आया और बताया कि मरीज के पैर में इंप्लांट लगेगा, जिसके लिए 15 हजार रुपये देने होंगे। सीता के अनुसार उसने रुपये नहीं होने की बात कही तो ऑपरेशन नहीं किया गया। पैर को प्लास्टर चढ़ाकर छोड़ दिया गया। मामले की जानकारी होने पर भारतीय दलित पैंथर के पदाधिकारी शुक्रवार को उर्सला अस्पताल पहुंचे और प्रदर्शन किया। धनीराम पैंथर ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन अस्पताल के सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी को दिया। सीएमएस ने मामले की जांच के लिए आश्वस्त किया।


उर्सला अस्पताल में भर्ती मरीज राजू से पैसे मांगने का आरोप है। अमृत विचार


सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी को ज्ञापन देते भारतीय दलित पैंथर संगठन के सदस्य।

### सरकारी डॉक्टरों के लिए मांगेंगे भीख

दलित पैंथर अध्यक्ष धनीराम ने कहा कि उर्सला अस्पताल में अधिकांश गरीब लोग इलाज के लिए आते हैं। उनसे वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन बड़ा चौराहा पर सरकारी डॉक्टरों के लिए भीख मांगेगा। भीख में मिले रुपये डॉक्टर को देंगे, ताकि गरीबों का इलाज हो सके।

## सार-संक्षेप

### एआईडीईएफ ने जीतीं 5 सीटें

**कानपुर।** वायु सेना स्टेशन चकेरी में बेस रिपेयर डिपो -1 में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) और ऑल इंडिया डिफेंस इंप्लाइज फेडरेशन (एआईडीईएफ) के बीच डिपो काउंसिलिंग कमेटी (डीसीसी) व यूनिट काउंसिलिंग कमेटी (यूसीसी) का चुनाव हुआ। एआईडीईएफ के संगठन मंत्री सौरभ सिंह चौहान ने बताया कि संगठन ने छह में पांच सीटें जीतीं हैं। एक पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की है। पिछले साल बीपीएमएस ने पांच सीटें जीती थीं। एआईडीईएफ से प्रमोद जांगिड़, शिव शंकर चतुर्वेदी, संकल्प द्विवेदी, जय यादव, शरद शर्मा, दिलीप कुमार दीक्षित विजेता बने है। यहां जेसीएम तृतीय वीरेंद्र निषाद, जेसीएम चतुर्थ नीरज गुर्जर, नरेश निषाद मौजूद रहे।

### दहेज के लिए प्रताड़ित करके दिया तीन तलाक

**कानपुर।** चमनगंज थानाक्षेत्र निवासी विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न करने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पीड़ित का आरोप है कि मायके लौटने पर पति ने फोन कर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने चमनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रेमनगर निवासी महिला गुलनाज अंसारी ने बताया कि उनका निकाह 9 माह पहले बलिया के गरवार जेपी नगर निवासी आशिफ जमाल अंसारी से हुआ था। निकाह के कुछ समय बाद पति काम के सिलसिले में विदेश चले गए। जिसके बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पति के वापस लौटने पर आपबीती बताई तो उन्होंने मारपीट की। उनका आरोप है कि काम पर जाने के दौरान पति उन्हें भी विदेश ले गए, जहां मारपीट कर तलाक लेकर दूसरी शादी करने की धमकी दी। बीते 6 अगस्त को पति ने वापस भेज दिया और उनका वीजा भी कैंसिल कर दिया। वापस आने पर ससुरालीजन प्रताड़ित करने लगे। पिता को जानकारी देने पर वह उन्हें मायके ले आए, जिस पर 27 अगस्त को पति ने फोन कर उन्हें तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने ससुरालीजनों की चमनगंज थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बाइक सवार छात्र को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में कोचिंग जा रहे बाइक सवार छात्र को ट्रैक्टर ने रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। महाराजपुर के ढोकरा गांव निवासी किसान रज्जन पत्नी सीता देवी, दो बेटे व बेटी के साथ रहते हैं। रज्जन के मुताबिक बड़ा बेटा ऋषभ (18) इंटर का छात्र था। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे वह कोचिंग जाने के लिए बाइक से घर से निकला था। घर से कुछ ही दूरी पर वह पहुंचा ही था, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होने से ऋषभ गिर कर ट्रैक्टर के पहिए की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। महाराजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### नौकरी का झांसा देकर नौ लाख की धोखाधड़ी

**कानपुर।** रेलबाजार में आरोपितों ने रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर महिला से नौ लाख की ठगी कर ली। महिला को जब ठगी का एहसास हुआ तब उन्होंने रकम वापस मांगी। इस पर आरोपितों ने उन्हें धमकाया। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रेलबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। रेलबाजार के लोको गेट रेलवे कॉलोनी निवासी गीता कुमारी ने बताया कि उनके पति संजय कुमार रेलवे कर्मी थे। वर्ष 2008 में बीमारी के चलते उनकी मौत हो गयी। जिसके बाद वर्ष 2010 में उन्हें रेलवे की नौकरी मिली। बताया कि उनके ही विभाग में ग्रेड ए पर जूही निवासी सोहनलाल भी कार्यरत थे। सोहनलाल ने अपने मित्र श्याम के साथ मिलकर उनके बेटे सागर की नौ लाख रुपये में टीटी के पद पर नौकरी लगवाने की बात कही। झांसे में आकर उन्होंने नौ लाख रुपये दे दिए। इसके बाद श्याम बेटे को ट्रेनिंग के नाम पर पश्चिम बंगाल और दिल्ली ले गया और आरोपियों ने नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड दिया। नियुक्ति पाने बेटा पहुंचा तो उसे धोखाधड़ी की जानकारी हुई। उसके बाद उन्होंने आरोपियों से पैसे मांगे, जिस पर उन्होंने चेक दे दी, जो बाउंस हो गई। दबाव बनाने पर आरोपी धमकाने लगे। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### भवन खरीद में स्टांप कम लगाने के 43 मामले पकड़े

**कानपुर।** शहर में भवनों की खरीद के 43 मामलों में लाखों रुपये की स्टांप चोरी पकड़ी गई है। नोटिस जारी की गई है। जरौली निवासी शिव शंकर पाल के भवन की रजिस्ट्री में 9.66 लाख रुपये की स्टांप कमी पाई गई है। बिल्हौर के बैदानी निवासी सिद्धार्थ द्वारा खरीद गए भवन में 5.44 लाख, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रत्तुपुरवा निवासी तरबुननिशां के खरीदे गए भवन में 5.47 लाख रुपये के स्टांप कम लगाने का मामला पकड़ा गया है। काकादेव के शुभम अग्निहोत्री के मकान की रजिस्ट्री में 9.55 लाख के स्टांप कम मिले। एडीएम वित्त राजेश कुमार ने बताया कि जांच में स्टांप कमी के 43 मामले पकड़े गए हैं। संबंधित गृहस्वामियों को नोटिस जारी की गई है। तय अवधि में उन्होंने स्टांप की कमी पूरी नहीं की तो नियमानुसार 30 दिन के बाद आरसी जारी की जाएगी। स्टांप चोरी के मामले में आरसी जारी होने के बाद जितने मूल्य के स्टांप कम लगाए गए हैं, उस राशि पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज वसूला जाएगा।

### कटिहार-अमृतसर सहित कई ट्रेनों के फेरे बढ़े

**कानपुर।** रेल प्रशासन ने त्योहारों को देखते कटिहार-अमृतसर सहित चार एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन ka विस्तार का निर्णय लिया है। ट्रेनों के बढ़ाए फेरों के साथ रिजर्वेशन भी शुरू हो गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार 05671 गुवाहाटी-आनंद विहार एक्सप्रेस 11 सितंबर से 27 नवंबर तक व 05672 आनंद विहार एक्सप्रेस 13 सितंबर से 29 नवंबर तक 12-12 फेरे लगाएगी। 05734 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 19 सितंबर से 28 नवंबर तक व 05733 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस 21 सितंबर से 30 नवंबर तक 11-11 फेरे लगाएगी।

### सूबेदारगंज से दिल्ली एक और स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** एनसीआर की पीआरओ रागिनी सिंह ने बताया कि 02421 स्पेशल ट्रेन हर शनिवार सूबेदारगंज से सुबह 9.35 बजे चलकर सेंट्रल पर 12.15 बजे पहुंचेगी। सेंट्रल पर पांच मिनट ठहराव के बाद दिल्ली अगले दिन सुबह 8.55 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन 5 अक्टूबर से नौ नवंबर तक चलेगी। तो 02422 स्पेशल दिल्ली से 6 अक्टूबर से 10 नवंबर हर रविवार सुबह 9.30 बजे चलकर सेंट्रल शाम चार बजे पहुंचेगी, इसके बाद सूबेदारगंज रवाना होगी।

### पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष का निधन

**कानपुर।** रोडवेज के सेवानिवृत्त वरिष्ठ केंद्र प्रभारी एवं रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर क्षेत्र के कई वर्षों तक क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता आर के बाबा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। ये जानकारी परिवहन नेता अशोक गुप्ता ने दी।


पुलिस कमिश्नर कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# अधिवक्ता के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर को सौंपा

**कानपुर।** कासगंज बार एसोसिएशन की महिला अधिवक्ता को अगवा कर हत्या करने पर शुक्रवार को बार एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर को सौंपा। अधिवक्ताओं ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

3 सितंबर को कासगंज जनपद के कोर्ट परिसर के गेट से महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर को अगवा कर उनकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई था। 4 सितंबर को मोहनी का शव रजपुरा नहर में बरामद हुआ था। पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

शुक्रवार को बार व लायर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को सौंपा। उन्होंने मांग की कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर बार अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, महामंत्री आदित्य कुमार सिंह, पूर्व लायर्स अध्यक्ष रविंद्र शर्मा समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ट्रेड यूनियन पर योगी के बयान से भामसं नाराज

**कानपुर।** टीचरों के ट्रेड यूनियन अधिकार को उनकी गरिमा के विपरीत बताने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय मजदूर संघ ने नाराजगी जतायी है। प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने कहा कि ट्रेड यूनियन विरोधी बयान मुख्यमंत्री के मुख से उचित नहीं है। शिक्षक दिवस के अवसर पर योगी ने टीचरों को ट्रेड यूनियन से परहेज करते हुए इसे उनकी गरिमा के प्रतिकूल कहा था। पूरी भामसं इस बयान की निंदा करती है।

प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने कहा कि ट्रेड यूनियन सम्मानजनक कार्य है, किसी की गरिमा के खिलाफ नहीं होता है। यह निराशाजनक बयान है। भामसं एक राष्ट्रवादी श्रम संगठन है, यह प्रदेश के करोड़ों श्रमिकों व मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ता हैं। उनका कहना है कि गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी ने ट्रेड यूनियन कार्य को शिक्षकों की गरिमा के खिलाफ बताना अनुचित है।



प्रदर्शन करते आयुध कर्मचारी। अमृत विचार

## आयुध कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**कानपुर।** रक्षा मंत्रालय ने चार आयुध निर्माणी ओईएफ कानपुर और हजरतपुर, ओसीएफ आवडी और शाहजहांपुर में कार्यरत कर्मचारियों को ओटी एरियर के भुगतान के लिए बजट जारी किया था। ट्रूप कंफर्ट्स लिमिटेड कंपनी मुख्यालय, जीटी रोड के उच्चाधिकारियों ने उस बजट को अन्य मदों में खर्च कर डाला। ये अधिकारियों की ओर से की गई वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। यह आरोप शुक्रवार को भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) के नेताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान लगाए।

जीटी रोड स्थित टीसीएल कंपनी मुख्यालय पर हुए प्रदर्शन में बीपीएमएस के नेता योगेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सीएमडी को ज्ञापन देकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया है। अगले सप्ताह ओटी एरियर भुगतान का आश्वासन मिला है। बीपीएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री मुकेश सिंह ने कहा कि अगले सप्ताह में यदि कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं की गई तो टीसीएल मुख्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। प्रदर्शन में मंत्री दीपक शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्क्रैप कारोबारी से 2.40 करोड़ की ठगी, चार के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फजलगंज थानाक्षेत्र का मामला, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** फजलगंज में स्क्रैप कारोबारी से आरोपियों ने 2.40 करोड़ की ठगी कर ली। पीड़ित का आरोप है कि मामले की शिकायत फजलगंज पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हु, जिस पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्रों समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई।

गड़रियनपुरवा निवासी स्क्रैप कारोबारी राजेश गोस्वामी ने बताया कि उनकी फर्म से सरोजनी नगर निवासी दुर्गेश चंद्र गुप्ता, उनके भाई प्रकाश चंद्र, अजीत गुप्ता व पिता नेबूलाल ने करीब 2.40 करोड़ का स्क्रैप खरीदा था। बीते साल 4 फरवरी को आरोपियों से रुपयों की मांग की गई तो उन्होंने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि फजलगंज पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नही की गई। जिस पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर फजलगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत व धमकाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### डफरिन का मिडवाइफरी के जीएम ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** डफरिन अस्पताल में सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने के लिए मिडवाइफरी लेड केयर यूनिट की शुरुआत होनी है, जिसके संबंध में शुक्रवार को मातृ स्वास्थ्य के महाप्रबंधक डॉ. रवि प्रकाश दीक्षित डफरिन अस्पताल पहुंचे, यहां पर उन्होंने मिडवाइफरी लेड केयर यूनिट के संबंध में डफरिन की प्रमुख अधीक्षक डॉ.सीमा श्रीवास्तव, सीएमएस डॉ.रूचि जैन व प्रबंधक डॉ.दरख्शा परवीन के साथ बैठक की।

अभियान — ऑपरेशन मैत्री के तहत महिलाओं को जागरूक किया

# अस्पतालों में गई पुलिस, सुरक्षा इंतजाम देखे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत के बाद कोई अन्य महिला शिकार न बने, इसके लिए शुक्रवार को कमिश्नरेट पुलिस ने प्रमुख अस्पतालों का निरीक्षण कर महिला कर्मचारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस ने अस्पतालों में इंट्री-एग्जिट प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्डों के ब्योरे समेत अन्य बिंदुओं पर जांच की।

शुक्रवार दोपहर एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा व एसीपी महेश कुमार समेत कई थानों का पुलिस बल हैलट पहुंचा। एडीसीपी साउथ ने हैलट में कार्यरत महिला कर्मचारियों से किसी तरह की परेशानी, रात में आने-जाने के दौरान कोई दिक्कत होने पर तत्काल पुलिस को जानकारी देने को कहा। इसके बाद करीब 200 महिला चिकित्सकों को एडीसीपी अंकिता शर्मा व महेश कुमार ने जागरूक किया। दूसरी ओर एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना सिंह ने रीजेंसी अस्पताल में कार्यरत 70 महिला स्टाफ, डॉक्टरों, महिला सफाईकर्मी को जागरूक किया। एडीसीपी ट्रैफिक, एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने डफरिन व उर्सला अस्पताल पहुंच 150 महिला स्टाफ, चिकित्सको से संवाद स्थापित कर महिला उत्पीड़न व हिंसा रोकने के लिए तत्काल पुलिस से संपर्क करने को कहा।

इस दौरान स्टाफ नर्स ने बताया कि रात में आने जाने के दौरान कई स्थानों पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था न होने पर भय सताता है, जिस पर एडीसीपी ने ऐसे स्थानों पर पुलिस पिकेट तैनात करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने अस्पतालों में आंगतुकों की निगरानी की व्यवस्था, सुरक्षागार्डों के संबंध में सत्यापन, कार्यस्थल पर महिलाओं के विश्राम व प्रसाधन कक्ष, आकस्मिक अलार्म समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की।


उर्सला सभागार में निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल, एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना सिंह व एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार। अमृत विचार

# निर्जला व्रत रख शिव-पार्वती से मांगा सौभाग्य

## महिलाओं ने व्रत रहकर मंदिरों में सज-धज कर किया सामूहिक पूजन, घरों में तीज की कथा सुनी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कैलाश मंदिर शिवाला में अर्धनारीश्वर का पूजन। अमृत विचार


प्रवासी नेपाली संघ के तीजोत्सव में महिलाओं ने नृत्य किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरितालिका तीज पर शुक्रवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। शाम को सज-संवर कर शिव व माता पार्वती की पूजा कर पति के दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना की। रतजगा कर भजन-कीर्तन किया व तीज की कथा सुनी।

महिलाओं के साथ लड़कियों ने भी हरितालिका तीज का व्रत रखा। यह पूजा महिलाएं समूह के रूप में एक साथ बैठकर करती हैं। पूजन व रतजगा के बाद अगले दिन भोर पहर नदी स्नान व पट विसर्जन की भी परंपरा है। पूजन के समय माता पर्वती को वस्त्र और श्रृंगार की सामग्री भी चढ़ाई। शिव को भोग लगाकर अपनी मनोकामना कही। पति की दीर्घायु व परिवार में खुशहाली मांगी। वहीं युवतियों ने योग्य पति के लिए व्रत रखा। प्रयाग नारायण मंदिर में भी परंपरागत धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार हरितालिका तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रागंण की सजावट की गई। बाल हनुमान के साथ शिवलिंग, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया।

शहर में मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज की ओर से सिंधी धर्मशाला गोविंद नगर व अखिल भारत नेपाली एकता मंच महिला जिला समिति की ओर से दरोगा गेस्ट हाउस बर्रा में हरितालिका तीज का कार्यक्रम हुआ। जहां महिलाओं ने सामूहिक पूजन किया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने 16 श्रृंगार किया और माता पार्वती को भी 16 श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित कीं। महिलाओं ने घरों में भी विधि विधान के साथ पूजा की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मनमोहा

**कानपुर।** प्रवासी नेपाली संघ भारत व गोरखा सहयोग एसोसिएशन का सयुंक्त हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को प्राची बंग भवन आर्यनगर में हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक सचिव दिल्ली गोकुल बस्नेत, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, समाज सेविका उषा गांगुली, मीता सरकार व मंगलामुखी मन्नत मां, प्रधान गीता गौतम मौजूद रहीं। तीन उत्सव में नेपाली समाज की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। बंगाली समाज के तुषार गांगुली व समाज सेवी संजय सरकार को सम्मानित किया गया। गोरखा सहयोग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा सिंह क्षेत्री ने अतिथियों का स्वागत किया। नगर अध्यक्ष डंबर बहादुर बस्नेत, जगत पांडेय, श्वेता चौरसिया, सरिता सिंह, अर्चना पांडेय, आदि रहीं।

# कनपुरिया पान और आलू चाट पर अभिनेत्री मुग्धा गोडसे हो गईं मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के कार्यक्रम में मौजूद अभिनेत्री मुग्धा गोडसे। अमृत विचार

- ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के कार्यक्रम में शामिल होने आईं थीं

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के कार्यक्रम में शामिल होने आईं अभिनेत्री मुग्धा गोडसे के मन को कनपुरिया पान और आलू चाट ने मोह लिया। उनको शहर के लजीज व्यंजन भी काफी पसंद आए। उन्होंने कहा कि यहां की बोली पूरे देश में मशहूर है। यहां के आभूषण कारोबारियों की सोच भी काफी अलग है।

ऑल इंडिया जैम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल ने अपने पुनर्निर्मित प्रारूप में लकी लक्ष्मी महोत्सव की घोषणा की, जिसकी थीम इस बार गेट ब्लेस्ड बी लकी रखी गई। शहर के प्रमुख स्थानों पर यह महोत्सव होगा। काउंसिल के चेयरमैन सैय्यम मेहरा ने बताया कि महत्वपूर्ण फीडबैक के आधार पर इस साल के आयोजन को और भी रोमांचक व पुरस्कृत बनाने के लिए कई नए तत्व जोड़े हैं। यह महोत्सव 12 अक्टूबर से शुरू होकर 26 नवंबर तक चलेगा, जिसमे काफी विशेष आभूषण होंगे।

खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार जीतने का मौका, समय-समय पर, सप्ताहिक व बंपर पुरस्कार ड्रा शामिल है। जीजेसी के डायरेक्टर और लकी लक्ष्मी महोत्सव के संयोजक कमल सिंघानिया ने कहा कि लकी लक्ष्मी महोत्सव में भाग लेकर 25 हजार रुपये तक की खरीदारी पर गिफ्ट के रूप में कूपन दिया जाएगा। महोत्सव में इस बार 10 से 12 करोड़ रुपये का गिफ्ट खरीदारी करने वाले ग्राहकों को दिया जाएगा। संयुक्त संयोजक मनोज झा, नॉर्थ जोनल चेयरमैन डॉ.रवि कपूर ने भी जानकारी दी।

## एक नजर

### हरेंद्र उपाध्याय बने संघ के जिलाध्यक्ष



**कानपुर।** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष केके श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने से अध्यक्ष का पर रिक्त हो गया था। कर्मचारियों ने योग्यता, अनुभव व वरिष्ठता की देखते हुए बिरहाना स्थित केपीएम अस्पताल में तैनात हरेंद्र उपाध्याय को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया, जिनके नाम पर प्रांतीय अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने मोहर लगाई।

### शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने की जरूरत

**कानपुर।** शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद शिक्षकों को सशक्त बनाना जरूरी है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शिक्षकों का निरंतर व्यावसायिक विकास करना होगा। यह विचार शुक्रवार को सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में मुख्य अतिथि उत्कृष्टता केंद्र, प्रयागराज के प्रमुख डा. अखिलेश कुमार ने व्यक्त किए। प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट व सीबीएसई के सहयोग से आयोजित किया गया है। पहले दिन के सत्र में 64 स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### ऋतिका व अदीब हुए सम्मानित

**कानपुर।** आनंदपुरी स्थित ओंकार नाथ धवन इंटर कॉलेज में भारत विकास परिषद कानपुर की ओर से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के मेधावी-छात्र छात्राओं सहित अध्यापक-अध्यापिकाओं का भी सम्मान हुआ। उन्हें मेडल, प्रमाण पत्र आदि प्रदान किए गए। समारोह में मेधावी ऋतिका पाण्डेय, अदीब अबरार, अतुल कुमार, इमरान खान, अंशिका गुप्ता व अनन्या शर्मा को पुरस्कृत किया गया। भारत विकास परिषद के संस्थापक संरक्षक प्रमोद दादू मनोज विश्नोई, आत्मप्रकाश दीक्षित, अरुण जैन, रवि त्रिवेदी और प्रधानाचार्या मृदुला धवन सहित विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष और सचिव के पद पर कांटे की टक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करते डॉ.दिनेश सचान। अमृत विचार


डॉ.विकास मिश्रा


डॉ.नंदिनी रस्तागी

- अध्यक्ष पद के दो और सचिव पद के लिए दो दावेदारों ने किया नामांकन
- 2500 सदस्य 6 अक्टूबर को चुनाव में करेंगे मतदान

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा में अध्यक्ष और सचिव पद के लिए चुनाव होना है, जिसके संबंध में दावेदारों ने ताल ठोकते हुए नामांकान का पर्चा दाखिल कर दिया है। दोनों ही पदों पर दावेदारों की बीच इस बार कड़ी टक्कर है। हालांकि कौन इस बार अध्यक्ष और सचिव बनेगा यह आईएमए के करीब 25 सौ सदस्य चयन करेंगे।

आईएमए शाखा के पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो गया है, जिस संबंध में अब छह अक्टूबर को चुनाव होना है। आईएमए में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने अध्यक्ष पद के लिए दो सितंबर को दोबारा पर्चा भरा है। वहीं, अध्यक्ष पद के लिए डॉ.दिनेश सचान ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया है। दोनों ही दावेदारों ने चुनाव जीतने में ताकत झोकनी शुरू कर दी है। वहीं, सचिव पद के लिए डॉ.विकास मिश्रा और डॉ.पल्लवी चौरसिया के बीच तगड़ी टक्कर है।

पद के लिए दावेदारी कर रहे चारों डॉक्टरों ने आईएमए के सदस्यों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। कोई दावेदार फोन काल और सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर रहा है तो कोई दावेदार सदस्यों के घर, क्लीनिक या हॉस्पिटल में जाकर संपर्क कर संबंधित सदस्य से पक्ष में वोट की अपील कर रहा है। वहीं, आईएमए में उपाध्यक्ष के चार पद, वित्त सचिव, क्रीड़ा सचिव, लाइब्रेरी सचिव व 48 कार्यकारिणी के पदों पर भी डॉक्टरों ने नामांकन किया है, लेकिन इन पदों में किसी दूसरे डॉक्टर ने विरोध में अभी तक नामांकन नहीं कराया है, जिस वजह से अभी तक इनको निर्विरोध मना जा रहा है। हालांकि चुनाव का नतिजा छह अक्टूबर को ही स्पष्ट हो सकेगा।

### मोक्ष के लिए व्रती की डिग्री जरूरी

**कानपुर।** संयम का तटबंध जीवन में जरूरी है, तभी जीव मोक्ष की मंजिल को प्राप्त कर सकता है। मोक्ष पाने के लिए व्रती की डिग्री जरूरी है। महावीर स्वामी की वाणी को सुनाते हुए ये बात स्वाध्यायी भाई नीलम जैन ने अपने संबोधन में कहीं। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के द्वारा आनंदपुरी धर्म स्थानक में चल रहे पयूषर्ण पर्व के छठें दिन शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वाध्यायी भाइयों ने बताया कि प्रभु का कहना है कि जीवन से परिग्रह की मात्रा को कम करते हुए स्वंय को हल्का बनाना है। वस्तु के प्रति ममत्व भाव ही परिग्रह है। अशुभ भाव हमारे शत्रु हैं और शुभ भाव मित्र हैं। इस अवसर पर संघ के महामंत्री धनंजय जैन विकास जैन, महावीर जैन, सुरेश जैन, नवनीत जैन, लूमकरण जैन, वर्धमान जैन, बनवारी लाल रहे।

## सार-संक्षेप


चांदनी अस्पताल में डॉ. सीके सिंह, महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

### चांदनी हॉस्पिटल सोसाइटी ने मनाया शिक्षक दिवस

**कानपुर।** कल्यानपुर न्यू शिवली रोड बसौसी स्थित नर्सिंग महाविद्यालय के सभागार में चांदनी चैरीटेबल हॉस्पिटल सोसाइटी ने स्कूल ऑफ नर्सिंग व चांदनी पैरामेडिकल सेंटर का 20वें स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन किया। शिक्षक दिवस पर चांदनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने केक काटकर संस्था की सचिव सरला सिंह का 71वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि चांदनी स्कूल ऑफ नर्सिंग की स्थापना 2005 की गई थी। मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि नर्सिंग व पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं सच्चे देश भक्त की तरह देश की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। इस दौरान संस्थान के संस्थापक डॉ.सीके सिंह, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ.चांदनी सिंह, डॉ.आनंद प्रताप सिंह, डॉ.अंचला सिंह, प्राचार्य सुनील डीसी, प्रधानाचार्य विमला शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. प्रतुष विक्रम सिंह, डॉ. अर्चना सिंह समेत पैरामेडिकल, जीएनएम, एएनएम व बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं रहे।

### फर्जी दस्तावेज से लोन लेकर बंद किया खाता

**कानपुर।** काकादेव थाने में एसबीआई बैंक की पांडु नगर शाखा के मैनेजर ने महिला के खिलाफ फर्जी दस्तावेज के जरिये 15 लाख रुपये का लोन लेने का आरोप लगाते रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पांडु नगर स्थित एसबीआई बैंक के मैनेजर देवेश शर्मा ने बताया कि कल्याणपुर के आवास विकास सत्यम बिहार निवासी महिला सुमित्रा नन्दन ने 17 जून 2021 को 15 लाख रुपये का क्रेडिट पर्सनल लोन लिया था। उन्होंने टेकिंग शपथपत्र, बैंक इकरारनामा आदि दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। आरोप है कि लोन मिलते ही आरोपी महिला ने खाता बंद कर दिया। बैंक द्वारा जांच की गई तो पता चला कि फर्जी दस्तावेजों व धोखाधड़ी के माध्यम से लोन लिया है। मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर बैंक प्रबंधक ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर काकादेव पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ख्वातीन का जलसा आज

**कानपुर।** कुरैशी हाल, कुलीबाजार में शनिवार को दोपहर एक बजे ख्वातीन का इज्तेमा (जलसा) शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की सरपरस्ती में होगा। मौलाना अबू बकर हादी ने बताया कि मुख्य अतिथि मौलाना इनाम उल्लाह कासमी (कासगंज) होंगे।


रक्तदान के बाद प्रमाण पत्र लिए रक्तदाता व फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### स्थापना दिवस पर 48 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** पनकी गंगागंज स्थित पैराडाइज इंटर कॉलेज में शुक्रवार को संस्कार फाउंडेशन ने द्वितीय स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 48 लोगों ने रक्तदान किया। अध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्निहोत्री, फार्मासिस्ट विनोद कनौजिया, संजय मिश्रा, रवि सचान, महेंद्र त्रिपाठी, त्रिभुवन दीक्षित, अभिषेक शुक्ला, निशांत तिवारी, गौरव मिश्रा, संतोंष कुमार, अमित पाल, पवन बाजपेयी, नीरज मिश्रा, तुषार मौर्या समेत आदि लोग रहे।

# जीएसटी कार्यालय पर उद्यमियों व्यापारियों ने हल्ला बोला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राज्य के अधिकारियों की ओर से वाहन रोकने और सूचना नहीं दिए जाने पर फूटा गुस्सा

**अमृत विचार।** राज्य जीएसटी कार्यालय में शुक्रवार को उद्यमियों और व्यापारियों ने हल्ला बोलकर अधिकारियों की मनमानी पर जमकर रोष जताया। व्यापारियों का कहना था कि अधिकारी मनमाने तरीके से ट्रकों को पकड़ते हैं और जानकारी भी नहीं देते हैं। अगर इस तरह से परेशान करना और उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो उच्चाधिकारियों से शिकायत के साथ बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

लखनपुर स्थित राज्य जीएसटी कार्यालय पर एकत्र हुए व्यापारियों और उद्यमियों का नेतृत्व फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने किया। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 एसएस मिश्रा से व्यापारियों ने विभागीय अधिकारियों की मनमानी पर सख्त विरोध जताते हुए कहा कि गाड़ी रोकने पर संबंधित व्यापारी को मोबाइल नंबर पर सूचना देनी चाहिए, ताकि उसे जानकारी हो सके कि किसने गाड़ी रोकी की है। ऐसा नहीं होने पर लुटेरे जीएसटी टीम के नाम पर माल लूट लेंगे। व्यापारियों ने अधिकारियों से फोन पर शिष्टता से बात करने और सही जानकारी देने की भी मांग की।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में पीआईए अध्यक्ष बृजेश अवस्थी, दी यूपी इंडस्ट्रियल एस्टेट अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, होजरी मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन अध्यक्ष बलराम नरूला, नौघड़ा कपड़ा कमेटी के अध्यक्ष शेषनारायण त्रिवेदी, कोपरगंज व्यवसाई संघ के शुभम भारतीया, अगरबत्ती उद्योग महासंघ के सचिव अभिषेक अग्रवाल, प्रिंटिंग एंड लेमिनेट एसोसिएशन से हरीश सरावगी, हर्ष नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप जैन, फाउंड्री एसोसिएशन संयोजक देव दुग्गल, लोहा व्यापार संघ अध्यक्ष अरुण ओमर, दवा व्यापार संघ के सचिव मनीष जायसवाल मौजूद रहे।


सीएसजेएमयू में 'स्टार्टअप ग्रोथ कॉन्क्लेव' में समझौता पत्र दिखाते कुलपति प्रो विनय पाठक। अमृत विचार

# मेडिकल प्रपत्र सुरक्षित रखने वाला एप बनाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में 'स्टार्टअप ग्रोथ कॉन्क्लेव' में एक बटन से तीन कमांड वाला की-बोर्ड भी हुआ लांच

**अमृत विचार।** सीएसजेएम विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'स्टार्टअप ग्रोथ कॉन्क्लेव' में दो स्टार्टअप प्रस्तुत किए गए। इनमें यशी बाजपेई के बनाए एप की मदद से मोबाइल पर सभी मेडिकल प्रपत्र आसानी से सुरक्षित रखे जा सकते हैं। दूसरे स्टार्ट अप कंप्यूटर की-बोर्ड में तीन बटन वाली कमांड को एक बटन से ऑपरेट किया जा सकता है। यह छोटा की-बोर्ड वीडियो एडिटिंग और कंप्यूटर गेम के शौकीनों के लिए है। समारोह में छात्रों को रोजगार सहायता प्रदान करने वाले दो समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर हुए।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कहा कि नवाचार आज देश की सबसे बड़ी जरूरत है। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप को समर्पित कंपनी के विजन को प्रस्तुत किया। वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी ने हैदराबाद में स्थापित विश्व के विशालतम इन्क्यूबेटर्स में से एक 'टी हब' का उदाहरण देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में भी ऐसी ही सुविधा मिलने से युवाओं को लाभ होगा। समारोह में पहला समझौता एसएनएस इनोवेशन लैब के साथ हुआ। इसके तहत एक विशेष सॉफ्टवेयर के जरिए युवा हिंदी व्याकरण संबंधित अशुद्धियों को दूर कर सकेंगे। दूसरे समझौते के जरिए युवाओं को रोजगार संबंधित स्किल कोर्स कराया जाएगा। कार्यक्रम में डा. शिल्पा देशपाण्डे कायस्थ व इनोवेशन फाउण्डेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्र के अलावा डा. वृष्टि मित्रा निदेशक यूआईईटी, डा. विवेक सचान, डा. सिधान्शु राय, डा. दिव्यांश शुक्ल, डा. प्रशान्त त्रिवेदी, डा. अर्पित दुबे, डा. हिना वैश्य, डा. श्वेता पाण्डेय व अनिल कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

नमन | नेताओं ने कहा कि देश के भविष्य निर्माता शिक्षक ही हैं

# तिलक हाल में 21 शिक्षकों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता कानपुर


तिलक हाल में सम्मानित किये गये शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर और शिक्षक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 21 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पूर्व एमएलसी एवं श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन सरदार कुलदीप सिंह ने कहा कि देश के भविष्य निर्माता शिक्षक ही हैं। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, आलोक मिश्रा ने संबोधित किया। संचालन राजेश गौतम ने किया। शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ महादेव जी पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, शंकर दत्त मिश्रा, महेश मेघानी, साजिदसर, मनोज गुप्ता, सतीश वाल्मीकि, गुफरान अहमद चांद, भुवनेश भूषण,संतोष गुप्ता, रामाश्रय पाल, शकील मंसूरी आदि मौजूद रहे।

### गुरुजनों को माला पहनाकर आर्शीवाद लिया

**कानपुर।** तिलक मेमोरियल सोसाइटी द्वारा अशोक लाइब्रेरी में शिक्षक दिवस पर गुरुजन केके तिवारी, प्रो. डॉ प्रभात बाजपेई, प्रो. अनुपम शुक्ला, पूर्णिमा तिवारी को शाल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि अपने गुरुजनों का सम्मान कर के गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। अध्यक्षता पूर्व विधायक पं. भूधर नारायण मिश्रा ने की। हरप्रकाश अग्निहोत्री, आनंद मेहरोत्रा, शंकर दत्त मिश्रा, निजामुद्दीन खां, मदन लाल भाटिया, महेंद्र त्रिपाठी, पुत्तू इकबाल अहमद, अतहर नईम, राज कुमार यादव, सुनील राठौर, ध्रुव नारायण तिवारी कृष्ण कांत अवस्थी आदि थे।

# टेबल टेनिस में कई स्कूलों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


टेबल टेनिस खेलते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

- जेसीआई ब्रह्मावर्त ने आयोजित की प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** जेसीआई ब्रह्मावर्त की ओर से शुक्रवार को अंतर विद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय में हुई।

प्रतियोगिता में वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, सेठ आनंदराम जयपुरिया, चिंटल्स पब्लिक स्कूल, यूपी किराना सेवा समिति, मर्सी मेमोरियल आदि स्कूलों ने प्रतिभाग किया। व्यक्तिगत श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा हुई। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम पाल और अभिषेक सिंह मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानाचार्य रागिनी राठौर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जेसीआई के अध्यक्ष सौरभ राम सीसरिया ने कहा कि अंतर विद्यालय टेबलटेनिस प्रतियोगिता ने युवा प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर खेल भावना का उत्सव मनाने का अवसर दिया है। इस मौके पर आदित्य भरतिया, मोहित गुप्ता, विशाल जैन, संजय बेताला, विष्णु ककराणीय, रोहित भगत, पीयूष चांदवासिया, डॉ. हेमंत मोहन, वैभव पांडे, पायल रामसीसरिया, कुसुम जैन, रितिका गुप्ता, डॉ. आरती मोहन, मनप्रीत कौर, मंजरी शुक्ल आदि रहीं।

# आईसीयू में भर्ती रेप पीड़ित छात्रा की हालत अभी स्थिर

संवाददाता, सरसौल

**पुलिस सक्रिय**

- पीड़िता कानपुर शहर के प्राइवेट अस्पताल की आईसीयू में भर्ती
- अस्पताल प्रबंधन से पल-पल की अपडेट ले रहे पुलिस अफसर

**अमृत विचारः** महाराजपुर क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़ित छात्रा के जहर खाने और फिर चार दिन बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से अभी भी प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत स्थित है। पुलिस के अधिकारी अस्पताल प्रबंधन से पल-पल की अपडेट ले रहे हैं।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 7 की छात्रा के साथ 30 अगस्त की रात उस समय दुष्कर्म किया गया था, जब वह घर में बैठकर पढ़ाई कर रही थी। वारदात के साथ मुख्य आरोपी इरफान के साथ उसके तीन दोस्त फरार हो गए थे। घटना से आहत होकर छात्रा ने दूसरे दिन यानी 31 अगस्त को जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। हालांकि अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसकी हालत में सुधार हो गया था।

पहले तो महाराजपुर पुलिस ने इस मामले को टकराने की कोशिश की थी। पिता की ओर से तहरीर दिए जाने के बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी, लेकिन मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद 3 सितंबर को पुलिस ने मुख्य आरोपी के साथ उसके दोस्तों के खिलाफ मुकदमा लिखा था। उसी दिन पुलिस ने मुख्य आरोपी इरफार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।


शुक्रवार को महाराजपुर थाने की पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी। अमृत विचार

पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म पीड़िता छात्रा को मेडिकल चेकअप कराने के लिए सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा था, लेकिन वहां लेडी डॉक्टर के मौजूद नहीं होने के कारण मेडिकल चेकअप नहीं हो पाया था। गुरुवार को दुबारा मेडिकल चेकअप के लिए जाना था, लेकिन उसके पहले ही गुरुवार की तड़के छात्रा की हालत अचानक खराब हो जाने पर परिवार के लोग उसे लेकर कानपुर पहुंचे, जहां एक प्राइवेट अस्पताल में जवाब मिलने के बाद दूसरे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दुष्कर्म पीड़िता छात्रा का कानपुर शहर के एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को भी उसकी हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ। उसकी हालत स्थिर बनी है। परिवार के लोग अस्पताल में ही डेरा डाले हैं। इस मामले में पुलिस के अधिकारी अस्पताल प्रबंधन से पल-पल की खबर ले रहे हैं।

दरअसल, गुरुवार को तड़के पहर रेप पीड़िता की अचानक तबीयत बिगड़ जाने की वजह से अभी तक मेडिकल चेकअप नहीं हो पाया है, इस लिहाज से पुलिस के अधिकारी पूरे मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। पीड़िता की हालत में सुधार होने के बाद पुलिस मेडिकल चेकअप कराने की कोशिश में है।

**फरार तीनों आरोपी गिरफ्तार**

छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी इरफान के तीन दोस्तों को भी शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के समय ये तीनों आरोपी दुराचार के मुख्य आरोपी के साथ मौजूद थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी इरफान को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाकी तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। इनकी पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। रेप पीड़िता छात्रा की अचानक हालत खराब होने के बाद पुलिस ने किरकिरी से बचने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी थी। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मुकदमे में फरार तीनों आरोपियों को शुक्रवार को तिवारीपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है, जिन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों में इमरान, उसका चचेरा भाई इजराइल और इस्लाम शामिल हैं।

# पत्नी का गला दबाया तो बंद हो गई आवाज

संवाददाता, बिधनू

**रिपोर्ट दर्ज**

- मायके से रुपये नहीं लाने पर पत्नी को जमकर पीटा
- प्लाट खरीदने से लिए मांगे रुपये अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचारः** पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के ओरछी गांव में शुक्रवार दोपहर प्लाट खरीदने के लिए मायके से रुपये न लाने पर युवक ने पत्नी को जमकर पीटा और गला दबा दिया। इसके बाद महिला के मुंह से आवाज निकलना बंद हो गई। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे भाई ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

बिधनू थाना क्षेत्र खए गजापुर निवासी रामसेवक गौतम की 27 वर्षीय बेटी सरिता का विवाह वर्ष 2021 में ओरछी निवासी राजू गौतम के बेटे अमन से हुआ था। सरिता ने बताया कि शादी के बाद से ही पति छोटे- छोटे खर्चों के लिए मायके से रुपये लाने का दबाव बनाता रहा है। विरोध करने पर मारपीट करके घर से निकाल देने की धमकी देता है। शुक्रवार दोपहर अमन ने प्लाट के लिए डेढ़ लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर लात-घूसों से पीटने के बाद गला दबा दिया, जिससे उसके मुंह से आवाज निकलना बंद हो गई। भाई मनीष और मोहित ने गंभीर हालत में उसे बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद आवाज वापस आ गई। थाना पर प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### शिवराजपुर में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के ऊधौ निवादा गांव के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। उत्तरीपुरा विकास नगर निवासी राहुल (28) पुत्र रमेश सविता किसी काम से जा रहे थे, तभी उधो नेवादा गांव के पास अनवरगंज से कन्नौज जा रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने पर जेल

**घाटमपुर।** सजेती थाने की पुलिस ने शुक्रवार को क्योंटरा मजरे सिरसा निवासी नरेश कुमार निषाद पुत्र रामपाल निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के मुताबिक इसके खिलाफ पत्नी को प्रताड़ित करने और दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर मारने-पीटने का मुकदमा दर्ज है। पत्नी ने ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी थी। शुक्रवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# चार दिन से लापता नौकर का रिंद नदी में उतराता मिला शव

## साढ़ थाना क्षेत्र के सरसी गांव की घटना, बबूल के पेड़ पर फंस गया था शव

संवाददाता, घाटमपुर

**पुलिस जांच में जुटी**

- पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ की जांच-पड़ताल
- चार दिन पहले परिवारवालों का नौकर से हुआ था विवाद

**अमृत विचारः** साढ़ थाना क्षेत्र के सरसी गांव के बाहर रिंद नदी में शुक्रवार को नौकर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। नौकर चार दिन से लापता था। उसका शव बबूल के पेड़ में फंसा था। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच-पड़ताल की और फिर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नौकर का शव मिलने के बाद घर के सभी सदस्य फरार हो गए।

साढ़ थाना क्षेत्र के सरसी गांव के नवाब सिंह यादव के यहां 25 वर्षीय लल्लू छह महीने से नौकर था। वह घर के कामकाज के साथ ही जानवरों की देखभाल करता था। ग्रामीणों के मुताबिक नौकर लल्लू का भोला के घर वालों से किसी बात को लेकर चार दिन पहले झगड़ा हुआ था। इसके बाद परिवार के लोग नौकर को साथ लेकर चारा काटने के लिए खेत ले गए थे। इसके बाद से ग्रामीणों ने नौकर को उनके घर पर नहीं देखा।

शुक्रवार सुबह ग्रामीण खेतों पर काम कर रहे थे। कुछ ग्रामीण नदी की तरफ पहुंचे तो नदी के किनारे बबूल के पेड़ पर एक शव फंसा हुआ देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो वह नौकर लल्लू का था। इसके बाद पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई और घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। फिर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**मालिक का पूरा परिवार ताला लगाकर फरार**

साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है। लल्लू सरसी गांव के नवाब सिंह यादव के घर में नौकर था। उसका शव मिलने के बाद नवाब सिंह यादव के साथ ही परिवार के सभी सदस्य घर में ताला लगाकर फरार हैं, जिससे नवाब सिंह का परिवार संदेह के घेरे में है। उनकी तलाश की जा रही है। उनके सामने आने के बाद वजह साफ हो सकेगी।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो युवकों की मौत, साथी भी घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**हिट एंड रन**

- साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली भट्ठा के पास हुआ हादसा
- बाइक को टक्कर मारकर भाग निकला कार चालक

**अमृत विचारः** साढ़ क्षेत्र में तेज रफ्तार कार बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुए भाग निकली। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, वहीं तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस हादसे की जांच- पड़ताल कर रही है।

साढ़ थाना क्षेत्र के कोरथा गांव निवासी छोटे दिवाकर (20) पहाड़पुर निवासी अपने दोस्त रिंकू दिवाकर (27) के साथ अपने पारिवारिक चाचा के बेटे अश्वनी दिवाकर (33) को लेने कानपुर सेंट्रल स्टेशन गए थे। अश्वनी महाराष्ट्र से वापस कानपुर आया था। कानपुर से एक ही बाइक में सवार होकर तीनों वापस गांव लौट रहे थे। साढ़ थाना क्षेत्र के रामईपुर-जहानाबाद रोड पर कुंदौली भट्ठा के पास सामने से आई तेज रफ्तार कार बाइक में टक्कर मारकर कानपुर की ओर भाग निकली।


रिंकू दिवाकर।


छोटू दिवाकर।

इस हादसे में बाइक सवार छोटे और रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी अश्वनी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने सड़क पर घायलों को पड़ा देखा तो फोन पर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घायल को भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में उसे कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उसकी हालत चिंताजनक है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा विधायक ने बनाए सदस्य

संवाददाता, बिठूर

**बैठक**

- भारतीय जनता पार्टी की बिठूर मंडल की हुई बैठक
- विधायक बोले, लक्ष्य से ज्यादा बनाए जाएंगे सदस्य

**अमृत विचारः** विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने शुक्रवार को एक गेस्ट हाउस में बिठूर मंडल की बैठक कर सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने सभी सदस्यों को अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटने का आह्वान किया।

बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने पार्टी के सदस्य बनने वाले कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के लिए आगे आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसका उद्देश्य सर्व धर्म के हितों की रक्षा करना है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के साथ काम करने वाली पार्टी है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।


कार्यक्रम के दौरान विधायक को स्मृति चिह्न देते भाजपाई। अमृत विचार

विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की ओर से प्रत्येक विधायक को 10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन बिठूर विधानसभा के प्रत्येक मंडल में 10 हजार सदस्य बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। हम सबको मिलकर इस उत्साह को बरकरार रखना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, मनोज भदौरिया, पुष्कर शुक्ला, हरिशचंद्र वर्मा, दीप्ति सिंह, श्रीकांत त्रिपाठी, राजू दिवाकर, मल्हू निषाद, भूपेंद्र सिंह, शीतल शर्मा आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

# पड़ोसी ने महिला के मुंह में मारी ईंट

**बिधनू।** खड़ेसर चौकी क्षेत्र के एकडरिया गांव में गुरुवार को शराब के नशे में छत से लघुशंका कर रहे पड़ोसी युवक का महिला ने विरोध किया तो आरोपित ने गालीगलौज करते हुए महिला के चेहरे पर ईंट से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

एकडरिया निवासी शिवकांत शुक्ल की पत्नी सोनी ने बताया कि गुरुवार शाम वह दरवाजे खड़ी थी, तभी पड़ोसी दीपक शराब के नशे में छत पर खड़ा होकर उनके दरवाजे की ओर लघुशंका करने लगा। इसका उन्होंने विरोध किया तो वह गालीगलौज करता हुआ छत से नीचे उतर आया। आरोप है कि दीपक ने ईंट उठाकर सोनी के चेहरे पर कई वार कर दिए, जिससे उनके चेहरे के दाहिने हिस्से पर गंभीर चोंट आई। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

# वकीलों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, घाटमपुर

**उठाई आवाज**

- कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या का किया विरोध
- अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की उठाई मांग

**अमृत विचारः** तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने कासगंज में 4 सितंबर को न्यायालय परिसर के द्वार से महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण कर हत्या किए जाने से अधिवक्ता व्यथित हैं। घाटमपुर बार एसोसिएशन ने इस जघन्य हत्याकांड का विरोध करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने मांग की है कि मोहिनी तोमर की हत्या की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी व्यक्तियों को तत्काल गिरफ्तार कर दोषियों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और मोहिनी तोमर के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाए। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम यथाशीघ्र लागू किया जाए। न्यायालय परिसर की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर सरकार की ओर से कोई सख्त कदम नहीं उठाए गए तो अपराधियों के हौसले बढ़ते रहेंगे और ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।


घाटमपुर एसडीएम को ज्ञापन पढ़कर सुनाते अधिवक्ता। अमृत विचार

इन्हीं मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर घाटमपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी, महामंत्री नवीन कमल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लवलेश संखवार, कोषाध्यक्ष सूर्यप्रताप भान सिंह, मंत्री पंकज सचान, संयुक्त मंत्री शरद सिंह बघेल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# करंट लगने से किशोरी गंभीर

**घाटमपुर।** एक किशोरी छत पर चढ़ते समय करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने किशोरी हालत चिंताजनक देख कानपुर रेफर कर दिया।

रेवना थाना क्षेत्र के रूपनगर निवासी विजय कुमार नायक की पुत्री रागिनी देवी शुक्रवार सुबह दीवार से छत पर चढ़कर जा रही थी, तभी ऊपर से निकले घरेलू कनेक्शन के तारों के करंट की चपेट में आने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने किशोरी की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया। परिवार वाले भी उसके साथ अस्पताल में मौजूद हैं। रेवना थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि फिलहाल में किशोरी ठीक है। उसका इलाज अभी चल रहा है।

# प्रभारी प्रधानाचार्य को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौकरी के नाम पर घूसखोरी पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचारः** आउटसोर्सिंग में नियुक्ति पाने वाले कर्मचारी से रिश्वत लेने के आरोप में सजेती के भदवारा गांव में स्थित महाराणा प्रताप इंटर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामप्रकाश वर्मा को निलंबित कर दिया गया है।

एडेड इंटर कॉलेज के प्रबंधक की ओर से भेजी गई निलंबन की सिफारिश को डीआईओएस ने मंजूर कर लिया है। उधर, एंटी करप्शन यूनिट के अधिकारियों ने जांच का दायरा आगे बढ़ाते हुए डीआइओएस से कार्यवाहक प्रधानाचार्य की सेवा पंजिका सहित अन्य अभिलेख मांगे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि रिश्वत प्रकरण में पकड़े गए कार्यवाहक प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया गया है।

# आवास चयन के लिए खुली बैठक आज

**बिल्हौर।** प्रधानमंत्री आवास योजना में बदलाव किए जाने के बाद अब ग्राम पंचायतवार नई सूची तैयार की जा रही है, जिसमें आवास प्लस की सूची के लिए ऐसे एक सैकड़ा पात्रों के नाम चयनित किए जाने हैं, जो वाकई में आवास के पात्र हैं।

ककवन पंचायत भवन में शनिवार की दोपहर खुली बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आवास प्लस की सूची में जोड़े जाने वाले लोगों के पात्रता की चर्चा की जाएगी। ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने बताया कि बैठक में ग्राम पंचायत में मुनादी कराई गई है। सभी को खुली बैठक में बुलाया गया है। पंचायत सचिव बाबूसिंह यादव की मौजूदगी में आवास प्लस की सूची तैयार की जाएगी, ताकि जरूरतमंदों को आवास दिलाया जा सके।

**अनदेखी** सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े होने पर चौबेपुर कस्बे में दिन भर लगता जाम

# जीटी रोड पर ई-रिक्शा व ऑटो का कब्जा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में ई रिक्शा व ऑटो चालकों की मनमानी से दिन में अक्सर जाम की स्थिति पैदा होती है। रेलवे स्टेशन हो अथवा बंदी माता मार्ग या फिर बेला रोड क्रॉसिंग, सभी जगह सुबह से देर शाम तक धमाचौकड़ी मचाते इन वाहनों के विरुद्ध पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं करती। ऐसे में बेलगाम चालक अपनी मनमानी पर आमादा हैं। दिनों दिन बढ़ रही समस्या को ध्यान में रखते हुए लोगों ने कड़े कदम उठाए जाने की मांग की है।

कस्बे में ई-रिक्शा व ऑटो की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। सवारी वाहन चालकों की मनमानी से जी टी रोड पर पुरानी सब्जी मंडी, स्टेशन रोड, बेला मार्ग क्रॉसिंग, व बंदी माता तिराहे के आसपास दिन में कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। स्थानीय निवासी अनुपम दीक्षित, रिंकू बाजपेई, आशीष पांडेय, श्याम दीक्षित, अजीत द्विवेदी व सचिन यादव आदि ने बताया कि हाईवे निर्माण के बाद उम्मीद थी कि कस्बे में बड़े वाहनों का दबाव कम हो जाने से जाम की समस्या से निजात मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। पुलिस की अनदेखी से छोटे वाहन चालक अपनी मनमानी पर आमादा हैं। इसके कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रहती है।


चौबेपुर कस्बे में जीटी रोड पर बेतरतीब खड़े ई रिक्शा। अमृत विचार

जगह-जगह बेतरतीब ढंग से खड़े ई रिक्शा व ऑटो आवागमन में बाधक बने रहते हैं। इन वाहन चालकों की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि जहां भी चाहें, गाड़ी खड़ी करके सवारी उतारना व बैठाना शुरू कर देते हैं। इसके अतिरिक्त बिना कोई इशारा दिए गाड़ियां मोड देने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। ज्यादा कुछ कहने पर ई रिक्शा व ऑटो चालक झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं।

गौरतलब है कि जीटी रोड समेत अन्य मार्गों पर दिन भर फर्राटा भरने वाले इन वाहनों के ज्यादातर चालक नाबालिग ही हैं, इसके बावजूद पुलिस इन पर कोई शिकंजा नहीं कस रही। कस्बे में कई स्थानों पर पुलिस की पिकेट ड्यूटी भी रहती है, लेकिन ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। समस्या को गंभीरता से लेते हुए लोगों ने इस बाबत कड़े कदम उठाए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

**मनमानी**

- चौबेपुर पुलिस की अनदेखी से दिनों दिन बढ़ रही समस्या
- एतराज जताने में झगड़े पर आमादा हो जाते चालक

चौबेपुर व शिवराजपुर कस्बे में ई रिक्शा व ऑटो चालकों की मनमानी से जाम लगने की शिकायतें मिल रही हैं। इस समस्या को लेकर जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। नाबालिग चालकों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।
**-अजय कुमार त्रिवेदी, एसीपी**

## सार-संक्षेप

### ग्राम चौपाल में सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं

**बिठूर।** कल्याणपुर ब्लॉक में ग्राम चौपाल व प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी ने की। बैठक में ग्राम स्तरीय कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विकास योजनाओं पर चर्चा की। ग्राम विकास अधिकारी संजय कुमार मिश्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे में पात्रता व अपात्रता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।


कल्याणपुर ब्लाक में बैठक हुई।


पीस कमेटी की बैठक करते एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी। अमृत विचार

### त्योहारों को लेकर चौबेपुर में हुई पीस कमेटी की बैठक

**चौबेपुर।** गणेश चतुर्थी व बारावफ़ात को लेकर शुक्रवार को चौबेपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व संभ्रांत व्यक्तियों से कहा कि त्योहारों पर शरारती तत्व अराजकता फैलाने का प्रयास करते हैं, जिन पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। किसी भी समस्या पर तत्काल थाने को सूचना दें। इसके साथ ही मातहतों को दिशा निर्देश दे त्योहारों पर गस्त मे तेजी लाये जाने व विशेष सतर्कता बरतने की बात कही। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला, उप निरीक्षक आनंद कुमार पांडे, सुरेश कुमार, रोहन कुमार के अलावा प्रमोद त्रिपाठी, अज्जू गुप्ता, नसीर अहमद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वैन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**रूरा।** याकूबपुर निवासी सोहन साथी दीपक को बाइक में बैठाकर रिश्तेदारी रूरा से वापस जा रहा था। मिंडाकुआं मार्ग पर अजयपुर गांव के पास तेज रफ्तार वैन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सोहन घायल हो गया। वैन चालक ने दोनों घायलों का निजी अस्पताल में इलाज कराया।

### दो जुआरी गिरफ्तार

**रूरा।** थाना क्षेत्र के तिगाई गांव में अवधेश शुक्ला के खेत गुरुवार की देर शाम जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिली। थाना प्रभारी रामगोविंद मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जुआ खेल रहे कपिल व राजू मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य साथी भागने में कामयाब रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि फड़ से 11900 रुपये व दोनों जुआरियों के पास से तीन हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

### सांड़ से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर

**रनियां।** किशरवल गांव से दूध लेकर बाइक से लौट रहा युवक सांड से टकराकर घायल हो गया। रनियां का अजय पाल (38) गुरुवार की देर शाम किशरवल गांव दूध लेने गया था। वहां से घर लौटते समय पातालेश्वर मंदिर के सामने दो सांड़ लड़ रहे थे। एक सांड बाइक से टकरा गया। जिससे अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे कानपुर के निजी अस्पताल ले गए।

# टीकाकरण के बाद जुड़वा बच्चों में एक की गई जान

## परिवार वालों ने एएनएम पर लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में एएनएम के टीकाकरण के बाद जुड़वा बच्चों की अचानक हालत बिगड़ गई। जिसमें एक बच्चे ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने एएनएम पर ओवरडोज इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू की है।


बच्चे की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

खानपुर गांव निवासी इतवारी लाल ने बताया कि वह कानपुर में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी पूजा के जुड़वा बच्चे कुणाल व अभी थे। दोनों की उम्र करीब 13 माह थी। बीते बुधवार को गांव के प्राथमिक विद्यालय में गांव की ही आशा के पति अरुण के बुलावे पर टीकाकरण के लिए ले जाया गया। जहां बच्चों का वजन किया गया। जहां एक एक बच्चे का टीकाकरण किया गया। आरोप है कि दूसरे बच्चे के शारीरिक कमजोर होने पर पत्नी पूजा ने टीकाकरण करने से मना किया, लेकिन एएनएम सुदामा ने टीकाकरण कर बच्चों को ओवरडोज इंजेक्शन लगाए, जिससे बुधवार शाम को दोनों बच्चों की हालत बिगड़ गई। गुरुवार की देर शाम छोटे बच्चे कुणाल ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजन बदहवास हो गए। वहीं बड़े बच्चे अभी को निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने दूसरी जगह ले जाने की सलाह दी। परिजनों के मुताबिक बच्चे का अकबरपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पिता इतवारी लाल व मां पूजा ने एएनएम पर लापरवाही से टीकाकरण का आरोप लगाया है। शुक्रवार को पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में हवासपुर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मुनीश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच व पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।


सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करते मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद।

# सरकारी योजनाओं का लोगों को दिलाएं लाभ

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद ने योजनाओं की समीक्षा की

**अमृत विचार।** प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान पात्रों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि मत्स्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों में आपस में समन्वय स्थापित कराकर जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मछुआ समुदाय के कल्याण के लिए जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उनका लाभ लोगों को दिलाया जाए।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत तालाबों को दुरस्त कराया जाए और अधिक से अधिक मत्स्य क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएं। विद्युत अधिकारियों को कनेक्शन देने व नलकूप विभाग को तालाबों में जलापूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में चल रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन., एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता, सीएमओ डॉ. एके सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय बालिका के साथ अश्लीलता करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने मंगलवार की दोपहर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि पड़ोस में लाखन संखवार अकेले रहता है। बीती एक सितंबर की शाम उसकी सात वर्षीय पुत्री व चार वर्षीय पुत्र पड़ोसी के घर फूल तोड़ने के लिए गए थे। आरोप है कि उसी दौरान लाखन सखवार बहला फुसला कर पुत्री को कमरे में ले गया और अश्लील हरकतें करने लगा। किसी तरह भाग कर पुत्री घर पहुंची और जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बालिका को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर महिला उपनिरीक्षक नेहा व सिपाही पुष्पेंद्र सिंह ने आरोपी को घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया।


परीक्षण के बाद वृद्धजनों को दवा देती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

### वृद्धजनों का परीक्षण कर बांटी गई दवा

**रनियां।** शुक्रवार को विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस पर नगर पंचायत के चिटिकपुर में संचालित वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाकर 110 वृद्धों का परीक्षण किया। साथ ही बीमार वृद्धजनों को दवाएं भी वितरित की गई। सभी वृद्धजनों ने टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वृद्धाश्रम संचालक राजेंद्र सिंह भदौरिया, रामजी दुबे, रिषभ तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### रोड रिस्टोरेशन की शिकायतों पर सीडीओ खफा

**कानपुर देहात।** सीडीओ की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के संबंध में बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में हुई। एक्सईएन जल निगम ने बताया कि जनपद में 504 परियोजनाओं में से 501 पर कार्य चल रहा है। जिसमें से सौ से अधिक परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। जहां पर ओवरहेड टैंक के माध्यम से जलापूर्ति हो रही है। वहीं लगभग दो सौ पचास से अधिक परियोजनाओं में डायरेक्ट सप्लाई दी जा रही है। सीडीओ लक्ष्मीं एन. ने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। रोड रिस्टोरेशन से संबंधित शिकायतों पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को रोड रिस्टोरेशन का कार्य शीघ्र गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन गांवों में परियोजना के तहत काम पूरा हो गया है। उनके प्रधान, सचिव व उच्चाधिकारी के माध्यम से सत्यापन करा कर सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

### करंट से युवक व किशोरी झुलसी

**मंगलपुर/रूरा।** मंगलपुर व रूरा क्षेत्र के गांवों में करंट से युवक व किशोरी झुलस गए। शुक्रवार को मंगलपुर के उत्तम (30) बकरियों के लिए पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रहा था। इसी बीच संदिग्ध परिस्थितियों में वहां से गुजरी 11 हजार विद्युत लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से झुलसकर जमीन पर गिर गया। परिजनों हालत गंभीर में निजी अस्पताल ले गए। मामले में न्यू झींझक विद्युत उपकेंद्र के जेई राजवीर सिंह ने बताया कि करंट से युवक के झुलसने की सूचना प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है। दूसरी घटना में रूरा क़स्बा के शिवाजी नगर निवासी सतीश कमल के मकान के ऊपर से 33 हजार केवीए की विद्युत लाइन निकली है। शुक्रवार की दोपहर उसकी पुत्री दिव्या कमल (15) दीवार पर रखी टीन के ऊपर गिरे कपडे को उठाने के लिए चढ़ी थी। तभी एचटी लाइन के चपेट में आने से झुलस गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। जेई नितिल उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

**पुखरायां।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के चंदा निवादा गांव के मनीराम (35) व गजनेर थाना क्षेत्र के जरैला की मड़ैया गांव के धीरेंद्र (25) शुक्रवार को बाइक में सवार होकर पुखरायां मजदूरी के लिए आ रहे थे। तभी झांसी–कानपुर हाईवे पर जरैलापुर गांव के मोड़ के पास बाइक में कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार दोनों घायल हो गए। राहगीर उन्हें सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# पिता की तहरीर पर 6 पर हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, संदलपुर

- 23 अगस्त को तालाब में उतराता मिला था युवक का शव

**अमृत विचार।** कस्बे में पुलिस आरक्षी की तैयारी कर रहे एक युवक का तेरह दिन पहले तालाब में शव मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। गुरुवार को पिता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध हत्या की एफआईआर दर्ज की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के संदलपुर कस्बा निवासी अरसद का पुत्र अमान अहमद (21) पुलिस आरक्षी की तैयारी कर रहा था। बीती 22 अगस्त की शाम वह घर से अपने मित्र सामरान के घर पुलिस भर्ती के सिलसिले में बात करने गया था। देर तक वापस न आने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। दूसरे दिन अमान का शव संदलपुर कस्बे के संदलसाह मजार के पीछे पक्के तालाब में मिला था।

युवक का मोबाइल, स्पीकर आदि सामान गायब था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। गुरुवार को पिता की तहरीर पर पुलिस ने संदलपुर निवासी ईशाक अली, इमरान अली, दिलशाद सिद्दीकी, इरशाद उर्फ पूता, नसीर अली उर्फ लालन व शाकिर अली के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। मंगलपुर थाना प्रभारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही पकड़ा जाएगा।

# लोडर की टक्कर से अधेड़ की मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर क्षेत्र के सुजगवां के पास लोडर ने सड़क किनारे रखी पान की गुमटी में टक्कर मार दी, जिससे एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि एक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सुजगवां के समीप सड़क किनारे गांव के ही संतोष कुमार ( 50 ) पान की गुमटी रखे है। शुक्रवार को गांव का ही राजेश कुशवाहा (55) गुमटी पर बैठा था। इसी दौरान एक लोडर चालक ने गुमटी में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। घायल संतोष को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक लोडर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने कब्जे में लिया।

# वकील के हत्यारों को फांसी की मांग

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** लायर्स एसोशिएसन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने कासगंज में अधिवक्ता मोहिनी तोमर की बीते दिनों बेरहमी से की गई हत्या के विरोध में आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन कर अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। साथ ही एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पीड़ित परिवारियों को एक करोड़ मुआवजा व आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की।

शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने कहा कि पिछले कई वर्षों से प्रदेश में कई अधिवक्ताओं की निर्मम हत्याएं हुई हैं। जिसपर अधिवक्ताओं की मांग पर सरकार द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा कानून का मसौदा भी तैयार किया गया था, लेकिन आज तक उस कानून को अमली जामा नहीं पहनाया गया है। इस पर कारगर कदम उठाना चाहिए।


मैथा तहसील में नारेबाजी करते अधिवक्ता। अमृत विचार

- कासगंज में अधिवक्ता की हत्या का जताया विरोध, भेजा ज्ञापन

इस मौके पर लायर्स एसोशिएसन अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह महामंत्री कुलदीप कुमार तिवारी, अनुज पाल, शारदा शंकर शुक्ला, रणविजय सिंह, गौरव त्रिवेदी, वीरेंद्र सिंह सेंगर, अंकित सिंह चंदेल, संजीव तिवारी, सतीश त्रिवेदी, नेहा शुक्ला, नेहा पाल, रविकांत कमल, जयराम कमल, राजीव दीक्षित, राहुल दीक्षित, सुमित पाठक, अनिल त्रिवेदी, गोविंद सिंह, अमित श्रीवास्तव, रवी द्विवेदी, अशोक गौतम, ईशू सिंह, संदीप द्विवेदी, रामनरेश कमल, नीरज वर्मा, घनश्याम राजपूत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# एनपीएस-यूपीएस का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मंच अटेवा के आवाहन पर 2 सितंबर से चल रहे विरोध प्रदर्शन के आखिरी दिन शुक्रवार को भी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में काली पट्टी बांधकर कार्य किया।



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

- अटेवा के आवाहन पर किया गया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

संगठन की जिला संयोजिका महिला प्रकोष्ठ अनुपम प्रजापति ने बताया कि एनएमओपीएस (नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के आवाहन पर पूरे देश में यूपीएस के विरुद्ध शिक्षक और कर्मचारी आक्रोशित हैं और हूबहू पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत हैं।

जिला महामंत्री महिला प्रकोष्ठ मृदुला तिवारी ने कहा कि सभी को अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन की ही चाह है। बाजार आधारित न्यू पेंशन स्कीम व एकीकृत पेंशन योजना का लगातार विरोध किया जा रहा है। जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश पाल ने बताया कि जनपद शिक्षक व कर्मचारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर कार्य किया और पुरानी पेंशन बहाली के लिए संकल्प दोहराया है। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी प्रदीप कुमार यादव, प्रताप भानु सिंह गौर, अनंत त्रिवेदी, गौरव मिश्रा, अनिरुद्ध सिंह, गौरव सिंह राजपूत, विवेक तिवारी, अखिलेश कठेरिया, महेंद्र यादव, मनोज कुलश्रेष्ठ आदि ने सभी शिक्षक व कर्मचारियों को आगामी 26 सितंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार रहने का अनुरोध किया है।

# दुष्कर्म में दोषी को 10 वर्ष कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सजेती थाना क्षेत्र में तीन साल पहले हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** करीब तीन साल पहले सजेती थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले की सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2021 में सजेती क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के गायब होने पर उसके पिता ने फतेहपुर जिले के मलिकपुर जहानाबाद निवासी नीरज प्रजापति के खिलाफ बहलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता की तलाश कर उसके बयान व चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर आरोपी नीरज प्रजापति के खिलाफ दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र पेश किया था। सुनवाई अपर जिला जज 13/पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी नीरज प्रजापति को दोषसिद्ध करते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई इसके साथ ही उसपर तीस हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है वहीं अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# हार्वेस्टर ने छीनी युवक की जिंदगी

**सिकंदरा।** सिकंदरा से घर जा रहे बाइक सवार युवक को सामने से आ रहे हार्वेस्टर ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में बाइक सवार को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के हिसावां गांव निवासी रोहित दिवाकर (25) गांव के दो लोगों को सिकंदरा छोड़ने आया था। वहां से वापस घर जाते समय सिकंदरा थाना क्षेत्र के घसमऊ गांव के पास सामने से आ रहे हार्वेस्टर से उसकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार मरणासन्न हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां ड्यूटी डॉ. पवन कुमार ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मां रामदुलारी समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# एचटी लाइन टूटी, 350 फैक्ट्रियों में रुका काम

संवाददाता, रनियां

- तीन घंटे औद्योगिक क्षेत्र, रनियां टाउन व नलकूप फीडर रहे बंद

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक वनस्पति फैक्ट्री के पास 33 हजार एचटी लाइन का तार टूटकर गिरने से तीन घंटे तक नौ औद्योगिक, रनियां टाउन व नलकूप फीडर बंद हो गया। वहीं 350 फैक्ट्रियों में कामकाज प्रभावित और बीस हजार आबादी परेशान रही।

औद्योगिक क्षेत्र के गंगाप्रसाद पुरवा से 33/11 उपकेंद्र रनियां को जाने वाली 33 हजार वोल्टेज की हाईटेंशन लाइन का तार शुक्रवार की सुबह रनियां पड़ाव स्थित एक वनस्पति फैक्ट्री के पीछे अचानक टूट कर गिर गया। जिससे बिजली घर में ब्रेक डाउन हो गया। ड्यूटी पर तैनात एसएसओ ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। तार टूटने से नौ औद्योगिक फीडर सहित रनियां टाउन व नलकूप फीडर बंद हो गया। साथ ही लगभग साढ़े तीन सौ फैक्ट्रियों में कामकाज प्रभावित हो गया। वहीं कस्बे की करीब बीस हजार आबादी को गर्मी सहनी पड़ी। बिजलीघर में तैनात प्राइवेट ठेका कर्मी पहुंचे और तीन घंटे बाद ढाई बजे मरम्मत कार्य पूरा किया। इसके बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। अधिशासी अभियंता सुमित व्यास ने बताया कि 33 हजार लाइन का तार टूटने से आपूर्ति बंद हो गई थी। मरम्मत कराकर विद्युत आपूर्ति सुचारु करा दी गई है।

**आह्वान** माती के ईको पार्क में आयोजित हुई जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी

# नैनो उर्वरक से लागत में लाएं कमी, बढ़ाएं आमदनी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी व तिलहन मेले का आयोजन राज्यमंत्री की मौजूदगी में ईको पार्क माती में किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई।

शुक्रवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मेला स्थल पर लगी कृषि प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी प्राप्त कर किसानों को अपने खेतो में प्रयोग करने का सुझाव दिया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक रामबचन राम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम एवं कृषि यंत्रीकरण के बावत जानकारी दी।


खरीद उत्पादकता गोष्ठी में महिलाओं को जानकारी देतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।


मेले में कृषि यंत्रों की जानकारी लेती राज्यमंत्री। अमृत विचार

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि नैनो उर्वरकों का प्रयोग कर किसान अपनी लागत में कमी कर आय में वृद्धि कर सकते है। जिला उद्यान अधिकारी बलदेव प्रसाद ने ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई एवं पर ड्राप मोर क्राप योजना से होने वाले लाभ व देय अनुदान के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने मृदा सुधार एवं फसलों में वर्तमान समय में किए जाने वाले कृषि कर्मो के संबंध में जानकारी दी। पशु वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने मवेशियों के रखरखाव में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव को कहा।

एडीएम वित केएन गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा उन्नत कृषि निवेशों एवं कृषि यंत्रों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। मेले में धर्मगढ़ बाबा कृषक उत्पादक समूह, खेड़ाकुर्सी एफपीओ, प्रगतिशील किसान राजकुमार त्रिपाठी एवं बाबूलाल निषाद ने अपने उत्पादों के स्टाल लगाए। कृषि यंत्र विक्रेता किसान एग्रो मशीनरी स्टोर द्वारा उन्नत कृषि यंत्र रीपर कम बाइंडर, रीपर सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रैक्टर एवं पावर ट्रिलर की प्रदर्शनी लगाकर किसानों को देय अनुदान आदि के बारे में बताया। श्रीगोपाल गोसेवा समिति द्वारा प्रतिभागी किसानों को श्रीअन्न से तैयार सावा खीर व बाजरा के पुआ का वितरण भी किया गया।

# सज गए दरबार, आज विराजेंगे गणपति

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में गणेश उत्सव की धूमधाम से मनाने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। पूजा-पंडालों में गणपति महाराज आज विराजमान होंगे और धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

मूसानगर कस्बे के वार्ड नंबर तेरह गौसगंज में पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में गणेश प्रतिमा के स्थापना की तैयारियां पूरी हो गई हैं। यहां पिछले कई वर्षों से लगातार गणेश महोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। कस्बे के बहुत से घरों में भी गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। कमेटी के अध्यक्ष अर्पित ओमर ने बताया कि शनिवार को गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

रविवार को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। सोमवार को हवन-पूजन के बाद भव्य एवं विशाल विसर्जन जुलूस दिन में दो बजे से प्रारंभ होकर कस्बे की मुख्य गलियों से होते हुए यमुना नदी मनकी घाट पर समापन होगा। शुक्रवार को निमिष ओमर, विकास कौशल, ईशांक गुप्ता, विशाल सैनी, ऋषभ गुप्ता, सुमित शर्मा, राहुल ओमर, ललित ओमर सहित कमेटी के सभी सदस्य तैयारियों में जुटे रहे। शनिवार से धूम शुरू हो जाएगी।


गणेश मूर्तियों को अंतिम रूप देता कारीगर। अमृत विचार

### कारीगरों ने मूर्तियों को दिया अंतिम रूप

मूसानगर कस्बे में मूर्तिकार गणेश प्रतिमाओं को अंतिम आकार देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकार विनय प्रजापति ने बताया कि एक मूर्ति तैयार करने में लगभग एक सप्ताह का समय लग जाता है। इस बार तीन हजार रुपये से पंद्रह हजार रुपये तक की मूर्तियों के आर्डर मिले हैं, लेकिन इस साल जितनी उम्मीद थी, उतना अच्छा कारोबार नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि पूरा परिवार मूर्ति तैयार करने में मदद करता है। पत्नी सुमन देवी भी साथ में मूर्ति बनाने का काम करतीं हैं।

## एक नजर

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरधरपुर निवासी फैयाज की पत्नी नगीना को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सरकारी अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### वन्यजीव के हमले से युवक जख्मी

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव मुन्नी खेड़ा निवासी विश्राम पुत्र रामचरण खेत गया था। जहां उस पर किसी जंगली जानवर ने हमला बोल दिया। हमले में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उसे रेफर कर दिया गया।

### करंट की चपेट में आये युवक की मौत

**बिछिया उन्नाव।** दही थानाक्षेत्र के मोहल्ला शिवनगर में शुक्रवार को एक युवक की मौत करंट लगने से हो गई। देवेंद्र (34) उर्फ राजन बाजपेई निवासी मोहल्ला कोयला वाली गली शिवनगर ई-रिक्शा चालक था और मूल रूप से आसीवन थानाक्षेत्र के खैराबाद का निवासी था। वह बीते कुछ समय से दही थानाक्षेत्र में ई-रिक्शा चला रहा था। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को देवेंद्र ने अपने ई-रिक्शा को चार्जिंग पर लगाया था। अचानक करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

# 'लाल बाग' के राजा की तर्ज पर सजेंगे 'सफीपुर के राजा'

## गणेश महोत्सव : 15 वर्ष पूर्व हुई थी शुरुआत, अब ले चुका है भव्य रूप

बृजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर

**अमृत विचार।** गणेश चतुर्थी हिंदुओं के लिये महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। वैसे तो देशभर में इस दिन गणेश जी की पूजा होती है। लेकिन महाराष्ट्र व गोवा जैसे राज्यों में इसकी अलग ही धूम रहती है। वहीं सफीपुर कस्बे में भी गणेश महोत्सव का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। यहां कई दिन पहले से बप्पा के आगमन की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। यहां अलग-अलग थीम के पंडाल तैयार किए जाते हैं। उनमें बप्पा की बड़ी-बड़ी मूर्तियां विराजमान होती हैं। गणेश उत्सव के दौरान लोग इन मूर्तियों को देखने दूर-दूर से पहुंचते हैं। कस्बे में अब 15 से अधिक जगहों पर अलग-अलग पंडाल लगाकर पूजापाठ होता है।

मुंबई की तर्ज पर जिले के सफीपुर कस्बे में भी गणेशोत्सव को भव्यता मिलने लगी है। गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले उत्सव में इस बार भी लोगों को देवों में प्रथम पूज्य गणपति बप्पा की विभिन्न मुद्राओं को देखने का अवसर मिलता है। इस बार कस्बे एवं क्षेत्र में 50 से अधिक स्थानों और घरों पर गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

शनिवार से भी कस्बे में बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क सहित कस्बे के लगभग 15 जगहों पर गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी।



गजानन की विशाल प्रतिमा लेकर आते श्रद्धालु। अमृत विचार

### महाराष्ट्र की तर्ज पर सफीपुर में भी रोजाना होगा श्रृंगार

कस्बे के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में सफीपुर के राजा के नाम से गणपति बप्पा का आगमन होता है। जिसके श्रृंगार के लिए भक्त आपसी सहयोग से शाम होते ही सफीपुर के राजा के श्रृंगार में जुट जाते हैं। यहां पर महाराष्ट्र की तरह रोजाना गणपति बप्पा का श्रृंगार किया जाता है।

### आखिर क्या है गणेश उत्सव का महत्व

- आचार्य पंडित देवकीनंदन मिश्र महाराज के अनुसार गणेश जी को सौभाग्य, समृद्धि और ज्ञान का देवता माना जाता है। मान्यता ये भी है कि गणेश उत्सव के 10 दिनों तक भगवान गणेश पृथ्वी पर ही रहते है।

### क्यों मनाई जाती हैं गणेश चतुर्थी

- गणेश चतुर्थी गणेश जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक गणेश जी का जन्म भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को हुआ।

### 2009 में सफीपुर में हुआ था महोत्सव का आगाज

- वर्ष-2009 में प्रथम बार गणेश उत्सव की शुरुआत बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में हुआ था इस महोत्सव का आयोजन राम सजीवन विमल ने किया था, जिसमें लगभग एक दर्जन लोगों का सहयोग रहा था।

# नगर में आज धूमधाम से विराजेंगे गजानन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गणपति की आवभगत में लगे लोग, मूर्ति स्थापना आज
- नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आधा सैकड़ा से अधिक जगहों पर होगी मूर्ति की स्थापना
- कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर देररात तक जुटे रहे लोग

**अमृत विचार।** विघ्नहर्ता और मंगलमूर्ति के आगमन की तैयारी नगर में पूरी हो चुकी है। गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्थी तक गणेश उत्सव दस दिनों तक मनाया जाएगा। मंदिर के साथ ही सोसाइटियों और घरों में मूर्ति स्थापना की जाएगी।

गणेश चतुर्थी को देखते हुये शनिवार को गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जायेगी। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद गणपति स्थापित होंगे। साकेतपुरी में श्री सिद्ध विनायक गणपति मंडल की ओर से दशम श्री गणेश महोत्सव मनाया जायेगा। जो 17 सितंबर तक गणेश उत्सव चलेगा। अनंत चतुर्दशी के दिन मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। वहीं कुछ लोग ग्रामीण क्षेत्र के गगनीखेड़ा झील के पास मूर्तियों का विसर्जन करेंगे। इसके अलावा श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से 28वां श्री गणेश महोत्सव गायत्री नगर में मनाया जायेगा। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं नगर के कई गली, मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में आज विधि विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना की जायेगी। वहीं राजधानी मार्ग, पोनीरोड, मिश्रा कालोनी, द्वारिका मोहिनी, चंपापुरवा, नेहरू नगर, कंचन नगर, साकेतपुरी समेत तमाम स्थानों पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की जायेगी। श्रीनगर, ब्रम्ह नगर गणेश महोत्सव समिति तिरंगा चौराहे पर धूमधाम से मनेगा

# पोल से गिरकर लाइन मैन की गई जान

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र के टिकरी पदमरा गांव में फाल्ट बनाने के लिय पोल पर चढ़ा विद्युत कर्मी करंट का झटका लगने से नीचे गिर गया। साथी उसे घायल हालत में सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

अचलगंज थानाक्षेत्र के टिकरी पदमरा गांव निवासी राजेंद्र (28) पुत्र श्रीकृष्ण यादव विद्युत विभाग में ठेकेदार के अधीन लाइनमैन था। शुक्रवार दोपहर गांव के पास तार टूटने से आपूर्ति ठप हो गई। इसकी जानकारी पर बिना सब स्टेशन पर सूचना दिए राजेंद्र पोल में चढ़कर जैसे ही तार जोड़ने लगा तभी करंट का तेज झटका लगने से वह पोल से नीचे गिर गया। नीचे खड़े साथी कर्मियों ने उसे अचलगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राजेंद्र के भाई बलवान ने बताया कि वह ठेकेदार एसपी सिंह के अधीन कार्य करता था। उसी ने शुक्रवार को उसे बुलाया था। मौत होने के बाद वह भाई का शव छोड़कर सीएचसी से भाग आया।

# एक ही गांव के चार घरों को चोरों ने बनाया निशाना



चोरों द्वारा फैलाया गया सामान। अमृत विचार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- नकदी समेत लाखों के जेवरात किये पार

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पिपरोसा गांव में देररात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाते हुए 60 हजार नकद सहित लाखों के जेवरात पार कर दिये। पीड़ितों की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिपरोसा गांव निवासी सुमित दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। गांव में उसकी मां, बहन और भांजा खाना खाने कि लिये घर के अंदर थे। तभी मौका पाकर घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे बक्शे की कुंडी तोड़कर उससे पांच हजार नकद व लाखों के जेवर पार कर दिये। इसके बाद चोर गांव के एक ही परिवार के गोकरन, रामबाबू पुत्र पुत्ती व बहन इंद्रवती उर्फ सुनीता के घर से बक्शे व अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे 55 हजार नकद व लाखों के जेवर ले गए। घटना के समय परिवारीजन छत पर सो रहे थे। सुबह जब उन लोगों ने घर के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा देख वे दंग रह गए। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार शाम घर से निकले वृद्ध का शव सुबह उन्नाव-प्रयाग रेल मार्ग पर पड़ा मिला। रेल कर्मियों की सूचना पर अचलगंज व रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं चर्चा रही कि वृद्ध ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है।

अचलगंज कस्बा निवासी भइया लाल (70) अचलगंज रेलवे क्रासिंग के पास किराने की दुकान किए थे। वह रोज रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर लौटते थे। गुरुवार देररात वापस न लौटने पर परिजन उनकी तलाश में निकले लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। शुक्रवार भोरपहर रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर शव पड़ा होने की जानकारी पर परिजन वहां पहुंचे और शव देख बिलख उठे। अचलगंज व रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटाकर रूट क्लियर कराया। बताते हैं कि सुबह प्रयाग पैसेंजर के लोको पायलट ने बीघापुर रेलवे स्टेशन पर इसकी सूचना दी थी। भइया लाल ने शादी नहीं की थी। वह भाइ रामसुमेर व विश्वेशर के साथ रहता था। वहीं चर्चा है कि वृद्ध ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से मजदूर के दोनों पैर कटे

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोर का मजदूर मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इसमें उसके दोनों पैर कटकर अलग हो गए। अन्य मजदूरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है। बिहार प्रांत के जिला व नगर खगड़िया निवासी मोहन जादव नगर के शांति मोहन कोल्ड स्टोर में मजदूरी करता था। बीती गुरुवार देररात वह संडीला मार्ग क्रॉसिंग से रेलवे ट्रैक किनारे से कोल्ड स्टोर जा रहा था। तभी वह बालामऊ-उन्नाव रेल लाइन पर बालामऊ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इसमें उसके दोनों पैर कट गए। वहां से गुजर से मजदूरों ने उसे घायल अवस्था में पड़ा देखा तो उसे एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वह बीती गुरुवार शाम संडीला रोड स्थित शराब ठेके गया था और वह अधिक नशे में होने के चलते मालगाड़ी को नहीं देख सका और उसकी चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए।

# रेलवे ट्रैक के पास मिली वृद्धा व महिला की हुई पहचान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कलीम ने अपनी पत्नी परवीन के रूप में की शिनाख्त
- ट्रेन से गिरी वृद्धा की पहचान विद्यावती के रूप में हुई

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर सदर कोतवाली व सोनिक रेलवे स्टेशन के पास बीते गुरुवार मिले महिला व वृद्धा के शवों की पहचान उनके परिजनों द्वारा किए जाने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द किया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग के पास शराब मिल के पीछे गुरुवार शाम चार बजे महिला का शव पड़ा मिला था। पहचान न होने पर पुलिस ने शव की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की थी। मृतका के परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे। फोटो देखने के बाद शहर के ईदगाह पत्थर कालोनी मोहल्ला निवासी मो. कलीम शुक्रवार सुबह मोर्चरी पहुंचे और शव की पहचान पत्नी परवीन (30) के रूप में करते हुए बताया कि वह मानसिक बीमार रहती थी। उसका इलाज भी चल रहा था। वह घर से बिना कुछ बताए निकल गई थी। गुरुवार को उसके काम पर जाने के बाद वह घर से निकल गई थी। उसका मायका बिहार का है।

उधर लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर सोनिक रेलवे स्टेशन के पास मिले वृद्धा के शव की पहचान कि आंबेडकर नगर जिला निवासी युवक ने करते हुए बताया मां विद्या देवी पिता सुखराम के साथ ट्रेन से अपने बहन-बहनोई से मिलने दिल्ली जा रहे थे। तभी सोनिक रेलवे स्टेशन के पास विद्यावती लघुशंका के लिए शौचालय जाते समय नीचे गिर गई थी। बेटे रामू के पहचान करने के बाद जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया।

## सार-संक्षेप

### मुआवजा मिलने के बाद किया शव का अंतिम संस्कार

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत बंथर औद्योगिक क्षेत्र में एक टेनरी में गुरुवार को केमिकल का ड्रम गिरने से झुलसे श्रमिक की कानपुर में हुई मौत के बाद शव लेकर फैक्ट्री पहुंचे परिजनों ने आर्थिक सहायता की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। प्रधान की मध्यस्थता के बाद पीड़ित की पत्नी को मुआवजे की चेक दी गई। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। बदरका गांव निवासी रमेश यादव (55) अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर औद्योगिक क्षेत्र की एक टेनरी में मजदूर था। गुरुवार दोपहर काम के दौरान अचानक केमिकल का ड्रम गिरने से वह उसकी चपेट में आकर झुलस गया था। उसे बचाने में बंथर निवासी करुणेंद्र प्रताप सिंह व महेंद्र पाल सिंह भी झुलस गए थे। रमेश को कानपुर के हैलट अस्पताल और अन्य दो श्रमिकों को अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। रमेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। मृतक रमेश के परिजन प्रधान संजय यादव के साथ शुक्रवार सुबह टेनरी पहुंचे और मुवावजे की मांग की। प्रबंधतंत्र ने 6.50 लाख रुपये का चेक मृतक की पत्नी सुंदारा के नाम और 25 हजार रुपये अंतिम संस्कार के लिये नकद दिए। साथ ही पत्नी को 3000 रुपये प्रति माह पेंशन देने की बात कही है। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। दो झुलसे श्रमिकों का इलाज चल रहा है।

### ग्राहक सेवा केंद्र में महिला के बैग से 60 हजार रुपये पार

**सफीपुर उन्नाव।** शुक्रवार को सफीपुर क्षेत्र स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र में सेवानिवृत्त फौजी की पत्नी के बैग से किसी ने 60 हजार रुपये पार कर दिये। जिस पर रिटायर्ड फौजी ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गहोली गांव निवासी रिटायर्ड फौजी राजेंद्र प्रसाद यादव अपनी पत्नी विजय कुमारी के साथ भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में पेंशन के पैसे निकालने आए थे। राजेंद्र ने 65 हजार रुपये निकाले। जिनमें से 5 हजार रुपये राजेंद्र ने रख लिए और 60 हजार रुपये पत्नी को दे दिए। उसने पैसे अपने बैग में रख लिये। बैंक कर्मियों ने उन्हें पासबुक की इंट्री के लिए एक ग्राहक सेवा केंद्र पर जाने की सलाह दी। जो शाखा के बाहर एक निजी भवन में संचालित है। ग्राहक सेवा केंद्र पहुंची विजय कुमारी ने अपनी बारी का इंतजार किया और जब पासबुक की इंट्री करवा ली। तो उसने बैग में रखे रुपये देखे। लेकिन बैग खोला तो उसमें से रुपये गायब थे। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो कैमरे खराब थे। जिससे संदिग्धों का पता नहीं चल सका।

### विधायक के हाथों टैबलेट पाकर खिले चेहरे

**सोहरामऊ उन्नाव।** सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत नव फार्मासिस्ट्स को नि:शुल्क टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में मोहान विधायक बृजेश रावत ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक बृजेश रावत का स्वागत संस्था के मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश मौर्य ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर की। विधायक ने नव फार्मासिस्ट्स को प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया और उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना की। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उन्हें अपने ज्ञान और सेवाभाव का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। संचालन विशाल श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान गुलाब सिंह, रजनीश सिंह, प्रियांशु श्रीवास्तव, एसके सिंह, विनोद सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, धीरज सिंह, प्रभाकर सिंह, अमित शर्मा व कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### कोटा चयन प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों ने लगाए आरोप

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर में कोटा चयन प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय प्रशासन व प्रधान पर आरोप है कि वे कोटा चयन में धांधली कर रहे हैं। ग्राम पंचायत मवई भान की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधान और ब्लॉक अधिकारियों के विरुद्ध शिकायत की है। उनका आरोप है कि पुराने समूह में नए नाम जोड़कर कोटा चयन में उनका नाम शामिल किया गया है। जबकि शासनादेश के अनुसार सन-2020 के बाद बने नए समूहों को कोटा चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा सकता। महिलाओं ने लोक जनसुनवाई पोर्टल व मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर अपने समूहों को कोटा चयन प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की है। आरोप है कि प्रधान और ब्लॉक कर्मचारियों की साठगांठ से नए समूह का नाम गुप्त तरीके से कोटे में शामिल किया गया है। महिलाओं ने पहले भी एसडीएम व डीएम से शिकायत की थी। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। कोटा चयन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है।

# डंपर ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित डीहा गांव के पास शुक्रवार को एक ट्रैक्टर में डंपर ने टक्कर मार दी। इसमें एक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। परिजनों ने गांव के सामने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।

माखी थानांतर्गत गांव उदितखेड़ा निवासी सुखवीर (25) भट्ठे में मजदूर था। शुक्रवार दोपहर वह बौनामऊ स्थित भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्राली में ईंट लादकर हरदोई जा रहा था। तभी हरदोई-उन्नाव मार्ग पर डीहा गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। हादसे में सुखवीर की मौत हो गई। जबकि, साथी श्रमिक हरेंद्र गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे गुस्साए परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। इससे सड़क के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक जाम लग गया। पुलिस ने नाराज परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। परिजनों के न मानने पर सीओ सफीपुर माया राय व सदर तहसीलदार अविनाश चौधरी ने 10 लाख मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन माने और जाम खुल सका। परिजनों ने तहसीलदार से बताया कि पुलिस लाठी पटककर व जबरदस्ती शव गाड़ी में लादकर ले गई। मृतक पांच भाईयों में तीसरे नंबर का था। उसके तीन बहनें हैं। बेटे की मौत से मां सियावती व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं घायल का इलाज चल रहा है। डंपर चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस से भयभीत अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- रोज-रोज पुलिस के घर आने से मानसिक तनाव में रहता था

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा निवासी रमेश (50) वाहन चालक था। उसका सौतेला बेटा नीलू कानपुर में रहता था। जबकि उसकी पत्नी सुनीता बीते मंगलवार को इलाज हेतु कानपुर गई थी। शुक्रवार सुबह रमेश का शव कमरे में लगे पंखे से लटका मिला।

रमेश की मौत की सूचना पर उसकी पत्नी और पुत्र मौके पर आ गए। रमेश की पत्नी सुनीता व मोहल्ले वालों ने बताया कि रमेश के विरुद्ध पुलिस से मुठभेड़ और लूट का मुकदमा दर्ज था। मोहल्ले वासियों के मुताबिक अक्सर पुलिस उसके दरवाजे पर दस्तक देती थी। जिससे वह काफी परेशान रहता था। पुलिस के डर से रमेश रात अपने मकान के बाहरी दरवाजे में बाहर से ताला लगवा देता था और सुबह खुलवाता था। बीती रात भी रमेश ने बाहर दरवाजे में ताला लगावाया था। सुबह जब उसके दोस्त ने ताला खोला तो देखा कि रमेश का शव फंदे से लटका था। तब उसने इसकी जानकारी मोहल्ले वासियों और परिजनों को दी।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहन खेड़ा निवासी महिला का पति से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव सोहनखेड़ा निवासी रामरानी (60) पत्नी रामसेवक का किसी बात को लेकर पति से झगड़ा हो गया। जिसके बाद रामरानी नाराज होकर कमरे में चली गई। शुक्रवार सुबह कमरे से बाहर न निकलने पर रामसेवक दरवाजा तोड़कर अंदर गया। जहां पत्नी का शव छत पर कुंडे में रस्सी से लटका देख उसके होश उड़ गए। रामसेवक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**समस्या** 13 सितंबर को गणेश प्रतिमा का गांव भ्रमण कर विसर्जन का है कार्यक्रम, खराब मार्ग से होगी परेशानी

# खराब सड़क व गंदगी की जिलाधिकारी से की शिकायत

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर गांव में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर श्री गणेश महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें 13 सितंबर को गणेश प्रतिमा का गांव भ्रमण कर विसर्जन किया जाएगा। लेकिन गणेश विसर्जन यात्रा के मार्ग में गंदगी की भरमार है।

भीषण गंदगी व रास्ता खराब होने से बीती 15 अगस्त को बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज द्वारा पारंपरिक प्रभात फेरी आयोजित नहीं की जा सकी थी। क्योंकि कालेज के पास का रास्ता बेहद खराब था। इस साल स्वतंत्रता दिवस कालेज परिसर में ही मनाया गया। अब गणेश महोत्सव की तैयारी में भी वही गंदगी और कीचड़ मुख्य अड़चन बन रही है। स्थानीय निवासी शिवमोहन, अंश गुप्ता, धर्मेंद्र, दिवाकर, सरोज, अनुज, उमेश, शिवम, सुमित, शिवानी, प्रियंका, काव्या, पायल, पूनम, महिमा, दीपिका, अर्चना, रजनी, हरिओम, सरस्वती, नीरज, कौशल, राजेंद्र, शिवप्रकाश और आजाद ने बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति से सड़क की सफाई की मांग की है। समिति ने डीएम को जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से इस समस्या को हल करने की मांग की है।



खराब व कीचड़ भरे रास्ते से निकलती छात्राएं। अमृत विचार



बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज की प्रबंधक मीनाक्षी तिवारी ने बताया कि मुख्य मार्ग से कालेज तक का रास्ता अत्यंत खराब है, जिससे छात्रों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है।



प्राचार्य दिवाकर नाथ त्रिवेदी ने कहा कि सरकारी परियोजनाओं के चलते छोटे विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है। गांव के सभी रास्ते खराब हैं और उनमें गंदगी इतनी अधिक है कि चलना भी मुश्किल हो रहा है।

# प्रतिमा विसर्जन के लिये झील की सफाई शुरू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग के किनारे स्थित गगनी खेड़ा और फत्तेखेड़ा झील में हर वर्ष बड़ी तादाद में मूर्तियों का विसर्जन होता चला आ रहा है। इस बार कम बारिश और बाढ़ न आने के कारण झील में पानी कम है। वहीं पूरी झील में जलकुंभी का अंबार है। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि और ईओ ने निरीक्षण किया।

गणेश महोत्सव आज से शुरू हो जायेगा। जिसके बाद दूसरे या तीसरे दिन से मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम चालू हो जाता है। शुक्लागंज व आस पास गांवों के लोग मूर्तियों को विसर्जन करने आते हैं। इधर गगनी खेड़ा झील में भारी मात्रा में जलकुंभी है। जिससे विसर्जन करने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता था। जिसे देखते हुये ईओ मुकेश कुमार मिश्रा और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने हो रही साफ सफाई का जायजा लिया। इसके साथ ही झील में अधिक मात्रा में जमा जलकुंभी को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिये। ईओ ने बताया कि झील की साफ सफाई शुरू करा दी गई है। इसके साथ ही झील तक पहुंचने वाले रास्तों का भी समतलीकरण कराया जा रहा है। वहीं आज प्रकाश व्यवस्था के लिये लाइटें लगाई जायेंगी। विसर्जन के दौरान झील में बेरीकेडिंग, दो नावें और आठ गोताखोर तैनात रहेंगे। इसके साथ ही पीने की पानी की भी व्यवस्था कराई जायेगी।



साफ-सफाई का जायजा लेते ईओ और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि। अमृत विचार

# राज्य सेतु निगम ने शुरू किया मृदा परीक्षण

## गंगा नदी पर होना है पुल का निर्माण, 50 मीटर की परिधि में होगी मिट्टी की जांच, लोगों को जाम से मिलेगी मुक्ति

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने कानपुर के सेतु निगम और पीडब्ल्यूडी को नए पुल के निर्माण के लिए फिजिबिलिटी सर्वे और अनुमान तैयार करने का आदेश दिया था। जिस पर कानपुर और शुक्लागंज के बीच चारलेन पुल निर्माण की प्रक्रिया को अमल में लाने के लिए राज्यसेतु निगम ने प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया है। शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों की देखरेख में पुराने यातायात पुल के पास मृदा परीक्षण का काम शुरू हुआ।


पुराने यातायात पुल के पास नये पुल के लिये होता मृदा परीक्षण। अमृत विचार

### एक सप्ताह तक चलेगा सर्वे का कार्य

- गुरुवार को मिश्रा कॉलोनी के आस पास सर्वे का काम किया गया। जिसके बाद शुक्रवार को भी टीम नवीन पुल, पुराने यातायात पुल के आस पास, रेलवे पुल, सीताराम कॉलोनी समेत आस पास के क्षेत्र में जाकर सर्वे का काम किया। टीम ने बताया कि अभी लगभग एक सप्ताह तक सर्वे चलता रहेगा।

### 100 फीट गहरा होगा फाउंडेशन

- गंगा नदी मे बनने वाले नये पुल का फाउंडेशन करीब सौ फीट गहरा होगा, जिससे पुल मजबूत रहने के साथ ही लंबे समय तक चल सके।

### हर डेढ़ मीटर पर मिट्टी के लिये गये सैंपल

- पक्के घाट पर मिट्टी परीक्षण कर रही टीम ने बताया कि सौ फीट गहराई में हर डेढ़ मीटर का सैंपल एकत्र किया जा रहा है। सारे सैंपल जांच के लिये भेजे जायेंगे। जिसके बाद देखा जायेगा कि पुल इस स्थान पर बन सकता है या नहीं।

पुराना यातायात पुल जर्जर होने के कारण वर्ष 2021 में बंद कर दिया गया था, जिससे लाखों लोगों को कानपुर आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नवीन पुल पर लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए शासन ने एक और फोरलेन पुल निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव के तहत, पुराने पुल के समानांतर एक नया पुल बनाने की योजना बनाई गई है।

राज्यसेतु निगम और लोक निर्माण विभाग से इस प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए आवश्यक स्टीमेट भी मांगा गया है। इस संदर्भ में गुरुवार से मिश्रा कॉलोनी की ओर सर्वे का काम शुरू कर दिया गया था। शुक्रवार को, राज्यसेतु निगम के सुपरवाइजर अजीत कुमार के नेतृत्व में पक्का घाट के पास मृदा परीक्षण का काम शुरू कराया। मृदा परीक्षण के तहत चयनित स्थान से लगभग 50 मीटर की परिधि में मिट्टी की जांच की जाएगी। इसके लिए 160 फीट गहराई तक बोरिंग की जाएगी।

इस परीक्षण का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि उस स्थान की मिट्टी किस प्रकार की है, ताकि पुल की नींव को मजबूती से स्थापित किया जा सके। परीक्षण के बाद मिट्टी के सैंपल को विभाग के लखनऊ लैब में भेजा जाएगा, जहाँ इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। इस प्रकार के प्रारंभिक कार्यों से उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही नए पुल का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

# हॉकी के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सीखेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** पर्यावरण सरंक्षण के लिए शुरू की गई मुहिम 'मिशन ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव' ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले 20 वर्षों से समाज सेवा और पौधे लगाकर पर्यावरण की स्वच्छता के लिए संकल्पित सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र व परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक और उत्तर प्रदेश नशा मुक्ति आंदोलन संचालक प्रदीप वर्मा ने परिषद के विद्यालयों के साथ ही गांवों में पहुंचकर इस मुहिम को और बढ़ाने के प्रयास में लग गये है। पिछले माह इसी कड़ी में अनूप ने औरास विकासखंड के रामपुर में पर्यावरण सुधार में लोगों को जागरूक किया।

अनूप और प्रदीप ने इस विषय में जब अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पूर्व ओलंपियन सुजीत कुमार से परिषद के बच्चों को हॉकी के नियमों के साथ ही खेलों में अनुशासन और इसके माध्यम से पर्यावरण को बचाने के प्रयासों सिखाने के लिए भेंट की तो उनका बड़ा ही सकारात्मक रुख देखने को मिला।


पूर्व ओलंपिक हॉकी खिलाड़ी से मुलाकात करते प्रदीप वर्मा व अनूप। अमृत विचार

उन्होंने रामपुर गढ़ौवा विद्यालय से ही शुरुआत करने की बात कही। सुजीत ने कहा कि खेलों में अच्छे परिणामों के लिए अनुशासन के साथ ही स्वस्थ शरीर होना जरूरी है। और स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है, स्वच्छ पर्यावरण। यदि खिलाड़ी को देश का बेहतरीन प्लेयर बनने की चाह हो तो इसके लिए उसे एक अच्छे वातावरण में भी रहना आवश्यक है।

उन्होंने अनूप और प्रदीप से कहा कि खेलों को पर्यावरण से जोड़ने पर इसके बेहद अच्छे परिणाम सामने आएंगे। रामपुर गढ़ौवा व नवाबगंज के बच्चों के फेडरेशन गेम्स में अच्छे प्रदर्शन को उन्होंने जिले की उपलब्धि बताते हुए कहा की उन्हें और निखारने के लिए आगे भी कड़ी मेहनत करनी होगी। सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित कर उन्होंने सभी को पौधे लगाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा अब वो दिन दूर नहीं जब बेसिक के बच्चे सुजीत से हॉकी के साथ साथ जीवन जीने की कला भी सीखेंगे और खेल खेल में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनेंगे।

# विश्वजीत बदरका ने रिषि को दी पटखनी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** विकासखंड के हिलौली के गुलरिहा गांव में शुक्रवार की शाम कजरी तीज के अवसर पर पारंपरिक अवसर पर दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें गैर जनपदों से आए पहलवानों ने दांव पेच दिखाए। मुक़ाबले में विश्वजीत बदरका ने कैलाश पल्टीखेड़ा को हराकर 11 हज़ार रुपये का इनाम अपने नाम किया। दंगल में दर्शकों ने पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।


दंगल में दांवपेच आजमाते पहलवान। अमृत विचार

गुलरिहा गांव में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार कजरी तीज पर्व के दिन विशाल दंगल का ग्राम प्रधान योगेंद्र सिंह भोले ने आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अनिल सिंह व ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित को ग्राम प्रधान योगेंद्र सिंह भोले ने अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। दंगल में गैर जनपदों से आए क़रीब आधा सैकड़ा पहलवानों ने अपने-अपने जौहर दिखाए। विश्वजीत बदरका व रिषि पल्टीखेड़ा के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया, विश्वजीत ने रिषि को पटखनी देकर फाइनल में प्रवेश किया। दंगल को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक पहुंचे। मैच में रेफरी की भूमिका मुन्नू द्विवेदी, बहादुर पाल, सुंदर लाल पाल ने निभाई व कमेंट्री की भूमिका में अरुण प्रताप सिंह रहे।

# कब्जे को लेकर किसान ने की शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा गांव निवासी किसान विशंभर ने बताया कि उसके पुस्तैनी खेतों से कुछ दबंग लोग रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

किसान ने गंगाघाट कोतवाली और जाजमऊ चौकी में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने एसपी और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। किसान ने आरोप लगाया कि उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर रास्ता बनाना प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल में भी शिकायत की है।

# जच्चा-बच्चा की मौत के जिम्मेदार अस्पताल संचालक को भेजा जेल

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** झोलाछाप द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से जच्चा-बच्चा की मौत पर परिजनों द्वारा हंगामा काटने की सूचना पर एसडीएम हसनगंज व सीओ बांगरमऊ व कई थानों की फोर्स मौजूद रही। परिजनों ने मागें पूरी होने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी अस्पताल संचालक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



हिरासत में आरोपी।

औरास थानाक्षेत्र के गांव निरखी खेड़ा के मजरा मिर्जापुर अजिगांव निवासी बाबूलाल की बेटी दीपा पत्नी सोहन की मौत झोलाछाप द्वारा इलाज करने के बाद हालत बिगड़ने के बाद लखनऊ में हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने लक्ष्य हॉस्पिटल के संचालक पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को परिजनों द्वारा शव रखकर हंगामा करने की सूचना पर एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद व सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। लेकिन, परिजन अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। जिस पर एसडीएम के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार गांव में प्रशासन की मौजूदगी में कर दिया।

# आदर्श नगर पंप हाउस 1 सप्ताह से बंद, मरम्मत में लगेंगे 3 दिन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आदर्श नगर स्थित पालिका के पंप हाउस की मोटर और केबल जल जाने के कारण पिछले एक सप्ताह से चार मोहल्लों की जलापूर्ति प्रभावित है। छह दिन पहले पंप हाउस की मोटर और केबल अचानक जल गईं। इस घटना की सूचना जल कल विभाग को समय पर नहीं मिली।


बंद पड़ा आदर्श नगर पंप हाउस।

- एक सप्ताह से सैकड़ों घरों की जलापूर्ति है प्रभावित

स्थानीय निवासियों द्वारा जलापूर्ति की समस्या की सूचना देने के बाद, दो दिन पहले जल कल विभाग के कर्मियों ने पंप हाउस की बोरिंग से जली हुई मोटर और केबल को बाहर निकाला। विभाग के अनुसार, जली हुई मोटर और केबल को मरम्मत के लिए भेजा गया है। इस मरम्मत में तीन दिन और लग सकते हैं, जिससे क्षेत्रीय लोगों को अभी और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आदर्श नगर पंप हाउस से जलापूर्ति सर्वोदय नगर, जगनी खेड़ा, कंचन नगर, आंशित गांधी नगर और आदर्श नगर के सैकड़ों घरों को की जाती है। वर्तमान में जलापूर्ति बंद होने के कारण लोग आर ओ वॉटर खरीदकर पानी का उपयोग करने पर मजबूर हैं। जल कल विभाग के प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पंप हाउस की मोटर और केबल दोनों जली हुई हैं और मरम्मत के लिए भेजी गई हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जलापूर्ति जल्द ही शुरू हो जाएगी, हालांकि इसमें अभी तीन दिन का समय और लग सकता है।

# पागल कुत्ते ने 37 लोगों को काटा

**सफीपुर।** बीती गुरुवार शाम से शुक्रवार शाम तक क़स्बे के मोहल्ला सरॉय सूबेदार, सराय खुर्रम, हाताबाजार, ब्राह्मणटोला समेत एक दर्जन मोहल्लों में एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। लोगों द्वारा दौड़ाए जाने पर उसने सराय खुर्रम में आर्यन (11), निर्मल नगर में रामकेवल कुशवाहा (65), दुबियाना में रितिका (6), गंगाप्रसाद (85), राहत गंज बाजार में असगर (21), ब्राह्मण टोला में करन सैनी (22), बाकरगंज में शाहिद (18), हाताबाजार में नजीर (8), राहतगंज बाजार में सक्षम गुप्ता (13), गुलाब बिल्डिंग मार्ग में उत्तम कुमार (42), सरॉय सूबेदार में प्रदीप (36), साहब लाल (50) व हर्ष (11), जटपूरवा निवासी आयुष (8), रोलिया निवासी ओमप्रकाश (25), बिलरावा निवासी जूही (12), पीरजादगान निवासी कुनैन (16) समेत 37 को काट लिया। सभी को सीएचसी लाकर इंजेक्शन लगाए गए हैं।

# सूडा के अपर निदेशक ने निर्माणाधीन पीएम आवास का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) के अपर निदेशक ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक के साथ ही समूह द्वारा कराए गए कार्यों की धरातल पर जाकर जांच की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के तहत निर्माणाधीन मकानों के कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए।


जांच करते सूडा के अपर निदेशक आनंद कुमार शुक्ला। अमृत विचार

- मकानों का कार्य समय से पूरा करने के दिये निर्देश

सूडा विभाग के अपर निदेशक आनंद कुमार शुक्ला एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत शहर आए। उन्होंने पहले पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में डूडा द्वारा संचालित दीनदयाल अन्त्योदय, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के कार्यो की समीक्षा बैठक की। अपर निदेशक ने आवासों की जानकारी ली। कहा कि जो भी आवास अभी पूरे नहीं हों, उन्हें जल्द पूरा कराये। अपर निदेशक ने शहर व गंगाघाट नगर पालिका परिषद के रोशनी स्वयं सहायता समूह, गरिमा, शीतल, विनायक व दीपक से जुड़ी महिलाओं कि किए जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद सिंह, शहर मिशन प्रबंधक आदर्श परिहार, प्रतीक गुप्ता, स्टेट कोआर्डिनेटर अशोक गुप्ता, लिपिक श्यामा चरण बाजपेई, जेई प्रवीन कटियार, प्रोजेक्ट मैनेजर शिवम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### श्रीसीताराम महाराज की 12वीं पुण्यतिथि पर अनुष्ठान शुरू

**शुक्लागंज।** चंपापुरवा स्थित पंचमुखी और चिंताहरण हनुमान जी महाराज मंदिर एवं श्री सीताराम बाबा आश्रम में श्री सीताराम महाराज जी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 6 सितंबर को पहले दिन श्री सीताराम नाम महाराज जी के अखंड सीताराम कीर्तन और चरण पादुका पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। 7 सितंबर को पुण्यतिथि के दूसरे दिन महाराज जी की शोभायात्रा एवं श्रृंगार तथा अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शोभायात्रा आश्रम से शुरू होकर मिश्रा कॉलोनी होते हुए, राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में समाप्त होगी। 8 सितंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर के अलावा नासिक, जबलपुर, कानपुर और उन्नाव से भी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में नासिक से विलास शुक्ला, हरिश्चंद्र बाजपेई, रामू मिश्रा, छोटू भैया, पंकज, अनुज और अभिषेक समेत अन्य सेवक शामिल हुए। श्री सीताराम बाबा आश्रम के पुजारी गोविंद दास जी ने कार्यक्रम की जानकारी दी।


सरैयां क्रासिंग के पास जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

### खराब सड़क और पुलिस के न होने से बैराज पर लगा जाम

**शुक्लागंज।** बारिश होने के कारण बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास तमाम छोटे-बड़े गड्ढे हो गये हैं। जिस कारण वाहन रेंगते हुये निकलते हैं और गड्ढों में फंस जाने के कारण जाम लगना शुरू हो जाता है। शुक्रवार सुबह से शाम तक कई बार जाम की स्थिति बनी रही। जिससे वाहन सवार खासे परेशान रहे। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग से शुक्रवार सुबह के समय अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकली। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। क्रासिंग खुलने के बाद भी वाहनों की कतारें लगी रही। इसी तरह दोपहर एक बजे से दो बजे तक वाहनों का अधिक भार होने से जाम लगा रहा। जाम में फंसे वाहन सवारों ने अपने वाहन आड़े तिरछे लगा दिये। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। वहीं पूर्व में सरैयां क्रासिंग पर जाम हटवाने के लिये पीआरडी के जवान मौजूद रहते थे, वह भी इस समय नहीं है। जिस कारण आय दिन जाम लग रहा है। जाम लगने के कारण तमाम वीआई और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### भूमि पर कब्जा करने वाले 9 नामजद समेत 18 पर रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर चौरासी।** बीते गुरुवार तकिया चौराहे के पास एक भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इसमामले में भू-स्वामी के भतीजे ने 9 ज्ञात व 9 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के गांव सैता निवासी सामिन पुत्र मुन्ना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार दोपहर दो बजे अपने चाचा आरिफ़ खां की भूमि जो गांव पतौली में है। जिसमें निर्माण कार्य हो रहा था। वह जमीन की देखरेख कर रहा था। तभी गुलाम हसन, नबी हसन पुत्र रसूल, मोबिन पुत्र नूरहसन, सफीना पत्नी नूरहसन, नगीना पत्नी मोबिन, रेशमा पत्नी नबीहसन व समियन पत्नी नीरू, महेशर जहां पुत्री मोबिन मीरू पुत्र रसूल निवासी पतौली आठ-नौ साथियों के साथ आए और वहां लगीं बल्लियां उखाड़कर फेंकते हुए पन्नी व तिरपाल का तंबू लगाकर भूमि पर कब्जा करने लगे। उसके मना करने पर उन लोगों ने गालीगलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसकी दादी मेहरून व बुआ अकबरी, मुन्नी घायल हो गईं। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

### डिप्टी सीएम के निर्देश पर पुलिस ने दर्ज की महिला की रिपोर्ट

**फतेहपुर चौरासी।** उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की शिकायत दर्ज की है। पीड़िता ने पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव खलकखेड़ा निवासी सोनी पुत्री रामबाबू ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसकी शादी 2 वर्ष पूर्व कानपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के गांव बरसाइत निवासी राहुल पुत्र राकेश से हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन उस पर मायके से कार लाने का दबाव बना रहे थे। मांग पूरी न होने पर बीती 19 जुलाई को पति राहुल, ससुर राकेश, देवर अंकित व सास सरोज ने उसे घर से भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके सात माह की एक बेटी है। उसने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से न्याय की गुहार लगाई थी। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

**उन्नाव।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो में लापरवाही को लेकर जांच बैठा दी गई है। सीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम गठित कर मिली शिकायतों की जांच का विवरण मांगा है। 14 अगस्त को कई लंबित मामलों की शिकायत की गई थी। जिस पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने जांच के लिए परियोजना निदेशक डीआरडीए, स्वत: रोजगार उपायुक्त व वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत को जांच अधिकारी बनाया हैं। उत्तर प्रदेश पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सीडीओ से शिकायत किया था कि बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों द्वारा शिक्षकों के गर्भपात, चिकित्सीय, बाल्यकाल अवकाश लंबित रखकर स्वीकृत या अस्वीकृत किए जाते है। जो कि नियम विरुद्ध है। ऐसे कई प्रकरणों की शिकायत सीडीओ के पास पहुंचने पर उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग पर कड़ी कार्रवाई के लिए पहले जांच के लिए टीम गठित किया है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा शंकर मिश्र ने बताया है कि प्रकरण सीडीओ के समक्ष रखा गया था उन्होंने इस विषय में एक जांच समिति गठित की है। हम लोग जांच समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रहें हैं।

त्योहार

महिलाओं और युवतियों ने गंगा स्नान कर विधि-विधान से की पूजा

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा हरितालिका व्रत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पति की दीर्घायु के लिये रखे जाने वाले व्रत के लिए महिलाओं गुरुवार को खरीददारी की। महिलाओं ने पूजा अर्चना के लिए शिव पार्वती की प्रतिमाएं खरीदी। जिसके बाद विधि विधान से गंगा स्नान कर पूजा की।


गंगा स्नान करतीं महिलाएं। अमृत विचार


हरितालिका तीज की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

हिन्दू धर्म के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरितालिका तीज का व्रत किया जाता है। यह व्रत महिला प्रधान है। इसी दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रहकर अपने परिवार की सुख शान्ति तथा अखंड सौभाग्य के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। व्रत करने वाले को शरीर के कष्ट सहना पड़ता है इसलिए इसे तप भी कहा जाता है माता पार्वती ने ऐसा ही तप कर प्रभु शिव शंकर जी को पति के रूप में प्राप्त किया था।

महिलाओं ने दिन भर व्रत रखने के बाद शाम के समय गंगा स्नान किया। जहां आनंद घाट, गंगा विशुन घाट, दोनों पुलों के बीच, शिव पंडा घाट में महिलाओं की भीड़ रही। हरतालिका तीज का व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती को रेशम के वस्त्र अर्पित करने का विधान है। तीज की पूजा सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में करना सबसे शुभ माना जाता है। हरतालिका तीज व्रत में रात्रि जागरण का विशेष महत्व होता है। इस व्रत में आठों पहर पूजन करने का विधान है, रात्रि के समय शिव-पार्वती के मंत्रों का जाप या भजन करना चाहिए। चतुर्थी तिथि यानी अगले दिन व्रत को खोला जाता है। व्रत की पारण विधि के अनुसार ही व्रत का पारण करना चाहिए। इस बार हरतालिका तीज पर रवि योग बना है।

# महिलाओं ने 24 घंटे निर्जला व्रत रख कर की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** अखंड सौभाग्यवती का पर्व हरतालिका तीज शुक्रवार को श्रद्धा, उल्लास से मनाया गया। पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला व्रत रखा। इस अवसर पर कुंवारी युवतियों ने भी व्रत रखकर अच्छे सुयोग्य वर की कामना की। शाम को श्रृंगार करके विधि- विधान से शिव-पार्वती का पूजन-अर्चन किया और मंगल गीत गाया। इस अवसर पर महिलाओं ने तरह-तरह की डिजाइन की मेहंदी लगाई। साथ ही नए कपड़े व आभूषण से सज-संवर कर तैयार होकर पूजन किया और व्रत की पौराणिक पार्वती शिव की कथा सुनी और आचार्यों को दक्षिणा दिया। हरितालिका व्रत शुक्रवार के दिन होने से ज्यादा पुण्यदायी रहा। मान्यता है यह दिन देवियों का दिन हैं। साथ ही माताएं महिलाओं को सौभाग्य प्रदान करती हैं। व्रती महिलाओं ने मनोकामना की प्राप्ति के लिए शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की। साथ ही फल, खीरा, मिठाई, वस्त्र, सुहाग की सामग्री दान किया।

- कुंवारी युवतियों ने भी व्रत रखकर की अच्छे और सुयोग्य वर की कामना

दुर्जन :परिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सर्प :किमसौ न भयंकर : ॥

दुष्ट व्यक्ति यदि विद्या से सुशोभित भी हो अर्थात वह विद्यावान भी हो तो भी उसका परित्याग कर देना चाहिए। मणि से सुशोभित सर्प क्या भयंकर नहीं होता?

## संपादकीय

# जल संचय में जनभागीदारी

बढ़ती वैश्विक आबादी, कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती मांग के कारण पानी की कमी और जल संसाधनों में कमी आई है। इसका पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यानी सतत विकास के लिए पानी आवश्यक है। पानी एक सीमित संसाधन है, जो जीवन के सभी पहलुओं के लिए आवश्यक है। भारत में दुनिया के कुल ताजा पानी का सिर्फ 4 प्रतिशत ही है। एक बड़े भूभाग को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। कई जगहों पर पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन इस संकट को और गहरा रहा है। भविष्य की पीढ़ियों के लिए इस बहुमूल्य संसाधन की उपलब्धता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जीवन के सभी पहलुओं में जल संरक्षण प्रथाओं को अपनाना आवश्यक है। इसलिए जल की कमी और संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता को दुनिया भर में निकट भविष्य की चुनौतियों के रूप में पहचाना जाता है। सरकार ने टिकाऊ भविष्य के लिए जिन नौ संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल-संरक्षण पहला संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'जल संचय जनभागीदारी पहल' की शुरुआत की और कहा कि जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है तथा जागरूकता, जनभागीदारी और जन आंदोलन इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है। जागरूक जनमानस, जनभागीदारी और जनआंदोलन ये इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है।

गौरतलब है कि जल संरक्षण प्रथाओं में कई तरह की गतिविधियां और प्रौद्योगिकियां शामिल हैं जिनका उद्देश्य पानी की खपत को कम करना और पानी की बर्बादी को रोकना है। जल संरक्षण प्रथाओं के कुछ उदाहरणों में कुशल सिंचाई, कम प्रवाह वाले उपकरण और पानी का पुनः उपयोग शामिल हैं। जल संरक्षण भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। देश के कई राज्यों में जल संचयन की पुरातन परंपरा रही है। विशेषकर राजस्थान तो इसका ज्वलंत उदाहरण है। वर्तमान में जल का समुचित प्रबंधन ही हमारी सभ्यता को जीवित रख सकता है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसी रणनीतियों के संयोजन की आवश्यकता है, जो व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारों को स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जल संरक्षण को बढ़ावा देने की कुछ रणनीतियों में शिक्षा अभियान, मूल्य निर्धारण तंत्र, विनियमन और प्रौद्योगिकी नवाचार शामिल हैं। जलसंकट की त्रासदी का हल खोजने के लिए भारत को दुनिया में सबसे आगे खड़ा होना ही होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि जनभागीदारी से भारत को जल संरक्षण की दिशा में पूरी मानवता के लिए एक प्रेरणा बनाएंगे।

# एलएसी की व्याख्या बिना भारत-चीन विवाद का हल संभव नहीं



पुष्परंजन
वरिष्ठ पत्रकार

अप्रैल 2018 में मोदी-शी वुहान में मिले और 2019 में महाबलीपुरम में दोनों विश्व नेता बगलगीर हुए, लेकिन 2020 आते-आते सीमा तनाव बढ़ गया, जब गलवान घाटी में हुई झड़पों में दर्जनों भारतीय सैनिक और उसके लगभग आधे चीनी सैनिक मारे गए थे।

चीन और भारत ने दशकों पुराने सीमा विवाद का जल्द समाधान करने का संकल्प किया है। पिछले सप्ताह 31 वें दौर की कूटनीतिक वार्ता का समापन करते हुए,दोनों देशों ने संबंधों को मजबूत करने और सीमा पर तनाव को कम करने का अहद किया है। पेइचिंग बैठक के बाद, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा,"दोनों पक्ष बातचीत और परामर्श को मजबूत करने,एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने और जल्द से जल्द एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकलने पर सहमत हुए हैं। दोनों पक्ष सीमा संबंधी समझौतों का सख्ती से पालन करेंगे और जल्द से जल्द सीमा की स्थिति को सुधारकर, एक नया अध्याय शुरू करेंगे।" भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी हामी भरते हुए कहा है कि दोनों पक्ष "राजनयिक और सैन्य चैनलों" को दुरुस्त करने पर सहमत हुए हैं। इसमें कहा गया है,"एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) का सम्मान, द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए बुनियादी आधार है।"

वास्तविक नियंत्रण रेखा से तात्पर्य 3,200 किलोमीटर की प्रभावी सीमा रेखा से है। सहमति के अभाव में जिसे अब भी सही से परिभाषित नहीं किया गया है। न तो चीन के बयान में और न ही भारत ने इसकी व्याख्या की है। सीमा वार्ता का 31 वां दौर नई दिल्ली में आयोजित पिछले संस्करण के ठीक एक महीने बाद संपन्न हुआ है। गतिरोध का यह चौथा साल है। दोनों पक्षों को लगा कि वार्ता को गति दी जानी चाहिए। तो क्या, इसमें पुतिन की भी कोई भूमिका है? इस सवाल को यहीं छोड़ जाते हैं। पेइचिंग में हुई बैठक की सह-अध्यक्षता चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक हांग लियांग और भारतीय विदेश मंत्रालय में पूर्वी एशिया के संयुक्त सचिव गौरंगलाल दास ने की। दोनों पक्षों के राजनयिक, राष्ट्रीय रक्षा और आव्रजन विभाग के कर्मचारी भी बैठक में उपस्थित थे। सीमा तनाव को हल करने के लिए कूटनीतिक वार्ता का पहला दौर 2012 में आयोजित किया गया था। भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए बने कार्य तंत्र को, "वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोआर्डिनेशन ऑन इंडिया-चाइना बॉर्डर अफेयर्स" (डब्ल्यू.एम.सी.सी.), नाम दिया गया है। वार्ता का प्रस्ताव तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री वेन चियापाओ ने 2010 में भारत की यात्रा के दौरान रखा था। उसके प्रकारांतर 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के न्यौते पर प्रेसिडेंट शी भारत आए, अहमदाबाद में साबरमती के तट पर झूले का आनंद लिया। उन दिनों दिव्य स्वागत से लगा था कि सीमा पर शांति स्थाई रूप से आएगी।

> चीन, समुद्री सीमा विवाद में दोनों कोरिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रूनेई, लाओस, मलयेशिया, इंडोनेशिया, जापान और वियतनाम से गाहे-बगाहे उलझता रहा है, लेकिन चीन अब सुधर रहा है। अपने सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सीमा विवाद सुलझाने की ओर ध्यान देने लगा है, भारत के संदर्भ में यह बड़ी बात है।

अप्रैल 2018 में मोदी-शी वुहान में मिले और 2019 में महाबलीपुरम में दोनों विश्व नेता बगलगीर हुए,लेकिन 2020 आते-आते सीमा तनाव बढ़ गया, जब गलवान घाटी में हुई झड़पों में दर्जनों भारतीय सैनिक और उसके लगभग आधे चीनी सैनिक मारे गए थे। 2022 के बाद से कम से कम दो बार सीमा पर संघर्ष की खबरें आई हैं। इसके बाद कई वरिष्ठ रक्षा-स्तरीय और कूटनीतिक वार्ताएं हुईं। इनसे तनाव कम करने में मदद मिली है, लेकिन पश्चिमी हिमालय में सैन्य गतिरोध में कोई बुनियादी बदलाव नहीं आया है। बहरहाल पिछले महीने चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कजाकिस्तान में एक क्षेत्रीय बैठक के दौरान अपने भारतीय समकक्ष सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। दो सप्ताह बाद लाओस में भी दोनों मिले। इन कदमों को मोटे तौर पर दोनों पक्षों द्वारा संबंधों में तनाव को कम करने के प्रयासों के रूप में देखा गया है,लेकिन दोनों पक्ष जब तक एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) की व्याख्या नहीं कर लेते, भारत-चीन विवाद का स्थाई हल संभव नहीं है। यह एक अवसर है कि दोनों देशों की लीडरशिप मिल-बैठकर इसकी सर्जरी करें और नोबेल शांति पुरस्कार के साझा हकदार बनें। 14 देशों से चीन की जमीनी सीमाएं मिलती हैं। नार्थ कोरिया, रूस, मंगोलिया, कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, इंडिया, नेपाल, भूटान, म्यांमार, लाओस और वियतनाम। फरवरी 2022 में नेपाल ने सीमा पर अतिक्रमण करने का आरोप चीन पर लगाया था। नेपाल की ओर से आधिकारिक तौर पर यह दावा किया गया कि चीन,नेपाल के सुदूर पश्चिम,हुमला जिले में अतिक्रमण कर रहा है। हालांकि काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने किसी भी अतिक्रमण से इंकार किया था। चीन और भूटान के बीच 292 मील लंबी सीमा है। दोनों पक्ष सीमा विवाद सुलझाने के प्रयास में हैं।

चीन, समुद्री सीमा विवाद में दोनों कोरिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रूनेई, लाओस, मलयेशिया, इंडोनेशिया, जापान और वियतनाम से गाहे-बगाहे उलझता रहा है, लेकिन चीन अब सुधर रहा है। अपने सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सीमा विवाद सुलझाने की ओर ध्यान देने लगा है, भारत के संदर्भ में यह बड़ी बात है। हिन्द-प्रशांत में अमेरिका को भारत का ही कंधा दिखता है, लेकिन क्या हम अमेरिका के भरोसे टकराव की राह पर चलते रहें? चीन के लिए आज की तारीख में भारत एक विशालकाय बाजार है और भारत की निर्भरता चीन पर बनी रहेगी,यह उस कहावत को चरितार्थ करता है-"गधे के बिना धोबी का गुजारा नहीं और न धोबी के बिना गधे का।"

चीनी आयात पर भारत की निर्भरता विशेष रूप से ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रही है। कार पार्ट्स का 20 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक घटकों का 70 फीसद चीन से आयात होता है। इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल उपकरण, कार्बनिक रसायन, मशीनें, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, लोहा और इस्पात, चिकित्सा और ऑप्टिकल उपकरण, प्लास्टिक, उर्वरक, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, कपड़ा और अन्य घरेलु वस्तुएं चीन से न आए,तो बाजार में हाहाकार मच जाए। वैश्विक व्यापार में चीन ने खुद को एक "विनिर्माण महाशक्ति" के रूप में स्थापित किया है,जो दुनियाभर के देशों को विविध उत्पाद प्रदान करता है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' महाभियान को सही से समझने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों में चीनी उत्पादों के आयात में भारी वृद्धि देखी जा रही है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उपकरण, हार्डवेयर और घटक, विद्युत उपकरण, उर्वरक और रसायन सबसे डिमांडिंग चीनी आयातों में से रहे हैं। कार के 20 प्रतिशत हिस्से और बिजली के 70 फीसद कम्पोनेंट्स चीन से ही आ रहे हैं। एपीआई का 70 प्रतिशत और चमड़े की वस्तुओं का 40 प्रतिशत हिस्सा चीन से भारत में आयात किया जाता है। निर्यात आयात डेटा के अनुसार 2023 की पहली तिमाही के अंत में चीन से आयातित उत्पाद बढ़कर 98.5 अरब डॉलर हो गए थे,जो चीन से भारत में आयात में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार मालूम नहीं क्यों, आम जनता से इस तथ्य को बताने से कतरा रही थी। भारत और चीन के बीच उभयपक्षीय व्यापार 2021-22 में 115.83 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था,जो 2020 में 86.39 बिलियन डॉलर के मुकाबले 34 प्रतिशत अधिक है। उन्हीं दिनों चीनी सामानों के बहिष्कार के भावनात्मक नारे लग रहे थे। उद्योग-वाणिज्य मंत्रालय के सूत्र बताते हैं कि इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चीन से भारत में आयात किए जाने वाले शीर्ष उत्पाद हैं। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेलीविजन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं।

वैश्विक व्यापार डेटाबेस के अनुसार, " भारत ने 2022 में चीन से 30.63 बिलियन डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदे। सेल फोन चीन से भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक आयात है।" मार्च 2024 में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका था। दोनों देशों के बीच 118.41 बिलियन डॉलर का उभयपक्षीय व्यापार हुआ,जो अमेरिका से आगे निकल चुका है। इसी अवधि में अमेरिका-भारत का व्यापार, 118.29 अरब डॉलर रहा है। चीन से आयात की रफ्तार से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम फ्लॉप हो चुका है। उसकी सबसे बड़ी वजह लेबर प्रॉब्लम है,दूसरा कच्चे उत्पाद की कमी। सबसे बड़ी बात, चीन के मुकाबले सस्ता उत्पाद बनाने में भारतीय कंपनियां विफल रही हैं।

## प्रसंगवश

# भौतिकवाद जीता

हम यहां इस विषय पर कोई निबंध नहीं लिख रहे हैं। दो ठोस उदाहरण पेश कर रहे हैं। एक एकदम ताजा और दूसरा कोई 75 वर्ष पुराना। पहला और ताजा उदाहरण स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक आदित्य वर्द्धन सिंह का है,जो वाराणसी में पदासीन थे और लखनऊ उनका निवास था।

वे अभी चंद रोज पहले कानपुर जिले के बिल्हौर के निकट गंगाजी के नानामऊ घाट पर मित्रों सहित स्नान करने गए थे। वे तैरना जानते थे। इस भ्रम में धारा में ज्यादा आगे बढ़ गए, संभल नहीं पाए और डूबने लगे। तट पर खड़े उनके मित्रों ने जब यह स्थिति देखी, तो घाट पर उपस्थित गोताखोरों से बचाने का आग्रह किया। गोताखोर ने दस हजार रुपये पेशगी भुगतान पर जोर दिया। अब उस समय ये लोग इतनी नकदी तो लेकर गंगा स्नान करने गए नहीं थे, अतः गोताखोरों से हाथ जोड़कर डूबते मित्र को बचाने और बाद में पैसे दे देने का आग्रह करते रहे,किंतु सब निष्फल। गोताखोर ने जब ऑनलाइन दस हजार का भुगतान ले लिया, तब गंगाजी में कूदा। हालांकि तब तक उप-निदेशक डूब चुके थे। यह दर्दनाक हादसा आज के प्रचंड भौतिकवाद और धन-सर्वस्व को उजागर करता है। दूसरा उदाहरण अब से 75-80 साल पहले हमारे बचपन का है। यह भी कानपुर जिले की बिल्हौर तहसील का ही है। बस घाट बदला है। वह नानामऊ न होकर ब्रह्मावर्त था। मेरे जन्म ग्राम विशुनपुर में मेरे पिता जी से एक पीढ़ी ऊपर के सज्जन बच्चू मिश्र रहते थे। वे एक कुशल तैराक और डुबकी लगाने में माहिर थे। बढ़ी हुई गंगा में निकटवर्ती बिठूर (ब्रह्मावर्त) स्नान करने गए थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बिठूर के पंडे/गंगापुत्र अच्छी तरह जानते थे कि बच्चू महराज अच्छे तैराक हैं। बच्चू गंगाजी में कूदे और गहरे में जाकर अपनी कलाबाजियां दिखाने लगे। प्रवाह तेज था, वे थक गए और डूबने लगे। पहले तो तटवर्ती गंगापुत्रों को भ्रम हुआ कि महाराज डुबकी लगाने का प्रदर्शन कर रहे हैं,किंतु जल्दी ही वे यह भांप गए कि अरे! ये तो डूब रहे हैं और बिना समय खोए कई लोग गंगाजी में फांद पड़े तथा बच्चू को सकुशल बाहर निकाल लाए। पैसे का कोई सवाल ही नहीं। न पहले, न बाद में। आज मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता और नैतिकता में हम कहां से कहां पहुंच गए हैं?

# गणेश उत्सव मनाना पहले से अधिक प्रासंगिक



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> कहने को तो हम आज विश्व ग्राम में जी रहे हैं, किंतु हम कितने अकेले हैं यह इससे प्रमाणित होता है कि पड़ोसी पड़ोसी को नहीं पहचानता है। परिवार बिखर रहे हैं।

गणेश जी को सनातन संस्कृति में बुद्धि, समृद्धि देने वाले और विघ्न-बाधाओं को हरने वाला देवता माना जाता है तथा सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में प्रथम पूज्य देव के रूप में पूजने की परंपरा है। भारत में गणेश उत्सव की सार्वजनिक रूप से मनाने की शुरुआत 1893 में बाल गंगाधर तिलक ने राजनीतिक एवं सामाजिक मंच के रूप में की थी। उस समय इसका मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारतीय समाज को एकजुट करना था।

तिलक जी का मानना था कि गणेशोत्सव एक ऐसा त्योहार है, जो विभिन्न समुदायों और जातियों के लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध एक साथ ला सकता है और इसे सार्वजनिक एवं सामूहिक रूप से मनाने से लोगों में एकजुटता और राष्ट्रीयता की भावना में वृद्धि होगी तथा उनमें स्वतंत्रता की इच्छा जागृत की जा सकती है। तिलक ने जैसा सोचा था कालांतर में गणेश उत्सव मनाने का प्रभाव वैसा ही हुआ। इस उत्सव ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में विभिन्न जाति, समुदाय के लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसा नहीं है कि तिलक के आह्वान के पूर्व गणेश उत्सव नहीं मनाया जाता था। पहले भी गणेश उत्सव मनाया जाता था,किन्तु तब वह मुख्य रूप से घर-परिवार तक सीमित था।

प्रश्न यह उठता है कि आज जब भारत पूर्ण रूप से स्वतंत्र गणराज्य है तब क्या भारतीयों को सामूहिक एवं सार्वजनिक रूप से गणेश उत्सव मनाने की आवश्यकता है? मेरे विचार में तो आज गणेश उत्सव का सार्वजनिक रूप से मनाया जाना पहले से ज्यादा आवश्यक एवं प्रासंगिक दिखाई देता है। आज भारतीय समाज विभिन्न जाति, धर्म, संप्रदाय में स्वतंत्रता पूर्व की स्थितियों की तुलना में अधिक बंटा हुआ है। सनातन समाज की बात तो निराली है, भारत में सर्वाधिक होते हुए भी न सिर्फ पहले से ज्यादा जातियों और समुदायों में बंटा और बिखरा हुआ है अपितु इनमें अन्य धर्मों की तुलना में एकता, भाईचारा, समन्वय की डोर भी कमजोर दिखाई देती है। यही कारण है कि अन्य धर्म में विश्वास करने वाले लोग सनातन और उसके धार्मिक ग्रंथों को समय-समय पर तरह-तरह से अपमानित करते रहते हैं। सनातनी ईश्वर के अवतारों को काल्पनिक बताते हैं। सनातन धर्म से अन्य धर्मों में परिवर्तन के समाचार भी आए दिन सुनने को मिलते रहते हैं।

आज देश में वैमनस्य, अपराध और हिंसा की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। राष्ट्र विरोधी ताकतें भी पनप रही हैं और उनकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियां देश को कमजोर करने में लगी हुई हैं। लोगों को बांटा जा रहा है। उनमें झूठ फैलाया जा रहा है। पाखंड,अंधविश्वास, जादू, टोना- टोटका, पूजा-पाठ के नाम पर ठगी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। सामाजिक बुराई जैसे नशावृत्ति, धूम्रपान, लूटपाट, अपहरण, हत्या, बच्चियों तथा महिलाओं के साथ छेड़छाड़, बलात्कार,हिंसा आदि की घटनाएं शासन-प्रशासन से लेकर आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इन स्थितियों में सार्वजनिक एवं सामूहिक रूप से गणेश उत्सव का विभिन्न स्थानों पर आयोजन और उन आयोजनों में सामाजिक बुराइयों और राष्ट्र के सामने खड़ी चुनौतियों से जुड़े विषयों के कारण और समाधान पर चर्चा, प्रदर्शनी, व्याख्यान, नाटक आदि देश में इन विषयों पर जनजागृति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समाज को राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए एकजुट कर सकते हैं।

कहने को तो हम आज विश्व ग्राम में जी रहे हैं, किंतु हम कितने अकेले हैं यह इससे प्रमाणित होता है कि पड़ोसी पड़ोसी को नहीं पहचानता है। परिवार बिखर रहे हैं। ऐसे में बच्चों में सामाजिकता के संस्कार पल्लवित नहीं हो रहे हैं। मोहल्ला संस्कृति तिरोहित हो गई है। सभी मोबाइल के काल्पनिक जगत में रहना अधिक पसंद करने लगे हैं। आज दशहरा, दीपावली, होली पर भी लोग एक-दूसरे के घर कम ही जा पाते हैं,मोबाइल पर ही शुभकामना संदेश ढेरों पहुंचते हैं। व्यक्ति बहुत ही एकाकी हो गया है। इस एकाकीपन से अनेक समस्याएं और मानसिक रोग जन्म ले रहे हैं।

विशेषज्ञ हमें चेता रहे हैं कि आने वाली महामारी मानसिक रोगों की होगी। इन सब भयावह स्थितियों से यदि समाज को बचाना है, बच्चों में पारस्परिक व्यवहार के संस्कार विकसित करना है,परिवारों को परिवारों से, जाति को जातियों से जोड़ना है और समाज को विघटन होने से बचना है तो गणेश उत्सव जैसे तमाम त्योहारों के माध्यम से मेल-जोल बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। अतः गणेशोत्सव का आयोजन केवल धार्मिक न रखते हुए नए संदर्भों और उद्देश्यों को सामने रखकर करने की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# मामला इतना सीधा सपाट नहीं

सर्वोच्च न्यायालय की बुलडोजर न्याय मसले पर कुछ आरंभिक टिप्पणियों से एक पक्ष के चंद लोगों को जो सुखाभास हो रहा है, वैसा कुछ इतना सीधा सपाट नहीं है। घर या कोई भी 'बिल्डिंग' इसलिए नहीं गिराए जा रहे कि कोई बलात्कारी है या हत्यारा है या राज्य के विरुद्ध कोई बड़ा घात कर बैठा है,बल्कि वे इसलिए गिराए जा रहे हैं कि उनका निर्माण अवैध रूप से हथियाई गई जमीन पर है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह तो एक सामान्य बात है कि कानून के मुताबिक अगर कोई दोषी करार हुआ भी है तो केवल इस कारण से किसी का आवासीय घर या कारोबार की बिल्डिंग बुलडोज नहीं की जा सकती। यह न तो नैतिक है और जो नैतिक नहीं वह कानूनन भी नहीं होना चाहिए। भले ही इस पर भारतीय न्याय संहिताओं में कोई स्पष्ट व्याख्यायित कानून की धारा हो या न हो। अब जब अवैध निर्माण के कारनामें जग जाहिर हो जाएं तो क्या सरकारें हाथ पर हाथ रखे बैठी रहें? कौन नहीं जानता कि भारतीय न्याय अमूमन कितना विलंबित हो जाता है। ऐसे में न्यायप्रिय सरकारें चुपचाप बैठी रह जाएं तो फिर त्वरित न्याय की जनआकांक्षाओं पर कैसे खरी उतरेंगी? इसलिए बुलडोजर न्याय का उदाहरण दिखाकर उत्तर प्रदेश ने न्याय की एक मिसाल कायम की है और एक दिशा दिखाई है, जो प्रकारांतर से भारतीय न्याय व्यवस्था की ही पक्षधर है। यह दिखता है कि न्याय डेलिवर हुआ है?

अपराधी सबक लें, धत कर्म करने और कानून को हाथ में लेने की जुर्रत न करें। गैर कानूनी निर्माण करने से परहेज करें। कानून का पालन करने वाले श्रेष्ठ नागरिक का उदाहरण प्रस्तुत करें। आज उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था के लिहाज से ऐसे ही अन्य तमाम राज्यों का सिरमौर नहीं बना हुआ है। आगामी सुनवाइयों में इन पहलुओं को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचारण के लिए रखा ही जाएगा और जो भी आखिरी फैसला आएगा, कहना नहीं है कि वह शिरोधार्य होगा ही।

-फेसबुक वॉल से

# डिजिटल युग के अपराधों पर कैसे लगे लगाम



डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत में फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के बावजूद, नए कानून ऐसे अपराधों पर मुकदमा चलाने में शामिल जटिलताओं को कवर नहीं करते हैं।

हाल ही में भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, औपनिवेशिक युग के कानूनों से भारतीय न्याय संहिता और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता में बदलाव किया गया है। हालांकि नई संहिता में साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी जैसे डिजिटल युग के अपराधों से निपटने के लिए व्यापक प्रावधानों का अभाव है, जिनकी आज के तकनीकी रूप से संचालित समाज में प्रासंगिकता तीव्रता से बढ़ रही है। नई संहिता वर्तमान के डिजिटल युग बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे कि साइबर स्टॉकिंग, फिशिंग और डेटा उल्लंघन के दायरे को पर्याप्त रूप से परिभाषित नहीं करती हैं।

भारत में फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के बावजूद, नए कानून ऐसे अपराधों पर मुकदमा चलाने में शामिल जटिलताओं को कवर नहीं करते हैं। डेटा उल्लंघनों पर बढ़ती चिंता के साथ, डेटा संरक्षण और गोपनीयता उल्लंघन के लिए विशिष्ट प्रावधान प्रदान करने में नई आपराधिक संहिता विफल रही हैं। वर्तमान आपराधिक संहिताओं में डिजिटल साक्ष्यों को एकत्रित करने,उन्हें संरक्षित करने तथा न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देशों का अभाव है,जो डिजिटल अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल उत्पीड़न, विशेष रूप से महिलाओं और नाबालिगों को लक्षित करना,नए कानूनी ढांचे में इस संदर्भ में किए गए प्रावधान अपर्याप्त है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, साइबर उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि हुई है। विशेष तौर पर महिलाओं के खिलाफ, परंतु नई संहिता ऐसे अपराधों के लिए कड़े दंड निर्दिष्ट नहीं करती हैं। उभरती प्रौद्योगिकियों से निपटने में कमियां हैं,नए कानून उभरती हुई प्रौद्योगिकियों से संबंधित अपराधों,जैसे कि क्रिप्टोकरेंसी घोटाले और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग को ध्यान में नहीं रखते हैं। क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी ने डिजिटल और आभासी वातावरण में अपराधों को संबोधित करने के लिए वर्तमान में एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता को दर्शाया है। हैकिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट और साइबर स्टॉकिंग सहित साइबर अपराध के विभिन्न रूपों को लक्षित करते हुए विशिष्ट कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ितों को प्रभावी विधिक सहायता मिल सके। सूचना और संचार नेटवर्क उपयोग को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया के अधिनियम में साइबर अपराधों के खिलाफ व्यापक प्रावधान शामिल हैं,जिसका भारत अनुकरण कर सकता है। डेटा सुरक्षा कानूनों को बेहतर बनानाः डेटा संग्रह, भंडारण और साझाकरण पर स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ डेटा गोपनीयता विनियमों को मजबूत करना। इन कमियों को प्रभावी ढंग से दूर करने के लिए व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 में संशोधित किया जा सकता है और आवश्यक परिवर्तन कर लागू किया जा सकता है।

न्यायालयों में डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने, प्रमाणित करने और प्रस्तुत करने के लिए मानक स्थापित करना, ताकि इसे आपराधिक कार्यवाही में यह स्वीकार्य और विश्वसनीय बनाया जा सके है। साइबर बुलिंग और डिजिटल उत्पीड़न के पीड़ितों के लिए सख्त दंड और सहायता प्रणाली प्रारंभ करना,जिसमें महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकथाम योजना एक अज्ञात रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से समर्थन द्वारा डिजिटल उत्पीड़न उपायों को बढ़ाती है। ऐसे कानून बनाना जो ब्लॉक चेन, उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना,ताकि तकनीकी प्रगति के साथ सामंजस्य बनाए रखा जा सके। यूरोपीय संघ का सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन एक लचीला ढांचा प्रदान करता है,जो डिजिटल प्रौद्योगिकियों के विकसित परिदृश्य को संबोधित करता है। व्यापक साइबर अपराध कानूनों को शामिल करके, डेटा सुरक्षा उपायों को बढ़ाकर और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोटोकॉल को अपडेट करके,भारत एक मजबूत और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली सुनिश्चित कर सकता है। यह विकास तेजी से डिजिटल हो रहे विश्व में नागरिकों की सुरक्षा और समाज में विश्वास, सुरक्षा और न्याय को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

# कभी ऐसी भी हो तीज

उत्तर भारत में स्त्रियों के सबसे प्रिय, लेकिन सबसे कठिन पर्वों में से एक तीज या बड़ी तीज या हरितालिका तीज मनाई गई। औरतों ने चौबीस घंटे भूखी और प्यासी रहकर अपने पति के कुशल-क्षेम और लंबी उम्र की दुआएं करीं। व्रत की समाप्ति पर पतियों का आशीर्वाद भी लिया। वैसे यह साबित नहीं हुआ है कि पत्नियों के व्रत करने से पतियों की उम्र में इज़ाफ़ा होता है,लेकिन आस्था तो आस्था है। यह तो समझ में आता है कि किसी भी बहाने कभी-कभी उपवास कर लेना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन जल-त्याग की परंपरा का कोई औचित्य नहीं है। घर की दोनों बहुओं और पत्नी को तीज की पूजा में व्यस्त देखकर ख्याल आया कि हमारी दुनिया में जो कुछ भी कोमल, करुण, सुखद, जीवनदायी और सुंदर है उसकी वजह औरतें ही हैं। उनके बगैर हमारी दुनिया कैसी कुरूप, कठोर और क्रूर होती, यह सोचकर डर लगता है। उनके प्रति सम्मान दिखाने के लिए क्यों न तीज की प्राचीन परंपरा को थोड़ा उलट दिया जाए।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पत्नियों ने बहुत कर लिया,अब पति खुद तीज का व्रत करें,भूखे (प्यासा नहीं) रहें और अपनी पत्नियों के कुशल-क्षेम तथा लंबी उम्र की दुआएं करें। और हां, जैसे पति इस दिन पत्नियों को नई साड़ी, चूड़ियां और कभी-कभी गहने भेंट करते रहे हैं। पत्नियां हमें साड़ी की जगह पैंट-शर्ट और चूड़ियों की जगह कलाई घड़ी भेंट करें। गहने तो हमें नहीं चलेंगे,गहनों की जगह उनसे घर में शांति का वरदान मांग लेना ठीक रहेगा।

# न्यूनतम पेंशन की उम्मीद

24 अगस्त को केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव की घोषणा के बाद अब यूनिफाइड पेंशन योजना लागू होने जा रही है, जिसमें न्यूनतम पेंशन दस हजार देने का प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रकार अब देश में 3 पेंशन योजना लागू होंगी। पहली पुरानी पेंशन,दूसरी एनपीएस और तीसरी यूपीएस (जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होना प्रस्तावित है) इस योजना में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकारों के लगभग 90 लाख सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी तरफ निजी क्षेत्र के करीब 78 लाख पेंशनर्स मात्र एक हजार पेंशन पा रहे हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यूपीएस की घोषणा के बाद ट्रेड यूनियंस ने निजी क्षेत्र की पेंशन को बढ़ावा देकर न्यूनतम पेंशन दस हजार करने की मांग उठानी शुरू कर दी है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित होने वाली इस पेंशन को बढ़ाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। आंकड़ों के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से करीब 8 करोड़ कर्मचारी जुड़े हुए हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ईपीएफओ से जुड़े निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक योजना बनाई गई थी, जिसमें उनके मूल वेतन का 30 प्रतिशत पेंशन देने की बात कही गई थी, परंतु इस मामले में अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई, जो भेदभाव पैदा करती है। निजी क्षेत्र के कर्मचारी यूपीएस की घोषणा के बाद अपने हित की पेंशन योजना की उम्मीद केंद्र सरकार से कर रहे हैं।

### पुलिस ने मांगी है दोनों आरोपियों की एक साथ रिमांड, इसके बाद हफ्ते भर में चार्जशीट

# सह आरोपी नीलू और बुआ से साथ में होगी पूछताछ

**किशोरी से दुष्कर्म**

- पॉक्सो कोर्ट में फास्टट्रैक के तर्ज पर कराई जाएगी सुनवाई
- ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी करेगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पिछले करीब 25 दिन से चर्चा केंद्र बने नवाब रेप कांड में सह आरोपी बुआ तथा आरोपी के भाई नीलू से पुलिस एक साथ पूछताछ करेगी। इसका कारण यह कि अलग-अलग पूछताछ में बयानों में भिन्नता हो सकती है। इसीलिए दोनों की रिमांड एक साथ कोर्ट से मांगी गई है।

यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि कोर्ट में पुलिस की तरफ से रिमांड का प्रार्थनापत्र दिया जा चुका है। अनुमति मिलने के साथ ही दोनों से एक साथ पूछताछ की जाएगी। यह तो पहले ही पता चल चुका है कि प्रकरण में साक्ष्य इधर उधर करने तथा जांच प्रभावित करने के उद्देश्य से नीलू ने पीड़िता की बुआ के खाते में चार लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके अलावा भी रुपयों के लेनदेन की बात सामने आ रही है। पूछताछ करके इसका पता लगाया जाएगा कि और भी पैसे दिए गए हैं? यदि हां तो किसके माध्यम से और किसको और कहां से जुटाए गए? कहा कि दोनों की कस्टडी रिमांड एक साथ मांगी गई है ताकि दोनों को आमने सामने लाकर तथ्य जुटाए जाएं क्योंकि बुआ ने साफ कहा था कि नीलू ने किशोरी को मेडिकल न करने के लिए मनाने तथा उसे बयान से पलटने के लिए 10 लाख रुपये का लालच दिया था। इसलिए ही वह बयान से पलटी थी और किशोरी से भी मेडिकल कराने से मना करवा दिया था।

हालांकि बाद में पीड़िता के मातापिता के आने पर पुलिस ने प्रक्रिया पूरी करवा ली थी। प्रकरण में और लोगों के शामिल होने के सवाल पर कहा कि यह तो पूछताछ में ही पता चलेगा। यह भी बताया कि रिमांड मिलने के बाद पूछताछ करते हुए हफ्ते भर के भीतर ही चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी। इसके बाद पॉक्सो कोर्ट में फास्टट्रैक के तर्ज पर सुनवाई कराई जाएगी। कहा कि अपराध की प्रकृति गंभीर होने से ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस पैरवी करेगी।

बता दें कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में जल्दी से जल्दी जांच प्रक्रिया को पूरा करते हुए चार्जशीट दाखिल करने तथा अधिकतम 30 दिन में सजा दिलाने का प्रावधान है। एसपी का कहना है कि सजा दिलाने के लिए पुलिस के पास आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं जिनमें से घटनास्थल से गिरफ्तारी का वीडियो, आरोपी व सह आरोपी के बीच बातचीत की कॉल डिटेल, किशोरी का बयान, फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट, महाविद्यालय से मिली सीसीटीवी की डीवीआर आदि। प्रकरण के विवेचक सीओ कमलेश कुमार का कहना है कि विवेचना लगभग पूरी हो चुकी है। चार्जशीट दाखिल होते ही केस का ट्रायल प्रारंभ हो जाएगा।

**बुआ की जमानत पर भी आज सुनवाई**

कन्नौज। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सहआरोपी पीड़िता की बुआ को पुलिस ने 21 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मेडिकल कराकर उसको जेल भेज दिया गया। कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई के लिए सात सितंबर की तारीख दी गई है।

**कस्टडी रिमांड के लिए अर्जी दाखिल, आज सुनवाई**

कन्नौज। सहआरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव व पीड़िता की बुआ की कस्टडी रिमांड पर शनिवार को सुनवाई होगी। शुक्रवार को पुलिस ने अर्जी दाखिल कर दी है। प्रकरण में पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव और पीड़िता की बुआ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फरार आरोपी के छोटे भाई नीलू ने तीन सितंबर को पॉक्सो एक्ट कोर्ट में समर्पण कर दिया था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा था, लेकिन उसे पकड़ नहीं सकी। मामले की जांच पूरी करने व अन्य जरुरी सक्ष्यों को एकत्र करने के लिए पुलिस ने गुरुवार को दोनों की कस्टडी रिमांड के लिए पॉक्सो एक्ट कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सीओ सिटी द्वारा फारवर्ड न किए जाने से कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया था। शुक्रवार को पुलिस ने खामियों को दूर कर कस्टडी रिमांड के लिए अर्जी दाखिल की। शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि कस्टडी रिमांड पर शनिवार को सुनवाई होगी।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा



महिला की मौत के बाद जिला अस्पताल में पहुंचे परिजन एवं अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला पुरुष अस्पताल के इमरजेंसी से सामान्य वार्ड में शिफ्ट की गई बीमार वृद्ध महिला की हालत बिगड़ गई। महिला को वापस इमरजेंसी में लाया गया जहां पर उसकी की मौत हो गई। परिवारीजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

सुल्तानपुर कला अकबर अड्डा निवासी 65 वर्षीय जमुना देवी को ब्लड कैंसर की शिकायत होने के साथ सांस फूलना और खांसी होने पर परिवार के लोग सुबह सात बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इमरजेंसी वार्ड ड्यूटी पर तैनात डाक्टर के द्वारा महिला को प्राथमिक उपचार के साथ भाप आदि भी दिलाई गयी। उसके बाद ओपीडी खुलने पर वहां दिखाने की सलाह दी। परिवार के लोगों के ज्यादा कहने पर महिला को भर्ती कर वार्ड में भेज दिया गया। वार्ड में महिला की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई तो उसको वापस इमरजेंसी वार्ड में लाया गया। जहां पर महिला की मौत हो गई। मृतक महिला का सबसे छोटा बेटा रमाकांत अपना आपा खो बैठा और मां के वियोग में हंगामा करने लगा। इसी दौरान इमरजेंसी वार्ड में आयुष्मान काउंटर के गेट पर लगे कांच में उसका हाथ लगने पर कांच टूट गया और वह जख्मी हो गया। हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कालेज रेफर किया गया। वहीं थाना सिविल लाइन पुलिस के पहुंचने पर परिवार के लोग शव को बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए।

**वार्ड में चाची को देखने नही आया कोई डाक्टर**

इटावा। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मृतक महिला के भतीजे अरविंद ने बताया कि उसकी चाची को ब्लड कैंसर है। काफी दिनों से शरीर में खून की समस्या चली आ रही थी। कुछ दिन पहले अहमदाबाद में भी इलाज कराया था लेकिन वापस इटावा आ गईं थीं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया जहां पर इमरजेंसी में सिर्फ भाप दी गई और उसके बाद वार्ड में भर्ती कर दिया गया। वार्ड में तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई वहां भी कोई डाक्टर देखने नहीं आया था।

> महिला इमरजेंसी वार्ड में भर्ती की गई थी। इलाज के दौरान मौत के बाद तीमारदारों द्वारा वार्ड में की गई तोड़फोड़ की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई थी। अगर वे लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं तो उनको पोस्टमार्टम कराना चाहिए, जिससे हकीकत सामने आ सके।
>
> –डॉ एमएम आर्या, सीएमएस

# किशोर का शव नाले में पड़ा मिला

संवाददाता फर्रुखाबाद



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- पिता ने दुकानदार पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में परचून की दुकान पर काम कर रहे किशोर का शव नाले में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वही किशोर के पिता ने दुकान मालिक पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है।

थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला रकाबगंज खुर्द तहसील के पास के रहने वाले सूरज जाटव का 16 वर्षीय पुत्र पिंकू तिकोना चौकी के पास परचून की दुकान पर काम करता था। शाम को वह दुकान पर गया था, जिसके बाद वह लापता हो गया। रात भर पिता सुरजपाल खोजबीन करता रहा।लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चल सका। उसने पुत्र के लापता होने की शिकायत पुलिस से भी की थी। शुक्रवार सुबह कटरी धर्मपुर रोड व काशीराम कॉलोनी तिराहे के पास राहगीरों ने नाले में पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी भोलेंद्र चतुर्वेदी, बजरिया चौकी इंचार्ज उदय सिंह मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकाला गया। शव पड़े मिलने की सूचना पर सूरज पाल और अन्य परिजन भी आ गए। उन्होंने शव की शिनाख्त अपने बेटे के तौर पर की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। इस दौरान आसपास के लोगों की भारी भीड़ लगी रही। पिता सूरजपाल ने बताया कि शाम करीब सात बजे दुकान मालिक लाला पिंकू को घर से बुलाकर ले गया था। पिंकू जब घर नहीं लौटा तो देर रात तक उसे तलाश किया। दुकान मालिक ने पूछे जाने पर बताया कि पिंकू को मैंने छोड़ दिया था। उन्हों मामले की शिकायत रात में की थी। पुलिस ने बीती रात दुकान मालिक से पूछताछ की। वहीं पिता ने आरोप लगाया की उनके बेटे के शव पर कई चोटों के भी निशान है।

# बच्ची की मौत के बाद लगाया लापरवाही का आरोप, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में हंगामा काटते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे सीएमएस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद वह शव लेकर घर को लौट गए।

कानपुर देहात जनपद के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के औरंगापुर गांव निवासी सुनील कुमार की चार वर्षीय पुत्री प्रिया को तीन-चार दिन से बुखार-खांसी की समस्या थी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने शुक्रवार सुबह पौने सात बजे जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। यहां चिकित्सक ने बालिका का उपचार किया। सुबह करीब साढ़े दस बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। मामले की सूचना पर सीएमएस डा. शक्ति बसु ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। पिता सुनील कुमार ने बताया कि चिकित्सकों ने लापरवाही से इलाज किया है। जिसकी वजह से पुत्री की मृत्यु हो गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शक्ति वसु ने बताया कि चिकित्सकों की देखरेख में ही बालिका का उचित इलाज हुआ। उसकों सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। बच्ची के उपचार में कोई कमी नहीं रखी गई।

## नवजात को झाड़ियों में फेंक फरार हुई मां

**महोबा।** कहते हैं कि मां ममता की प्रतिमूर्ति होती है, मां अपने बच्चों के जीवन की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है, लेकिन कस्बा कुलपहाड़ में मां की ममता को शर्मसार करने का मामला सामने आया है, जहां एक मां अपने नवजात को झाड़ियों में छोड़कर फरार हो गई। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर लोग एकत्र हो गए और उसे उठाकर पुलिस को सूचना दी।

कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला बड़ापुरा पहाड़ के समीप शुक्रवार को कुछ लोग शौचक्रिया करने गए थे, तभी पर झाड़ियों से एक नवजात बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी, जिस पर सभी लोग झाड़ियों पर पहुंचे तो वहां एक नवजात पड़ा देख हैरान रह गए। मां द्वारा नवजात को फेंके जाने की खबर कस्बे में फैल गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कुलपहाड़ कोतवाली प्रभारी अर्जुन सिंह पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया।

# मिठाई की दुकान में आग, 14 लाख की क्षति का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



गोलक में रखे अधजले दो सौ व पांच सौ के नोट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शॉर्ट सर्किट से लगी आग में मिठाई की दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार सुबह दुकान के बाहर निकल रही आग की लपटों को देखकर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार के मुताबिक आग से करीब 14 लाख रुपये का नुकसान होने की आशंका है। आग की चपेट में आकर गोलक में रखी चार लाख से अधिक की नकदी भी जलकर राख हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मानीमऊ रेलवे क्रॉसिंग के पास गुखरू गांव निवासी राजेश कुमार की मिठाई की दुकान है। दुकानदार राजेश गुरुवार को रोज की तरह देर शाम दुकान को बंद कर घर गया था। दुकान में लगे डीप फ्रीजर चालू थे। देर रात शॉर्ट सर्किट हो जाने से दुकान में आग लग गई। कुछ देर बाद ही आग ने विकराल रूप धारण कर दुकान के लकड़ी के फर्नीचर व काउंटर तक को चपेट में ले लिया। देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। शुक्रवार सुबह दुकान के पास से निकल रहे ग्रामीणों ने आग की लपटें निकलते देखीं तो दुकानदार को जानकारी दी। दुकानदार राजेश मौके पर पहुंचा। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने तक दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया था। दुकानदार के अनुसार घटना में तीन ड्रीप फ्रीजर, तीन काउंटर, मिठाई, खोया और कोल्डड्रिंक की बोतलें जलकर नष्ट हो गईं।

# किशोरी के अपहरण व रेप के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना कोतवाली क्षेत्र में करीब चार वर्ष पहले एक किशोरी के अपहरण व बलात्कार के दोषी राम जी पोरवाल को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया ।

उक्त मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाले डीजीसी. अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने बताया कि कस्बा अजीतमल निवासी वादी ने उक्त मामला पंजीकृत कराया। उसने बताया कि 18 जून 2020 की रात में उसकी 15 वर्षीय पुत्री को रात में रामजी पोरवाल बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी खोजबीन की तो 20 जून को वह बरामद हुई। इस पर राम जी पोरवाल निवासी आर्यनगर अजीतमल के विरुद्ध पॉक्सो, अपहरण व बलात्कार की चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। यह विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधि.) में चला तथा शुक्रवार को इस मामले का निर्णय सुनाया गया। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने दोषी राम जी पोरवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## शातिर चोर को 8 साल का कारावास

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार श्रीवास्तव ने आठ साल पुराने चोरी करने व चोरी का माल बरामद होने के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आठ साल की सजा सुनाई।इसके अलावा कोर्ट ने उस पर साढे छह हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि बढपुरा थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 22 जनवरी 2016 को क्षेत्र के गांव भट पुरा के पास डकैती की योजना बना रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। छानबीन के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

# आज चित्रकूट आएंगे उप राष्ट्रपति

चित्रकूट कार्यालय



उप राष्ट्रपति के स्वागत के लिए तैयार हो रहा विश्वविद्यालय। अमृत विचार

- दिव्यांग विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी में करेंगे शिरकत

**अमृत विचार।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज तीर्थक्षेत्र आएंगे। वह जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि में होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि होंगे। उप राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने विवि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में सात दिसंबर से ऋषि पंचमी पर विवि और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में विषय आधुनिक जीवन एवं ऋषि परंपरा पर संगोष्ठी होगी। इसमें तीन दिन तक देश भर के विद्वान ऋषि परंपरा और आधुनिकता पर विचार व्यक्त करेंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता जगद्गुरु रामभद्राचार्य करेंगे। उप राष्ट्रपति शनिवार को संगोष्ठी के मुख्य अतिथि होंगे। अधिकारियों ने इस संबंध में शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल, आरोग्यधाम में बने हेलीपैड व हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक मार्ग का निरीक्षण किया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी पूजा साहू आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

**तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत**

**फतेहपुर।** प्रयागराज जनपद के अहमदगंज थाना क्षेत्र के नक्कास कोना निवासी नफीस अहमद, इरसाद, प्रयागराज सुल्तानपुर खुल्दाबाद निवासी मोहम्मद यूनुस की पत्नी नाजनीन, यासमीन पुत्री रफीक और नसीम अख्तर पत्नी रफीक अहमद शुक्रवार दोपहर में उन्नाव जाने के लिए निकले थे। तभी वह हाईवे पर मलवां के पास पहुंचे थे कि तभी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर मदद के लिए पहुंचे। लोगों ने हादसे की जानकारी एंबुलेंस को दी। कुछ ही देर में पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने नफीस और नसीम अख्तर को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया। कार सवार सभी लोग एक वैवाहिक कार्यक्रम में उन्नाव जा रहे थे।

**एससी/एसटी मामले में 4 लोगों को 4-4 साल कैद**

**हमीरपुर।** अनुसूचित जाति के युवक के घर में घुसकर मारपीट करने के 16 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने चार दोषियों को चार-चार साल की सजा सुनाई है। वहीं प्रत्येक दोषी पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने बताया कि कुरारा थानाक्षेत्र के कंडौर गांव निवासी वादी जयपाल ने दी तहरीर में बताया कि उसे कई वर्ष पूर्व गांव निवासी करन सिंह आदि लोगों ने पुरानी रंजिश में जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी। 29 मार्च 2008 को शाम करीब साढ़े छह बजे गोविंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, करन सिंह, रामराज सिंह, महेश सिंह व छुट्टू सिंह ने घर में घुस कर उसके पिता पत्नी व बच्चों को मारा। अदालत ने चार दोषियों धर्मेंद्र सिंह, करन सिंह, महेश सिंह व छुट्टू सिंह को सजा सुनाई है जबकि गोविंद सिंह व रामराज की मौत हो चुकी है।

**समस्या** परियोजना से बीआरसी कन्नौज में पहुंचे दो लोग, लावा के 40 टैबलेट जमा हुए

# ऑनलाइन हाजिरी शुरू नहीं, टैबलेट में आ गईं कमियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बीआरसी कन्नौज में लावा कंपनी के प्रतिनिधियों को टैबलेट की दिक्कत बताते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करीब एक साल पहले परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को टैबलेट दिए गए थे। इस पर ऑनलाइन हाजिरी शुरू होनी थी। अन्य विभागीय काम भी होने हैं। डिजिटल उपस्थिति तो शुरू नहीं हो सकी लेकिन टैबलेट में कमियां जरूर आ गईं हैं। 40 अध्यापकों ने कमियां दुरुस्त कराने के लिए टैबलेट जमा किए।

जिलेभर के प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों के प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को 2261 टैबलेट दिए गए हैं। पूरी तरह टैबलेट पर काम भी नहीं हो रहा है और उसमें कमियां आने लगीं हैं। अभियान के दौरान कुछ ही अध्यापकों ने ऑनलाइन हाजिरी भेजी थी। शुक्रवार को बीआरसी सदर सभागार में परियोजना से लावा कंपनी के दो प्रतिनिधि भेजे गए। मौके पर आए शिक्षकों ने टैबलेट की कमियां बताईं। जो दिक्कतें मौके पर दूर हो सकतीं थीं उसे दूर किया गया। इसके अलावा 40 ऐसे टैबलेट जमा किए गए जिसमें अधिक कमियां बताई गईं। कुछ शिक्षकों ने चार्जर काम न करने, कैमरा में दिक्कत व अन्य एप इंस्टॉल करने में समस्याएं बताईं। डीसी प्रशिक्षण गौरव दीक्षित ने बताया कि परियोजना से आए दो प्रतिनिधियों ने 40 टैबलेट जमा किए हैं।

## पुलिस वाले बनकर टप्पेबाजी, चेन ले भागे

**कुलपहाड़ महोबा।** पुरानी तहसील रोड निवासी प्रभाकर नामदेव ने पुलिस को दिए शिकायतीपत्र में बताया कि शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे वह बाइक से अस्पताल जा रहा था। तभी कोतवाली से चंद कदम दूर दो अज्ञात लोगों ने अपने को पुलिस वाला बताया और सोने की चेन तथा अंगूठी देखकर कहा कि सोने के आभूषण पहनकर नहीं निकला करो और सोने की अंगूठी व चेन उतरवाकर ले ली एक कागज की पुड़िया में चुपचाप से नकली अंगूठी और जेब में रखने को दी और देखते-देखते बदमाश अंगूठी व चेन लेकर बाइक से रफूचक्कर हो गये और पीड़ित भी असली सोने के आभूषण समझकर चल दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी मुंह में मास्क पहने हुए थे जब पीड़ित ने अस्पताल पहुंच कर पुड़िया खोलकर नकली चेन व अंगूठी देखकर उसके होश उड़ गए।

# बिना बिल पकड़ी लाखों की तंबाकू

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद



मंडी में खड़ा तंबाकू लदा ट्रक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कायमगंज कटिया मार्ग पर जीएसटी विभाग ने बिना ई-वे बिल के तंबाकू से लदा ट्रक पकड़ लिया। क़ायमगंज में जीएसटी चोरी थामे नहीं थम रही है। विभाग बिना ई वे विल के पकड़े गए ट्रक से जुर्माना वसूला जाएगा । ई-वे बिल जनरेट न हो इसलिए सप्लायर 50 हजार से कम के बिल काट रहे है।

गुरुवार रात जीएसटी विभाग को सूचना मिली कि बिना ई-वे बिल के एक तंबाकू लदा से ट्रक कायमगंज से कंपिल जा रहा है। विभाग के एसी अभिषेक मिश्रा व सहायक आयुक्त रामनरेश टीम के साथ कायमगंज पहुंचे। जहां कायमगंज कटिया मार्ग पर उन्होंने तंबाकू से भरा ट्रक संख्या यूपी 76 टी 795 पकड़ लिया। टीम उसे मंडी समिति ले आई। टीम ने ट्रक के चालक उपेंद्र कुमार से प्रपत्र मांगे तो पता चला कि यह तंबाकू लदा ट्रक यूपी पंजाब ट्रांसपोर्ट का है। जो सतीश यादव व जावेद का है। टीम ने प्रपत्रों की गहनता से जांच की तो चौकाने वाला मामला सामने आया। जांच में पता चला कि गाड़ी चंढ़ीगढ़ जा रही थी जिसमें चार फर्म के अलग-अलग माल इंगित किए गए थे जो 50 हजार से कम के थे। ट्रक के बिल में खदा ओरझा व कच्ची तंबाकू नस दाना का जिक्र किया गया था। बारिश के कारण टीम ने माल को नहीं खोला। टीम को शक है कि इसमें अन्य वैराईटी का सामान भी हो सकता है है। तंबाकू की वैराइटी के अलग-अलग रेट अंकित है। एसी ने बताया कि चार फर्म के प्रपत्र मिले है। ई-वे विल न काटना पडे इसलिए चारों फर्म का 50 -50 हजार का कम बिल दर्शाया गया है। अनुमान लगाया गया कि यह माल कायमगंज से लोड हुआ है लेकिन मंडी शुल्क अलीगंज से काटा गया है।

# 100 करोड़ कीमत के मदरसे पर चलेगा बुलडोजर

## मदरसा नकली नोट मामला : 2700 स्क्वायर फीट जगह पर किया गया अवैध निर्माण, 3 बैंक खाता किए गए सीज

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** शहर के पॉश इलाके अतरसुइया में बने 100 करोड़ कीमत के आलीशान मदरसे पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही है। इतना ही नहीं पीडीए ने मदरसे के बाहर एक नोटिस चस्पा कर मदरसे के निर्माण से जुड़ी जानकारी मांगी है। पुलिस ने मदरसा सील करने की कार्रवाई के बाद मदरसे में हो रही फंडिंग की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने मदरसे के तीन बैंक खातों को सीज कर दिया है।

बता दें कि इस मदरसे की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है। वैसे-वैसे रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। मदरसे में नकली नोटों की फैक्ट्री बरामद होने के बाद उसे सील कर दिया गया। इसके बाद अब उस पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। यह मदरसा 2700 वर्ग फीट में तीन मंजिला निर्माण कराया गया है। जांच में इस इमारत को अवैध पाया गया है। पीडीए के मुताबिक, इस अवैध निर्माण पर मदरसा कमेटी को नोटिस जारी कर दिया गया है। जवाब विधि सम्मत न होने पर इस पर बुलडोजर चलना तय है।

शहर में नोट छापने वाले मदरसे पर अब शिकंजा कसता जा रहा है। मदरसा सील करने के बाद अब मदरसे में हो रही फंडिंग की भी जांच शुरू हो चुकी है। मदरसे के तीन बैंक खातों को पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक में मदरसे का जो खाता था, उसको पूरी तरह सीज कर दिया है। अब इन खातों में जमा रकम को मदरसे का मैनेजमेंट इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। खाता खुलने के बाद से कहां-कहां से किसने-कितनी रकम भेजी है, इसकी भी जानकारी पुलिस ने बैंक से मांगी है।

शुरुआती जांच में ही ये पता चला था कि बैंक में विदेशों से काफी पैसा भेजा जाता था और मौजूदा समय में मदरसे के एक बैंक अकाउंट में 40 लाख रुपये भी जमा थे। मदरसे के तीन बैंक खातों को पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक में मदरसे का जो खाता था, उसको पूरी तरह सीज कर दिया है। अब इन खातों में जमा रकम को मदरसे का मैनेजमेंट इस्तेमाल नहीं कर सकेगा।

### मदरसे में पीडीए ने चस्पा किया नोटिस

- प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मदरसे को अवैध निर्माण कराने के मामले में सील किया है। उसके बाद शुक्रवार को प्राधिकरण मदरसे के गेट पर नोटिस भी चस्पा कर दिया है। इस नोटिस में साफ लिखा गया है कि मदरसे में जो भी निर्माण हुआ है, उसका नक्शा और उसके बारे में विस्तृत जवाब 18 सितंबर तक देना होगा। अगर मदरसे के अवैध निर्माण का सन्तोषजक जवाब पीडीए को नहीं दिया गया तो पीडीए मदरसे पर बुलडोजर चलाकर इस निर्माण को ध्वस्त कर देगा। मदरसे के निर्माण का कोई भी नक्शा पास नहीं है। नए और पुराने सभी निर्माण मदरसे को संचालित करने वाली सोसायटी ने बिना पीडीए से ले-आउट पास कराए ही करवा लिया था।

### कोर्ट में कराई जाएगी पेशी

- नकली नोट छापने के मामले में गिरफ्तार किये गये मदरसे के प्रिंसिपल तफसिरुल अरिफीन और मदरसे के मौलाना जाहिर खान सहित दो और अन्य युवकों को गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ नुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने आरोपियों की रिमांड के लिये कोर्ट में अर्जी दी है। जिस पर शनिवार को कोर्ट फैसला देगी। आरोपियों की रिमांड मिलने के बाद पुलिस उनसे कड़ी पूछताछ करेगी। जिसके बाद सकई बड़े राज खुलेंगे।

### डेढ़ बीघा जमीन पर बना है मदरसा

- यह मदरसा करीब डेढ़ बीघा जमीन पर बनाया गया है। इसके अंदर एक बड़ी मस्जिद भी है। वहीं एक मकबरा भी बना है। मकबरे से सटा हुआ जामिया हबीबिया मदरसा संचालित होता था। मदरसे में 60 से ज्यादा कमरों का हॉस्टल भी है, जिसमें बाहर से आकर छात्र इस्लामिक शिक्षा लेते थे। मौजूदा समय में मदरसे में 130 छात्र पंजीकृत हैं, जो उड़ीसा, बिहार और झारखंड सहित अन्य प्रदेशों से आते हैं। मदरसा परिसर सील किये जाने के बाद शुक्रवार को जुमे की नामाज दिया अदा हुई। कई नमाजी ताला देख कर वापस लौट भी गए। मदरसे के अंदर क्या होता था यह कोई नही जानता था।

> इस मदरसे की जांच में यह बात सामने आई है कि बिना नक्शा पास कराए यह 3 मंजिला इमारत बनाई गई है। इसमे 2700 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण करने के साक्ष्य भी मिले हैं। इस मदरसे के परिसर में 40 कमरे, 15 बाथरूम, छात्रों का हॉस्टल, सर्वेंट क्वार्टर, चार एंट्री गेट के अलावा पार्किंग एरिया भी है। पीडीए अब शहर के सभी मदरसों के निर्माण की हकीकत पता करने के लिए सघन अभियान भी चलाने जा रहा है।
>
> -अजीत कुमार सिंह, सचिव, प्रयागराज विकास प्राधिकरण

# फर्जी चपरासी ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र, घूस का पैसा बढ़े

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार।** जौनपुर जिले का एक पत्र गुरुवार से वायरल है। जिसमें राजाराम यादव नाम का शख्स डीएम को पत्र लिखकर अपनी समस्या बताता है। पत्र में राजाराम लिखता है कि तहसील लपरी शाहगंज में नायब तहसीलदार का प्राइवेट चपरासी हूं। मैं और अन्य प्राइवेट चपरासी ही जनता और अधिकारियों से घूस का पैसा वसूल कर देते हैं, लेकिन सभी प्राइवेट चपरासियों को अधिकारी की तरफ से 1 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाता है। जबकि मुझे 500 रुपये ही रोज के हिसाब से मिलता है। ऐसे में मेरा पैसा बढ़ाया जाये। जब यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ ,तो जौनपुर प्रशासन भी हरकत में आया। उप जिलाधिकारी शाहगंज ने पूरे मामले की जांच की। उसके बाद चौकाने वाला खुलासा हुआ। उप जिलाधिकारी शाहगंज ने जांच के बाद डीएम को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि नायब तहसीलदार लपरी व तहसीलदार शाहगंज से जांच कराई गई है। जिसमें राजाराम यादव नाम का कोई प्राइवेट कर्मचारी कार्यरत नहीं है। जांच में यह मामला सही नहीं पाया गया है।

- उप जिलाधिकारी शाहगंज की जांच में पत्र निकला फर्जी

> इस मामले की एसडीएम से जांच कराई गई, जिसमें राजाराम नाम का कोई प्राइवेट कर्मचारी नही हैं। सभी विभागों के अधिकारियों को आदेश दिया है कि कोई भी अधिकारी प्राइवेट कर्मचारी से काम न ले, न ही किसी व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से दफ्तर में घुसने दें।
>
> रविंद्र कुमार मादड़, जिलाधिकारी जौनपुर

# यूं ही छावनी परिषद कार्यालय नहीं पहुंची सीबीआई

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



छावनी परिषद का कार्यालय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम छावनी परिषद के कार्यालय में गुरुवार को यूं ही नहीं पहुंची। यहां गड़बड़ी को लेकर गोपनीय रिपोर्टें कई महीनों से भेजी जा रहीं थीं। ठेकों और कार्यों में गड़बड़ी की पुख्ता जानकारी के बाद छापा मारा गया। जांच और कार्रवाई के दायरे में कई आ सकते है।

छावनी परिषद कार्यालय से किए जा रहे ठेके और कार्यों की शिकायत तो काफी पहले से रही। इधर कुछ वर्षों से गड़बड़ी की ज्यादा शिकायतें रही। फर्जी दस्तावेजों के जरिए ठेके हथियाने, शिकायत के बाद जांच और कार्रवाई न होने के बाद मामले ने तूल पकड़ा। सूत्रों की मानें तो शिकायतों के बाद से ही एक विभाग यहां की गतिविधियों पर नजर रखने लगा। उसका नाम खोला जाना उचित नहीं है लेकिन कई महीनों से विभाग के लोग इस पर नजर रख रहे थे। इसकी गोपनीय रिपोर्टिंग केंद्र सरकार के एक विभाग को की जा रही थी। इस बीच यहां के एक निवर्तमान सभासद अमरजीत निषाद ने कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा 15 करोड़ के कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत की लेकिन कार्रवाई न के बराबर रही। यह तो बानगी है। मामले और भी खुल सकते हैं। इसके बाद एक-एक करके पुख्ता अभिलेखों के साथ प्रधानमंत्री को कई शिकायतें की। मामले ने जोर तब पकड़ा जब उसने इसकी पूरी कुंडली पूर्व सांसद लल्लू सिंह को शिकायती पत्र के साथ दी। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अपने कवरिंग लेटर के साथ इसे सौंप दिया। स्थानीय स्तर पर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे तेज नरायन पांडेय पवन ने इस मुद्दे को उठाया।

खास बात यह है कि इस पत्र में खासतौर से कहा गया था कि मुख्य अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त करके जांच और कार्रवाई की जाए। पूर्व सांसद ने इसकी सिफारिश कर दी। इसके बाद ही मुख्य अधिशासी अधिकारी का तबादला हुआ। उनके स्थान पर नई मुख्य अधिशासी अधिकारी की तैनाती की गई। तैनाती के सप्ताह भर के अंदर ही केंद्रीय जांच ब्यूरो और महानिदेशक रक्षा संपदा विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को छापा मारा।

- फर्जी दस्तावेजों से टेंडर के खेल सहित 57 करोड़ के परिक्रमा मार्ग तक चर्चा

### 45 मिनट में एक ही आईपी से छह टेंडर

बिड नंबर जेम/2023/बी/3344431 ठेके में एक ठेकेदार ने सरकार ई-बाजार सलाहकार को शिकायती पत्र दिया गया था। जिसमें सलाहकार (रक्षा एकीकरण) द्वारा जांच में पाया गया कि मात्र 45 मिनट में छह फर्मों ने एक ही आईपी एड्रेस से टेंडर डाला।

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे ठेके हथियाने की रही होड़

निर्माण, सिविल कार्यों से लेकर सफाई, पेड़ की छटाई सहित अन्य कामों को हथियाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया गया। किसी में अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी निकला तो किसी में चरित्र प्रमाण पत्र। ऐसी कई फर्में पाई गई हैं।

### कथित चरित्र प्रमाण गलत

यहां काम कराने वाली डीपी इंटर प्राइजेज के दुष्यंत कुमार का डीएम कार्यालय आगरा से जारी ठेकेदारी के लिए चरित्र प्रमाण पत्र फर्जी निकला। डीएम कार्यालय ने यह जानकारी दी। बीबी इंटरप्राइजज के ममता पत्नी पुरुषोत्तम का हिसार हरियाणा के पुलिस अधीक्षक से जारी चरित्र प्रमाण पत्र फर्जी निकला। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से कहा गया है कि प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर तत्कालीन एसपी के नहीं हैं।



असम के अध्ययन दल के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

# असम के अध्ययन दल ने देखी उप्र. विधानसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** असम विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यों के एक अध्ययन दल ने शुक्रवार को उप्र. विधानसभा का दौरा किया। अध्ययन दल के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात कर यहां की कार्यप्रणाली को समझा। साथ ही इसके ऐतिहासिक महत्व और हालिया सुधारों के बारे में चर्चा भी की।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विधानभवन में हाल ही में किए गए सुधारों के कारण अब यहां के लोग अपनी विधानसभा के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्सुक हो रहे हैं। असम विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण समिति के इस अध्ययन दल का नेतृत्व समिति की सभापति सुमन हरिप्रिया ने किया। उनके साथ समिति की सदस्य नंदिता दास, प्रदीप सरकार, अशरफुल हुसैन और निजामउद्दीन चौधरी भी शामिल थे।

## सार-संक्षेप

### एक ही फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

**सीतापुर :** रेउसा इलाके में बिजेहरा गांव के बाहर प्रेमी युगल के शव एक ही फंदे से लटके हुए मिले। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआएना किया, फिर दोनों ही परिवार के लोगों से पूछताछ भी की। एएसपी का कहना है कि दोनों के मध्य 12 साल से प्रेम संबंध चले आ रहे थे। अन्य कारणों की जांच हो रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। रेउसा थाना क्षेत्र के बिजेहरा गांव वासी 50 वर्षीय नकछेद और 45 वर्षीय सलीमुन का शव गांव के बाहर नकछेद के खेत में पेड़ से लटका मिला। एक ही फंदे के सहारे लटकते शवों की खबर पाकर इलाका पुलिस और अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार पहुंच गए। तब काफी संख्या में लोग जमा हो चुके थे। विशेष समुदाय की महिला और भुर्जी समाज के पुरुष के बारे में जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि नकछेद की पत्नी की मौत 15 वर्ष पूर्व हो चुकी है। नकछेद के दो बेटियां हैं और दोनों का ही विवाह हो चुका है। सलीमुन का पति मुश्ताक है। इनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। पुत्री का विवाह हो चुका है। एएसपी के मुताबिक, ग्रामीणों और परिजनों से हुई पूछताछ में पता चला है कि नकछेद और सलीमुन के बीच 12 साल से प्रेम संबंध चले आ रहे थे। आत्महत्या क्यूं की, इसके पीछे के कारणों को तलाशा जा रहा है। फिलहाल दोनों ही पक्षों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। अन्य बिन्दुओं को लेकर भी छानबीन की जा रही है, मेडिकल रिपोर्ट के आधार और अन्य बिन्दुओं के निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हुई शादी, दहेज में मांगे 4 लाख

**बरेली :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शादी के बाद महिला से पति और ससुराल वालों ने दहेज में चार लाख रुपये मांगे। महिला को भूखा रखकर कमरे में बंद रखा और मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिकारपुर चौधरी निवासी पूजा देवी ने बताया कि उसका विवाह 10 मई को समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ था। विवाह में परिजनों ने लगभग चार लाख रुपये का दान दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। दहेज में चार लाख की मांग करते हुए पति पारस, सास गोमती, मामा दिनेश, मामी रमा देवी, मामा विनोद निवासी गांधीनगर परेशान करते थे। आरोप है कि दहेज नहीं लाने पर पारस की दूसरी शादी कराने की धमकी देते थे। विरोध करने पर मारपीट कर कमरे में भूखा बंद कर देते थे। आरोप है कि 15 जुलाई को सभी ने दहेज न लाने पर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कोतवाली का आरक्षी घूस लेते गिरफ्तार

**जौनपुर।** एंटीकरप्शन की वाराणसी टीम ने शुक्रवार को मछलीशहर कोतवाली पर तैनात एक मुख्य आरक्षी (कम्प्यूटर आपरेटर) को 1500 रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी दीवान लगभग तीन साल पहले मड़ियाहूं कोतवाली से स्थानांतरित होकर मछलीशहर आए थे। जानकारी के अनुसार, मछलीशहर कोतवाली के मुजार गांव निवासी अरशद अहमद ने भ्रष्टाचार निवारण टीम वाराणसी से फोन पर शिकायत की थी कि मछलीशहर कोतवाली पर तैनात मुख्य आरक्षी (कम्प्यूटर आपरेटर) रंजन कुमार गुप्ता उनके पासपोर्ट के आवेदन पर रिपोर्ट लगाने के एवज में 1500 रुपये घूस की मांग कर रहे हैं। उनकी शिकायत पर शुक्रवार को दोपहर 12 .38 बजे उक्त टीम सादी वर्दी में सिपाहियों के साथ कोतवाली परिसर के बाहर पहुंची। पीड़ित अरशद तय समयानुसार आरक्षी के पास पहुंचा, पीछे से चार पांच सिपाही सादी वर्दी में आ गए। पीड़ित ने ज्योंही आरक्षी के हाथों में नोट पकड़ाया, पीछे खड़े सिपाही ने उन्हें दबोच लिया। अन्य अधिकारी भी वहां पहुंच गए। उनको बाहर लाकर हाथ धुलवाया तो पानी का रंग व हाथ लाल हो गया। टीम उन्हें लेकर सिकरारा थाने पहुंची और विभिन्न धाराओं में केस पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### जेई के कथित रूप से घूस लेने का वीडियो वायरल

**तारून, अयोध्या।** ट्यूबेल के बिजली कनेक्शन लगाने के नाम पर विद्युत उपकेंद्र तारुन के एक अवर अभियंता का कथित रूप से एक किसान से घूस लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता है। किसान शोभनाथ विद्युत कनेक्शन लेने के लिए दो माह से विद्युत केंद्र का चक्कर काट रहा था। अवर अभियंता तारुन ने उससे घूस मांगी। किसान ने कार्यालय में पहुंचकर घूस की मांगी गई रकम दे दी। उसकी रसीद मांगी तो कहा कि उसी में चढ़ जाएगा। तुम्हारा कनेक्शन 10 दिन में हो जाएगा। घूस का पैसा देते हुए तथा बात करते हुए किसान ने चुपके से मोबाइल से वीडियो बनवा लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस प्रकरण में एसडीओ बीकापुर संदीप यादव ने बताया कि अभी मैंने वीडियो नहीं देखा है। अगर रिश्वत ली है तो बहुत गलत किया है। जांच कराई जाएगी।

# फर्जी सिपाही ने महिला दरोगा को भी लगाया था 35 लाख का चूना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फर्जी सिपाही बनकर वर्मा सरनेम की महिला सिपाहियों के साथ दुष्कर्म करने वाले राजन वर्मा ने कानपुर की एक महिला दरोगा से भी 35 लाख रुपये की ठगी की थी। महिला दरोगा ने कोतवाली पुलिस से फोन पर संपर्क कर मामले की जानकारी दी। महिला दरोगा कानपुर में ही उसके खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराएगी। वहीं बैंक से लोन दिलाने वाले की गिरफ्तारी की लिए एक टीम गठित की गई है, जल्द ही टीम लखनऊ जाएगी।

थाना कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि लखीमपुर खीरी के थाना कोतवाली गांव मिदनिया गढ़ी निवासी राजन वर्मा 12 से अधिक महिला सिपाहियों के साथ दुष्कर्म और ठगी कर चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद कई महिला पुलिसकर्मी सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि कानपुर में तैनात एक महिला दरोगा को कानपुर में ही जमीन दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने 35 लाख रुपये की ठगी की थी। महिला दरोगा ने कानपुर में जल्द रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही है। राजन वर्मा ने अयोध्या की पुलिस लाइन में रहने के दौरान कई जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों से जान पहचान बनाई थी। पुलिस जांच करेगी कि आरोपी को पुलिस लाइन में किसने शरण दी थी।

# अतीक के करीबी गोतस्कर के 5 भाईयों पर इनाम घोषित

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के के करीबी गोतस्कर मो. मुजफ्फर पर कार्रवाई के बाद अब पुलिस ने उसके भाइयों पर निगाहें टेढ़ी कर दी हैं। जेल में बंद ब्लॉक प्रमुख मुजफ्फर के फरार 5 भाईयों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

पूरामुफ्ती पुलिस ने फरार चल रहे मुजफ्फर के भाई मो. असलम, मो. आजम, मोअज्जम, मो. अकरम, जावेद अहमद पर इनाम घोषित कराने के लिए डीसीपी सिटी दीपक भूखर के पास एक रिपोर्ट भेजी थी। डीसीपी ने पर रिपोर्ट में पांचों भाइयों पर 10-10 हजार रुपये इनाम घोषित कर दिया।

# हमीरपुर के जेल अधीक्षक हटाए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हमीरपुर के जिला कारागार में निरूद्ध बंदी के कारागार की पाकशाला में फंदा लगाकर जान देने के मामले में जेल अधीक्षक गोविंद लाल वर्मा को हटा दिया गया है। उनको जेल मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, हरदोई जिला कारागार से बंदी के फरार होने के मामले में जेलर विजय कुमार राय को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश त्रिपाठी के खिलाफ डीआईजी जेल को जांच सौंपी गई है। शुक्रवार को यह कार्रवाई डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने की।

डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने दो जिला कारागार के अधीक्षकों पर शुक्रवार को कार्रवाई की। हमीरपुर जेल में बंदी के आत्महत्या के मालमे में लापरवाही बरतने पर जेल अधीक्षक गोविंद लाल वर्मा को हटाया गया है। उनको मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, हरदोई जेल से भागे बंदी के मामले में जेलर विजय कुमार राय की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जेल अधीक्षक सतीश चन्द्र त्रिपाठी की भूमिका की जांच डीआईजी जेल को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस मामले में सेंट्रल जेल प्रयागराज के वरिष्ठ जेल अधीक्षक जेल वार्डेन भोलाराम यादव व गौतम वर्मा को पहले ही निलंबित कर दिया था।

- हमीरपुर जेल में बंदी के आत्महत्या और हरदोई जेल से बंदी भागने के मामले में कार्रवाई

**यह था मामला**

हमीरपुर के जिला कारागार में कुरारा थाना क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी बंदी नफीस उर्फ पप्पू (50) हत्या के मामले में साल 2019 से निरुद्ध था। 22 अगस्त को उसने कारागार की पाकशाला में रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी थी। इस मामले में जेल अधीक्षक गोविंद लाल वर्मा पर लापरवाही का आरोप लगा था। शुरूआती जांच में मामला सही पाए जाने पर उनको मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, हरदोई जिला कारागार में चोरी के मामले में विचाराधीन कैदी मंगलवार को जेलकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। मंगलवार सुबह उसे सरकारी भवन के पुताई वाले स्थान पर देखा गया था। वहीं से चकमा देकर भाग निकला।

व्यवस्था

नई तालिका में पर्व त्योहार के साथ 22 जनवरी को विशेष आयोजन का भी होगा प्रावधान

# राम मंदिर में उत्सव के लिए बनेगी नई समिति

अयोध्या कार्यालय



राम मंदिर में आरती पूजन के दौरान मौजूद साधु संत। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण के साथ रामलला के उत्सव की नई तालिका को भी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसे दिसंबर तक तैयार कर लिया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि रामलला की वार्षिक उत्सव के लिए नई तालिका में अयोध्या के विभिन्न पर्व, त्यौहार और उत्सव को जोड़ने के साथ 22 जनवरी पर भी विशेष आयोजन किए जाने का प्रावधान होगा। जिसके लिए एक माह के अंदर एक नई समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले माह होने वाली बैठक में प्रमुख विद्वान और संत धर्माचार्यों परामर्श के आधार पर तालिका को तैयार किया जाएगा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में उत्सव का आधार अयोध्या के विभिन्न मठ मंदिरों से लिया गया है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि वर्तमान में होने वाले उत्सव मठ मंदिरों का अनुसरण किया जा रहा है लेकिन कुछ माह में ही उत्सव की नई तालिका जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी वार्षिक उत्सव होंगे उसका भी निर्धारण किया जा रहा है।

**द्वितीय तल पर विभिन्न भाषा के राम कथाओं का संग्रह:** राम मंदिर के द्वितीय तल का दुनिया भर के भाषाओं में लिखें रामायण के संग्रह के लिए होगा। जहां पर आम श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति नहीं होगी लेकिन ट्रस्ट के द्वारा कुछ विशेष लोगों को दी गई अनुमति के बाद ही द्वितीय तल पर जा सकेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा तैयार किए गए धार्मिक समिति के माध्यम से दुनिया भर से संतों के द्वारा लिखी गई रामायण को एकत्रित किया जायेगा। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने कहा कि मंदिर पूर्ण होने में अभी बहुत काम बाकी है। राम मंदिर के भूतल तल गर्भगृह में रामलला की स्थापना हुई है। उसके बाद प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना होगी। दूसरा तल विभिन्न प्रकार के राम कथाएं जो अलग-अलग भाषाओं में जिन जिन संतों ने लिखी है उनका संग्रह रहेगा। बताया कि यह राम नाम का और राम कथाओं का मंदिर होगा।

- अगले माह होगी प्रमुख विद्वान और संत धर्माचार्यों की बैठक

# महिला आईपीएस बन ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** साइबर अपराधी धोखाधड़ी और ठगी के नए-नए पैतरे अपना रहे हैं। मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी युवक ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। वह महिला की आवाज में लोगों से बात करते ठगी करता है। कभी महिला आइपीएस तो कभी जांच अधिकारी बनकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। सहसवान की युवती के लापता होने पर उसकी मां से फिरौती मांगी गई तो युवती तलाश में जुटी पुलिस और एसओजी आरोपी तक पहुंची। शहर की पुरानी चुंगी से गिरफ्तार किया। वह पहले भी उझानी के सराफा व्यापारी से ठगी के मामले में जेल जा चुका है। 60 दिन बाद जमानत हुई। फिर से इसी काम में लग गया। एसएसपी ने प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी दी। आरोपी को जेल भेजा गया है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की बेटी कुछ दिन पहले लापता हो गई थी। 17 जुलाई को महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पास किसी का फोन आया था। बताया कि महिला की बेटी उनके कब्जे में दिल्ली में है। 25 हजार रुपये खाते में डाल दो वर्ना बेटी को जान से मार देंगे या उसके शरीर पर तेजाब डाल देंगे। फिर फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को दिल्ली कमिश्नर बताकर फोन किया। कहा कि उनकी बेटी अस्पताल में भर्ती है। रुपये डाल दो उसका इलाज कराना है। महिला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को शंका हुई। वह मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाया। जिसके आधार पर पुलिस और एसओजी ने गुरुवार शाम मध्यप्रदेश के जिला जबलपुर के थाना पाटन क्षेत्र कस्बा थापकबाड़ निवासी संकेत यादव पुत्र उमाशंकर यादव को गिरफ्तार किया।

- मध्यप्रदेश के जबलपुर का रहने वाला युवक महिला की आवाज निकाल मांगता था रुपये

### चरस तस्करी में 3 को 10 वर्ष कैद, 1-1 लाख जुर्माना

**बरेली :** चरस तस्करी के मामले में स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने कानपुर के बख्तौरीपुरवा निवासी संतोष यादव, बस्ती के नलिहापुर निवासी पूरन कुमार उर्फ द्दन और बिहार के मोतिहारी निवासी मो. मेराज को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर 1-1 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक सीबीएन विनोद बाबू कन्नौजिया ने बताया कि 23 अक्टूबर 2017 को थाना सीबीएन में निरीक्षक राममेहर सिंह ने तहरीर देकर बताया कि मुखबिर की सूचना पर फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा पर चेकिंग कर रहे थे। संदिग्ध कार दिल्ली की ओर से आती दिखायी दी, उपरोक्त व्यक्ति कार में सवार थे। तलाशी में कार से 44 पैकेट चरस बरामद हुई थी। जिसका वजन 44 किलो था।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 967 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 04/09/2024

म्युटेशन सूचना
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल जुगयाना वार्ड-10 राठ में स्थित गृह सं0 681 में श्री हिमांशु कुमार द्विवेदी पुत्र धर्मेश कुमार का नाम अंकित है। प्रार्थी श्री नरेश कुमार पुत्र घनश्याम साहू ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 31.07.2024 को क्रय कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के जुज भाग पर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल जुगयाना वार्ड-10 में स्थित गृह सं0 681 में अंकित श्री हिमांशु कुमार द्विवेदी पुत्र धर्मेश कुमार के जुज भाग पर बट्टे में करके उसी स्थान पर श्री नरेश कुमार पुत्र घनश्याम साहू का नाम अंकित कर दिया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

## एक नजर

### कार्रवाई का आधार न्याय होना चाहिए, जाति नहीं


अखिलेश

अमृत विचार,लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रमुख पदों पर अपने लोगों को पदेन रखने को लेकर, राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की तलवार प्रदेश सरकार के सिर पर लटकी हुई है, इसलिए किसी को विश्वास योग्य नहीं समझते हैं। जबकि पदस्थापना, कार्रवाई, निर्णय और आदेश का आधार न्याय होना चाहिए, जाति नहीं। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, प्रदेश में जो हो रहा है, नहीं होना चाहिए। भाजपा में अंदुरूनी अविश्वास का हवाला देते हुए कहा कि ऊपर से नीचे तक सभी प्रमुख पदों पर अपने ही लोग बैठाए हुए हैं, यह लोग अपने से इतर औरों को इन पदों के लिए योग्य नहीं समझते हैं। हरियाणा में होने वाले चुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने एक्स की पोस्ट में कहा कि 'बात सीट की नहीं जीत की है' भाजपा को हराने में जो पार्टी सक्षम होगी, हम उसके साथ होंगे।

### मूर्तियां लगाने में राजनीति नहीं होनी चाहिए : मायावती


मायावती

अमृत विचार,लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने को लेकर कहा कि इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि संबन्धित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को कहा कि मूर्तियां किसी भी समुदाय व धर्म से जुड़े राजा, संत, महापुरुष की हों, लगाने में व नाम रखने में राजनीति नहीं होनी चाहिये। राजनैतिक स्वार्थ नहीं होना चाहिये, मगर जो देखने को मिल रहा है दुर्भाग्य पूर्ण है। उन्होंने कहा कि महाराजा, संत व गुरुओं के मामले में नकारात्मक नहीं, बल्कि सकारात्मक सोच रखनी चाहिये।

### आईपीएस कैडर में प्रमोशन का इंतजार होगा खत्म

अमृत विचार,लखनऊ : प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) संवर्ग के अधिकारियों की आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति की प्रतीक्षा जल्द ही समाप्त हो सकती है। पीपीएस संवर्ग के 24 अधिकारियों की प्रोन्नति का प्रस्ताव गृह मंत्रालय भेजा गया था, जिसे हरी झंडी मिल चुकी है। इस महीने ही पीपीएस कैडर के अधिकारियों की आईपीएस कैडर में प्रोन्नति हो सकती है। वहीं, आईपीएस संवर्ग की डीपीसी के साथ ही पीपीएस संवर्ग के अधिकारियों के प्रमोशन पर भी विचार होगा। बता दें करीब 45 पीपीएस अधिकारियों को प्रोन्नत वेतनमान को लेकर विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक पिछले माह होने की उम्मीद थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका।

# ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण में उप्र शीर्ष पर : ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 1.24 करोड़ लोगों ने कराया प्रदेश में पंजीकरण**

**अमृत विचार:** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन मरीज धड़ल्ले से करा रहे हैं। यही वजह है कि ओपीडी रजिस्ट्रेशन में उप्र., देश में टॉप पर है। यह बात शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के डैशबोर्ड आंकड़े बताते हैं कि दो साल में नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (एनएचए) के तहत मोबाइल से स्कैन के जरिए बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) के लिए करीब 4.7 करोड़ ऑनलाइन पंजीकरण किए गए। इनमें 1.24 करोड़ रजिस्ट्रेशन अकेले उप्र. में हुए हैं। उप्र. के बाद 81 लाख मरीजों के साथ आंध्र प्रदेश का नंबर है। देश में सबसे ज्यादा ऑन लाइन पंजीकरण वाले 25 अस्पतालों में उप्र. के 15 अस्पताल शामिल हैं। इनमें राजधानी के लोकबन्धु, बलरामपुर, सिविल अस्पताल के अलावा कानपुर के गणेश शंकर मेडिकल कॉलेज, यूएचएम जिला अस्पताल और कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय शामिल हैं।

# महिलाओं को ही नहीं, पुरुषों को भी जागरूक करने की जरूरत

## पदभार संभालते ही राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने दहेज और महिला उत्पीड़न के लंबित मामलों की फाइल खोलने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष बबिता चौहान ने महिला उत्पीड़न को लेकर महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। शुक्रवार को अपना पदभार संभालने के बाद बबिता चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी की हिम्मत नहीं है कि बहन बेटियों को परेशान कर सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था इतनी सख्त है कि अगले ही चौराहे पर आरोपी धरे जाएंगे।

पदभार ग्रहण करने के बाद बबीता चौहान ने मानव अधिकार भवन, गोमती नगर स्थित अपने कार्यालय में मीडिया को बताया कि महिला आयोग में ज्यादातर मामले दहेज और महिला उत्पीड़न के आते हैं। ऐसे में जितने भी मामले अभी तक लंबित हैं। उन फाइलों को खुलवाने का निर्देश दिया है। जल्द से जल्द उन मामलों पर आपसी सुलह या निस्तारित करके महिलाओं को न्याय दिलाया जाएगा। महिला आयोग की अध्यक्ष के मुताबिक, वह उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न जिलों से संबधित महिला उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा के मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द करेंगी।


राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करतीं बबिता चौहान। अमृत विचार

### अपर्णा के पदभार संभालने को लेकर गर्मायी राजनीति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य महिला आयोग का उपाध्यक्ष पद पाने से असंतुष्ट बतायीं जा रहीं स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव दिल्ली पहुंच गईं हैं। शुक्रवार को उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से संपर्क कर अपनी बात रखी है। वह पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मिलने को भी प्रयासरत हैं। इस बीच उप्र. में अपर्णा को लेकर राजनीति गर्मा रही है। सूत्रों की माने तो महिला आयोग का उपाध्यक्ष पद पाने के बाद जब अपर्णा यादव सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव से आशीर्वाद लेने पहुंची तो यहां हुई आपसी बातचीत के बाद उनका (अपर्णा) रूख बदल गया। यहीं से चर्चा तेज हुई कि मामला दिल्ली से ही गड़बड़ हुआ और अपर्णा को उनके कद के मुताबिक पद नहीं मिला। हालांकि, अपर्णा यादव के नाराज होने को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने गुरुवार को कहा कि अपर्णा जब से पार्टी में आई हैं तब से विचारधारा के साथ लगी हुई हैं। उन्हें जिम्मेदारी भरा पद मिला है और हमें उम्मीद है कि वह जल्द ही पदभार संभालेंगी।

# युवाओं को देंगे 10 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण : मुख्यमंत्री

## बैंकों को लौटानी होगी सिर्फ मूल पूंजी, ब्याज का पैसा सरकार चुकाएगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विकास और सुरक्षा का मॉडल ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को उज्जवल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा। युवाओं को उद्यमी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए सरकार दो चरणों में 10 लाख तक ब्याजमुक्त लोन दे रही है।

वे गोरखपुर के पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 635 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि समारोह में उपस्थित जनसमूह से मुख्यमंत्री ने प्रदेश और गोरखपुर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब विकास होगा तभी उद्यमिता बढ़ेगी। स्थानीय युवा उद्यमी बन पाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याजमुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में 5 लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत लोन लेने वाले युवाओ को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी।


गोरखपुर में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### फोरलेन निर्माण में नहीं टूटने देंगे किसी का मकान

योगी ने कहा कि फोरलेन निर्माण के लिए उन्होंने निर्देश दे रखा है कि फोरलेन बनने के दौरान मकान नहीं टूटने चाहिए, भले ही फोरलेन का नक्शा बदलने पड़े। इसके साथ ही सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे जमीन के मुआवजे के पैसे से दूरदराज के क्षेत्र में खेत खरीदें और कुछ नया काम भी शुरू करें। इससे आने वाली पीढ़ी खुशहाल बनेगी।

### विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं

योगी ने कहा कि आज प्रदेश में विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। गोरखपुर में बंद पड़ा खाद कारखाना फिर से चल रहा है। एम्स बन गया है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतरीन सुविधाओं का केंद्र बन गया है। गोरखपुर का रामगढ़ताल पर्यटन और रोजगार का नया केंद्र बन गया है। आयुष विश्वविद्यालय भी बनकर लगभग तैयार है। पिपराइच में चीनी मिल चल रही है।

# बिना चिंता कराइए इलाज, पैसा देगी सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। जो भी पैसा खर्च होगा, सरकार देगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। योगी ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।

### माई! वृंदावन या काशी, जहां चाहो वहां करा देंगे व्यवस्था

शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान एक वृद्ध महिला से मुलाकात कर और उसकी समस्या जानकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी भावुक उठे। अपने घर वालों के उपेक्षात्मक रवैये से आहत इस वृद्ध महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने ही परिवार से मिल रहा दुख वह नहीं सहन कर पा रही है। योगी ने पूछा कि वह क्या चाहती हैं? बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसकी इच्छा अब जीवन के बाकी बचे दिन किसी धर्मनगरी में बिताने की है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'माई! वृंदावन या काशी या जहां भी रहने की इच्छा हो, बता दो। सारी व्यवस्था हम कर देंगे।'

# पेपर लीक कराने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी पेपर लीक मामले में प्रयागराज से पकड़ा**

**अमृत विचार:** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी पेपर लीक करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को एसटीएफ ने प्रयागराज के कीड़गंज से गिरफ्तार किया है। उनके पास से स्कार्पियो, मोबाइल और नकदी बरामद हुई है। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में टीम दबिश दे रही है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक पकड़े गए आरोपी प्रयागराज के ओल्ड लष्कर लाइन बैरहना निवासी संजय सिंह कुशवाहा और नैनी महेवा का कामेश्वर नाथ मौर्या है। डिप्टी एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि गिरोह का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा उर्फ राहुल और रवि अत्री है। हमलोगों ने पेपर परीक्षा से पहले ही प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी सुनील रघुवंशी के जरिय बाहर निकलवाया। इसके बाद विशाल दुबे, सुभाष प्रकाश के जरिये राजीव तक पहुंचाया। जहां से गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर हमलोगों ने 12-12 लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी को पेपर देने का सौदा तय हुआ था। एडवांस में रुपये भी लिए गए थे। इसके कारण प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मध्य प्रदेश के रिसॉर्ट में सिपाही अभ्यर्थियों को पढ़वाया था पेपर

पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों को अपने स्कार्पियो और बस से मध्य प्रदेश के रीवा स्थित महाशक्ति रिसॉर्ट लेकर गए थे। वहीं पर पेपर आउट कराया गया। उनको कुछ दिनों तक रखकर पढ़ाया गया। रिसॉर्ट बुक करने के लिए मालिक के खाते में 5 लाख रुपये भी भेजे गए थे।

# पेय पदार्थों पर टैक्स का जीएसटी काउन्सिल से होगा समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार को इंडियन बेवरेज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस दौरान पेय पदार्थ निर्माताओं ने वित्त मंत्री से पेय पदार्थों पर लगाये जाने वाले कर आदि से संबंधित अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में पेय निर्माता कम्पनियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

वित्त मंत्री ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि पेय पदार्थ से संबंधित उद्योगों एवं पेय पदार्थों पर टैक्स आदि के संबंध में उठाये गये बिन्दुओं को जीएसटी काउन्सिल के माध्यम से समुचित समाधान निकलवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पेय पदार्थों से जुड़े उद्योग अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य करते हुए देश एवं प्रदेश के विकास में योगदान दें। पेय पदार्थों पर टैक्स आदि समस्याओं का निस्तारण कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## वर्ग पहेली-184

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी को फड़कने में प्रवृत्त करना 2. कुछ करने के लिए भड़काना, उत्तेजित करना 3. उत्सुकता उत्पन्न करना।

5. 1. घास-फूस से छाया हुआ छोटा कच्चा घर, मिट्टी से बना हुआ घर 2. तृण कुटीर, पर्णशाला, झोपड़ा।

8. ज़ोर से और अचानक होने वाली ठन-ठन की ध्वनि, ठनकार।

9. शरीर में इंसुलिन हार्मोन की कमी से होने वाला एक प्रकार का रोग, मधुमेह, (शुगर)।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. किसी काम को करने की तरकीब, युक्ति, उपाय, तदबीर 2. चतुराई 3. जुगाड़,ढब 4. आचार-व्यवहार का कौशल 5. हथकंडा।

2. 1. नाराज़ होना 2. ज़रा सी बात पर चिढ़ जाना 3. चिढ़ना, झुंझलाना।

4. 1. जो किसी प्रधान अधिकारी का सहायक हो 2. किसी की ओर से काम करने वाला, मुख़्तार 3. प्रतिनिधित्व करने वाला 4. स्थानापन्न।

6. 1. जो पढ़ने के योग्य हो 2. जिसे सरलता से पढ़ा जा सके।

7. इमारत या बहुत बड़ा लेकिन कम चौड़ा मकान जिसमें कई छोटे-छोटे कमरे होते हैं।



### वर्ग पहेली -183 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | व | रू | 2 प | | 3 डो |
| | | | रि | | प |
| 4 पं | चो | प | चा | र | |
| | | | य | | 5 ता |
| 6 सं | च | य | क | | र |
| जा | | | | 7 वा | पी |
| 8 त | फ़ | सी | र | | न |

## सुडोकू -97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 4 | | | |
| | 5 | | | 7 | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 6 | 8 | | | 5 | |
| 8 | | | 2 | 4 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | | | | | | 5 |
| | 6 | 4 | | 9 | 1 | | | 7 |
| | 8 | | | 3 | 7 | | 1 | |
| | 3 | 2 | | 5 | | | 4 | |
| | | | 9 | | | | 6 | |

### सुडोकू -96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 |


# लखनऊ से कानपुर अब आप 45 मिनट में पहुंचेंगे : राजनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ से कानपुर अब आप 45 मिनट में पहुंचेंगे। लखनऊ से कानपुर के बीच छह लेन सड़क बनाने का कार्य तेजी पर हो रही है । जल्द ही यह तैयार होगा और आप लोगों के लिए सौंप दिया जायेगा । यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैंट विधानसभा में प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि रेलवे मंत्री और अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है और सभी रेलवे स्टेशनों का विकास तेजी से हो रहा है। गोमती नगर का स्टेशन और एयरपोर्ट आपने देखा होगा की कैसा भव्य बना है । ट्रांसपोर्ट नगर और उतरेटिया के रेलवे स्टेशन का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

### निरंतर बढ़ती जा रही भारत की शक्ति


राजनाथ सिंह

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की शक्ति निरंतर बढ़ती जा रही है। 10-15 दिन पहले मैंने अरिघात पनडुब्बी कॉल लॉन्च की है जो करीब 110 मीटर लंबी और 11 मीटर चौड़ी है। यह लगभग 750 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली स्वदेशी न्यूक्लियर मिसाइल से लैस है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का कद ऊंचा हुआ है। पहले भारत से कोई विदेश में जाता था तो उसे अब सम्मान के नजरिए से देखा जाता है।

**दुश्मनों पर बरसेगी मेड-इन-लखनऊ ब्रह्मोस**

इस मौके पर मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ में बन रही है यह सब का सौभाग्य है। दुश्मनों पर जब ब्रह्मोस मिसाइल बरसेगी तो उस पर मेड इन लखनऊ लिखा होगा।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मिलेगा परिवर्तनकारी परिणाम

**▸▸ शीर्ष आईएएस अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बोले मुख्य सचिव**

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान इसका संकेत देते हुए कहा कि सभी सरकारी विभागों को दक्षता बढ़ाने और परिवर्तनकारी परिणाम सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपने दृष्टिकोण, योजना और दैनिक कामों में शामिल किया जाना चाहिए।

योजना भवन में शुक्रवार को हुए प्रशिक्षण में मुख्य सचिव ने कहा कि एआई परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है। इसका न केवल उपयोगकर्ताओं पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, बल्कि यह अन्य क्षेत्रों को भी बदल देगा, जिससे अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि होगी। बताया कि जनवरी में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में लगभग 80 प्रतिशत पवेलियन एआई के थे।

इस अवसर पर राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार, अपर प्रमुख सचिव परिवहन वेकेंटेश्वर लू, प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ शंमुगा सुंदरम मौजूद रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 17 .37 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** — आज आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। पार्टनरशिप वाले कार्यों में आपको धन प्राप्त होगा। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। घर की नवीन वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। होटल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष** — आज नवीन वस्तुओं की खरीदारी करते समय सावधानी रखें। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। कुछ लोग आपके विषय में अफवाहें फैला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आप पर निर्भर रहेंगे। इसके कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मिथुन** — आज प्रभावशाली लोगों की मदद से आपके काम बन सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आप उत्साहित रहेंगे। मित्रों पर ज्यादा विश्वास न करें। शेयर मार्केट में संभल कर निवेश करें।

**कर्क** — आज बहस की स्थितियों से बचना चाहिए। गलत निर्णय होने से आपको नुकसान होगा। कोई पुराना मामला दोबारा उभर सकता है। पैतृक संपत्ति की समस्या दूर होगी। स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**सिंह** — आज पत्रकारों और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। सहकर्मियों का उचित सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। शॉपिंग के लिए बाजार जा सकते हैं। आप रूठे मित्रों को मनाने में सफल रहेंगे।

**कन्या** — आज भावनात्मक मामलों को लेकर उलझ सकते हैं। समस्याओं का डटकर मुकाबला करें। व्यापार में विरोधियों से सावधान रहें। घर में आपसी सामंजस्य में कमी होगी। विद्यार्थियों को इच्छानुसार परिणाम मिलने में कठिनाई हो सकती है।

**तुला** — आज बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कमीशन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। नए व्यवसाय को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं आपकी मन :स्थिति काफी स्थिर रहेगी। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृश्चिक** — आज सहयोगी और रिश्तेदारों के साथ संबंध बिगड़ सकते हैं। अचानक खर्च बढ़ने से मन परेशान हो सकता है। धन के लेन-देन में त्रुटि हो सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**धनु** — आज आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रेमी जन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। बड़े भाई-बहनों से आपको मदद मिलेगी।

**मकर** — आज सहकर्मी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको दृढ़ निश्चय के कारण सफलता मिलेगी। मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्तम है। व्यापार में अच्छी बढ़ोत्तरी हो सकती है। जॉब में आपके अधिकार बढ़ेंगे। किसी नई डील में धन निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज व्यवसाय में आप कुछ जोखिम ले सकते हैं। परिवार में शुभ उत्सव होने की संभावना है। दिनचर्या काफी संतुलित रहेगी। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**मीन** — आज परिवार के लोगों से आप थोड़े नाखुश रहेंगे। दूसरों के मामलों को लेकर ज्यादा बहसबाजी न करें। राजनीतिक लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे नाराज हो सकते है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-चित्रा 12 .34 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- यमला पगला दीवाना — सुबह : 10 .43
- जंगल — रात : 08 .21

**&pictures**
- खिलाड़ी — सुबह : 11 .16
- लव शुदा — रात : 08 .00

**Sony Pix**
- स्पाइडर मैन 2 — सुबह : 11 .30
- ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- एंग्री गणेशा — दोपहर : 12 .16
- धमाल — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
- ओएमजी 2 — सुबह : 11 .17
- योद्धा — रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो दोस्त सफर पर जा रहे थे, रात हो गई वो टेंट लगाकर सो गए। रात को एक दोस्त की नींद खुली, उसने दूसरे को जगाकर कहा, आसमान की तरफ तुझे क्या नजर आता है?
दूसरा- बहुत सारे सितारे...
पहला- इससे क्या पता चलता है?
दूसरा- आसमान कितना खुबसूरत है।
पहला- अबे न्यूटन की औलाद, टेंट चोरी हो गया है।

पिंटू-शर्ट के लिए एक अच्छा कपड़ा दिखाइए।
सेल्स मैन- प्लेन में दिखाऊं?
पिंटू-नहीं हेलिकॉप्टर में दिखा।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2625–2650 आर.आर.21 2725–2750 गेहूँफारम 2850–2900 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400–2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300–7400 अरहर 8500–9000 मसूर 5500–5600 मटर 3600–3700 उड़दहरा 11500–12000 उड़दकाला 7500–8500 मूँग 7500–8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल15400–15500 अरहरस्पेशल 12200–12300 चनादाल 8900–9000 मटरदाल 4500–4600 मसूरमलका 7150–7200 मसूरदाल 7350–7400 उड़ददाल 9000– 13800 उड़द धोवा 10000–12800 मूँगदाल 8500–9700 मूँग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500 – 11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500–1600 मैदा 1600–1630 सूजी 1620–1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500–1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5500–5600 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000–11500 मूँगफली दाना षिवपुरी 9200–11200 बटाली 8600–10500 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 13000–13100 अलसी 10500–10600 अण्डी 12800–13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1575–1596 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5100–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1605–1606 मयूर 1605–1606 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलड्डू 4900–4950 देशीभेली 4600–4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 85900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55000–55200 |

# टमाटर, पोल्ट्री की कीमतें घटने से खाने की थाली हुई सस्ती

## श्रावण मास में मांसाहार कम होने से कीमतों में आई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

श्रावण मास में अधिकांश लोगों के मांसाहार से परहेज करने के कारण टमाटर और पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट आई है। इससे अगस्त में घर में पकाए जाने वाले भोजन की कीमतों में कमी देखी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, शाकाहारी भोजन की कीमत जुलाई के 32.6 रुपये प्रति थाली की तुलना में अगस्त में 4 प्रतिशत घटकर 31.2 रुपये हो गई। वहीं पिछले साल के अगस्त महीने में इसकी कीमत 34 रुपये प्रति थाली थी। रिपोर्ट कहती है कि मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई की तुलना में तीन प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हो गई। हालांकि, अगस्त, 2023 की तुलना में यह 12 प्रतिशत अधिक थी।

क्रिसिल ने अपनी मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में कहा कि अगस्त में टमाटर की कीमतें घटकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गईं। यह जुलाई के मुकाबले 23 प्रतिशत और एक साल पहले के मुकाबले 51 प्रतिशत की गिरावट है। थाली की कीमतों में गिरावट के पीछे टमाटर में आई नरमी की अहम भूमिका है। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद हैं, जबकि मांसाहारी थाली में दाल की जगह ब्रॉयलर मुर्गे हैं। श्रावण में ब्रॉयलर की कीमतों में मासिक आधार पर तीन और सालाना आधार पर 13 प्रतिशत गिरावट आई। पिछले साल की तुलना में मांसाहारी थाली की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई।



- क्रिसिल के मुताबिक शाकाहारी भोजन अगस्त में 4 प्रतिशत घटकर 31.2 रुपये हुआ
- मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई की तुलना में तीन प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हुई

### ईंधन व अन्य की गिरी कीमत ने लागत को किया कम

साल की शुरुआत में रसोई गैस की कीमतों में कमी आने से ईंधन की लागत में 27 प्रतिशत की गिरावट आई है। साथ ही वनस्पति तेल, मिर्च और जीरे की कीमतों में नरमी ने भी पिछले साल की तुलना में भोजन की लागत को कम किया है। क्रिसिल ने कहा कि अगस्त में भोजन की कीमतों में अधिक गिरावट आती, लेकिन प्याज की कीमतों में 15 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू की कीमतों में सालाना आधार पर 13 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी से ऐसा नहीं हो पाया। जिसका असर दोनों थालियों पर पड़ा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 683.987 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर–अमेरिकी मुद्राओं की घट–बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## सेंसेक्स 1,017 अंक टूटा, निफ्टी में भी 293 अंक की आई गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की ताजा निकासी से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,017 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी ने 293 अंक का गोता लगाया। कारोबारियों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), तेल एवं गैस कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बिकवाली आने से स्थानीय बाजार में बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,017.23 अंक गिरा। यह दो सप्ताह का सबसे निचला बंद स्तर है। एनएसई का निफ्टी भी 292.95 अंक टूटा। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा।

# बोनस शेयर : शेयरधारकों के लिए लाभ

बोनस शेयर वे अतिरिक्त शेयर होते हैं जो कंपनियाँ अपने मौजूदा शेयरधारकों को मुफ्त में देती हैं। ये शेयर लाभांश के बजाय वितरित किए जाते हैं और कंपनी की मौजूदा शेयरधारिता का अनुपात बढ़ाते हैं। बोनस शेयर से मौजूदा शेयरधारकों की हिस्सेदारी बढ़ जाती है और उन्हें कंपनी की वित्तीय स्थिति के प्रति विश्वास होता है। यह शेयरधारकों के लिए सकारात्मक संकेत होता है और नकद लाभांश के विकल्प के रूप में उपयोगी होता है। बोनस शेयर पाने के लिए शेयरधारक को रिकॉर्ड डेट पर कंपनी का मौजूदा शेयरधारक होना आवश्यक होता है।

**हिस्सेदारी बढ़नाः** शेयर धारकों की हिस्सेदारी बढ़ती है। शेयरधारक के पास 100 शेयर हैं और कंपनी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करती है, तो उनके पास अब 200 शेयर होंगे।

**शेयर की कीमत में वृद्धिः** बोनस शेयर जारी करने के बाद शेयर की कीमत में सामान्यत: थोड़ी कमी हो सकती है, लेकिन यदि कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत रहती है।

**लाभांश के बजाय शेयरः** शेयरधारक को नकद लाभांश के रूप में भुगतान नहीं किया जाता, जिससे शेयरधारक के पास कंपनी की शेयरधारिता बढ़ जाती है, जबकि कंपनी के पास नकद पूंजी की कमी नहीं होती।

**शेयरधारक अनुपातः** बोनस शेयर सामान्यत: एक निश्चित अनुपात में दिए जाते हैं। शेयरधारक को बोनस शेयर प्राप्त करने के लिए इस अनुपात के अनुसार उनकी मौजूदा शेयरधारिता के अनुसार अतिरिक्त शेयर मिलते हैं।

**कर की छूटः** कई देशों में बोनस शेयर को लाभांश के रूप में नहीं गिना जाता, इसलिए इससे करों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। हालांकि, यह स्थिति देश के कर कानूनों पर निर्भर करती है।

**मूल्य समायोजनः** बोनस शेयर जारी करने के बाद शेयर की कीमत आमतौर पर घट जाती है, लेकिन शेयर की तरलता बढ़ जाती है। इससे शेयरधारकों को शेयरों की ट्रेडिंग में आसानी होती है।

**मौजूदा शेयरधारकः** बोनस शेयर उस व्यक्ति या संस्था को मिलते हैं जो कंपनी के रिकॉर्ड में शेयरधारक के रूप में सूचीबद्ध हैं। शेयर जारी करने के समय एक रिकॉर्ड डेट निर्धारित की जाती है।

**शेयर बाजार में सकारात्मक संकेतः** बोनस शेयर जारी करने से शेयरधारकों को लगता है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति अच्छी है और उसका भविष्य सकारात्मक रहेगा।

**निवेश के प्रकारः** बोनस शेयर आमतौर पर उन शेयरधारकों को दिए जाते हैं जिन्होंने शेयरों को लंबी अवधि के लिए रखा है और उन पर किसी प्रकार की असामान्य स्थिति जैसे कि कंपनी के शेयर की बिक्री या ट्रांसफर नहीं की हो।

**पारदर्शिता और सूचनाः** कंपनी बोनस शेयर जारी करने की घोषणा करती है और इससे जुड़े सभी विवरण जैसे कि रिकॉर्ड डेट, वितरण की तारीख और अनुपात सूचित करती है।



## अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चर्चा करे इस्पात उद्योग : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इस्पात उद्योग को अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। इस्पात उद्योग की कुछ कंपनियों ने चीन से कम कीमत के आयात पर चिंता जताई है।



गोयल ने कहा कि मैंने इस्पात उद्योग को आमंत्रित किया है कि वे उस अनुचित प्रतिस्पर्धा को समझें जिसका उनमें से कुछ को सामना करना पड़ रहा है, तथा उचित कदम उठाएं ताकि इस्पात उद्योग जीवंत बना रहे, बढ़ता रहे तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार जोड़े। उन्होंने बढ़ते आयात के खिलाफ समान अवसर प्रदान करके घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए सीमा समायोजन कर लागू करने का विचार पांच सितंबर को पेश किया था।

## कार्बन फाइबर का उत्पादन करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा- 2025-26 में शुरू होने की उम्मीद
- अमेरिका, फ्रांस जापान और जर्मनी से किया जाता है आयात

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत में 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन शुरू होगा। कार्बन फाइबर का उपयोग अंतरिक्ष, सिविल इंजीनियरिंग और रक्षा क्षेत्र में धातु के विकल्प के रूप में किया जाता है। वर्तमान में, भारत कोई कार्बन फाइबर का उत्पादन नहीं करता है और अमेरिका, फ्रांस, जापान और जर्मनी जैसे देशों से आयात पर निर्भर है।

यूरोपीय संघ द्वारा प्रस्तावित कार्बन सीमा समायोजन तंत्र कार्बन आयात पर अंतर्निहित कर है, जिसके 2026 से लागू होने की उम्मीद है। सिंह ने कहा कि 2025-26 में आला कार्बन फाइबर उत्पाद भी भारत के पास होगा। मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वच्छता क्षेत्र में आयात को संतुलित किया गया है। पहले हम डायपर आयात करते थे। इससे पहले उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित तकनीकी वस्त्र कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि सरकार भारत के तकनीकी वस्त्र उद्योग के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है और इसके लिए उसने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, एमएमएफ फैब्रिक, एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पांच लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति ने किया सरेंडर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ के नारायणपुर पुलिस के प्रयास व शासन की नीतियों से प्रभावित होकर प्रतिबंधित माओवादी संगठन के स्वयंभू टीम कमांडर व उसकी पत्नी ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर पांच लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले कुतुल एरिया कमेटी अन्तर्गत सप्लाई टीम कमाण्डर के पद पर 13 वर्ष से कार्यरत नक्सली सोनवा उर्फ डोसेल सलाम एवं कोडलियार जनताना सरकार स्कूल विभाग सदस्या के पद पर नौ वर्ष से कार्यरत महिला नक्सली आरती सलाम दोनों (पति–पत्नि) के द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रभात के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया।

### बालाघाट में ईनामी हार्डकोर महिला नक्सली गिरफ्तार

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट में हॉक फोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने 14 लाख रुपए की ईनामी हार्डकोर महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार हॉकफोर्स ने बालाघाट जिले के परसाटोला चिचरंगपुर के जंगल में गुरुवार को एक हार्डकोर महिला नक्सली साजंती पति गणेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार महिला हार्डकोर नक्सली साजंती केबी डिवीजन के खटिया मोचा एरिया कमेटी की सदस्य है।

### भाजपा में गए बीजद के पूर्व राज्यसभा सदस्य सुजीत

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व राज्यसभा सदस्य सुजीत कुमार ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। बीजद ने शुक्रवार को कुमार को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया था। कुमार ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। बीजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा गया कि कुमार को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निष्कासित किया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत

**प्रतापगढ़ (राजस्थान)।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के घंटाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी सोहन लाल मीणा ने बताया कि यह घटना महुवाल गांव में उस समय हुई जब तीन लोग बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े थे।

# विधेयक विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास

## विधि एवं न्याय मंत्री मेघवाल ने अपराजिता विधेयक के औचित्य और संवैधानिक क्षेत्र पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार द्वारा पारित अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार की कमियों और कमजोरियों पर पर्दा डालने की कार्रवाई करार दिया है। मेघवाल ने शुक्रवार को महिला पत्रकारों के फोरम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पारित संशोधन विधेयक के औचित्य और उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाये। उन्होंने विषेयक पर केंद्र के कानूनी रुख पर कहा कि यह विधेयक राज्यपाल के माध्यम से केंद्र के पास जब आएगा



- महिला पत्रकारों के फोरम को किया संबोधित

तब देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था : तीन नये आपराधिक कानूनों से महिलाओं की सुरक्षा कैसे होगी? विषय पर इस कार्यक्रम का आयोजन वीमेन जर्नलिस्ट्स वेलफेयर ट्रस्ट ने किया था। कानून मंत्री ने कार्यक्रम में नये कानूनों को प्रगतिशील बताया। उन्होंने कहा कि संविधान में केंद्र और राज्य सकारों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विषयों का बंटवारा है। कुछ विषय समवर्ती सूची के होते हैं, जिनके बारे में भी व्यवस्था है। साथ ही उन्होंने विधेयक की तुलना केरल सरकार द्वारा विदेश सचिव नियुक्त किये जाने से की। मेघवाल ने कहा कि अपराधों से निपटने के लिये तीनों नयी संहिताएं-- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने की ठोस कार्रवाई और कड़ी सजा के प्रावधान हैं।

### राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित बलात्कार रोधी विधेयक विचार करने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव मनोज पंत ने दिन में ही बोस को विधेयक की तकनीकी रिपोर्ट सौंपी थी। राज्यपाल ने विधेयक का अध्ययन करने के बाद इसे मुर्मू के पास भेज दिया। अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक को विचार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से अनिवार्य तकनीकी रिपोर्ट मिलने के बाद इसे (राष्ट्रपति को) भेजा है। बोस ने विधेयक को मंजूरी देने के लिए आवश्यक तकनीकी रिपोर्ट इसके साथ भेजने में नाकाम रहने को लेकर बृहस्पतिवार को ममता बनर्जी प्रशासन की आलोचना की थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने 3 सितंबर को सर्वसम्मति से अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024पारित किया था।

## चंदा कोचर और उनके पति को नोटिस

ऋण मामला

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंदा कोचर और उनके व्यवसायी पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने के बंबई हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनसे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने दोनों को नोटिस जारी किया और सीबीआई की अपील पर उनसे जवाब देने को कहा। हाईकोर्ट ने छह फरवरी को दोनों की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए एक अन्य पीठ के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश पर मुहर लगाई थी, जिसमें दोनों को गिरफ्तारी के तुरंत बाद जमानत दे दी गई थी। सीबीआई ने मामले में 23 दिसंबर, 2022 को दोनों को गिरफ्तार किया था।

## डीआरएम के लिए पात्र आयु 52 वर्ष से हो कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोर्ड ने 68 मंडलों के लिए नियुक्ति के लिए नए दिशानिर्देशों को दी मंजूरी

रेलवे बोर्ड ने 68 रेल मंडलों के लिए मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) की नियुक्ति के लिए नए दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी है, जिसके अनुसार डीआरएम के रूप में चयन के लिए विचार किए जा रहे अधिकारियों की आयु अन्य पात्रता मानदंडों के अलावा 52 वर्ष से कम होनी चाहिए।

3 सितंबर को जारी निर्देशों में कुछ नए पात्रता मानदंड पेश हुए हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि अधिकारियों को रेलवे/रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसमें हालांकि आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी गई है, जिससे वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों और विशेषज्ञों का एक वर्ग निराश है। निर्देश में कहा गया है कि डीआरएम के रूप में चयन के लिए जिन अधिकारियों पर विचार हो रहा है, उनकी आयु उस वर्ष की पहली जनवरी को 52 वर्ष से कम होनी चाहिए, जिसके लिए चयन सूची बनाई जा रही है। इसमें पिछली स्थिति को ही दोहराया गया है। पूर्व में डीआरएम के पद पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मेरा मानना है कि डीआरएम की नियुक्ति को उम्र के आधार पर सीमित करना सही निर्णय नहीं है। इसमें छूट की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे अधिकारियों का मनोबल गिरेगा, जिन्हें पहले से पता होता है कि वे डीआरएम के लिए पात्र होंगे, तब तक उनकी आयु 52 वर्ष हो चुकी होगी।

## मुख्य आरोपी की याचिका रद, कोर्ट ने 20 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता की अदालत ने सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मुख्य आरोपी संजय रॉय की जमानत याचिका रद कर दी और उसे 20 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले से जुड़े वकील अदालत कक्ष में उपस्थित थे, जबकि आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुआ।

सीबीआई ने बताया कि राज्य विधिक सहायता से नियुक्त रॉय की वकील ने जमानत का अनुरोध किया और कहा कि उनके मुवक्किल को फंसाया गया है। सीबीआई के वकील ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इससे मामले की जांच में बाधा आएगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने रॉय को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### चिकित्सक हत्याकांड

### पूर्व प्राचार्य की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि संभावित आरोपी जैव–चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान में भ्रष्टाचार की जांच के लिए जनहित याचिका के जरिए अधिकार का दावा नहीं कर सकता।

## मणिपुर के बिष्णुपुर में फिर बम हमला

**इंफाल।** संदिग्ध उग्रवादियों ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार सुबह फिर से बम हमला किया। पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर जिले के पास पहाड़ी इलाकों से ट्रोंगलाओबी के आवासीय इलाके की ओर बम फेंके गए। ट्रोंगलाओबी राज्य की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर है। इन हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन हमले में एक सामुदायिक हॉल और एक खाली कमरा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अतिरिक्त संदिग्ध उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले की ओर भी गोलियां चलाईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

## न्यायालय ने राजद की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर शीर्ष अदालत ने की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में संशोधित आरक्षण कानून को रद करने संबंधी पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की याचिका पर केंद्र एवं राज्य सरकार से शुक्रवार को जवाब मांगा। इस कानून में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने राजद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता पी. विल्सन की दलील पर संज्ञान लिया कि याचिका पर फैसले की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नोटिस जारी करें और इसे लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दें। शीर्ष अदालत ने 29 जुलाई को इसी तरह की 10 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बिहार में संशोधित आरक्षण कानून को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## कक्षा में 11 वर्षीय छात्रा का शिक्षक ने किया यौन शोषण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में स्थित सरकारी स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक के कक्षा में 11 वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया, जिसे लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिजन और पड़ोसियों ने थाने के बाहर एकत्र होकर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के पिता के अनुसार उनकी बेटी ने दोपहर में उन्हें फोन करके बताया कि उसके खेल शिक्षक ने कक्षा में उसे अनुचित तरीके से छुआ तथा धमकी भी दी। पीड़िता के पिता के मुताबिक उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क किया और स्थानीय पुलिस को भी मामले की जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- परिजन और पड़ोसियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए किया प्रदर्शन

## आप विधायक अमानतुल्लाह की ईडी हिरासत तीन दिन और बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप विधायक अमानतुल्ला खान की ईडी हिरासत शुक्रवार को और तीन दिन के लिए बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह आदेश केंद्रीय जांच एजेंसी के आवेदन पर दिया। ईडी ने अदालत से अमानतुल्लाह की हिरासत और 10 दिन के लिये देने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने कहा कि हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ाई जाती है। उन्हें नौ सितंबर को पेश किया जाए। ईडी ने खान की पूर्व में उसे दी गई चार दिन की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद अदालत के समक्ष पेश किया था। एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी के ओखला क्षेत्र में स्थित अमानतुल्लाह के आवास की तलाशी लेने के बाद दो सितंबर को उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया था।

## दिल्ली में कैदियों की मौत पर मिलेंगे 7.5 लाख

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने जेलों में अप्राकृतिक कारणों से मरने वाले कैदियों के परिजनों या उनके वारिसों को 7.5 लाख का मुआवजा देने का फ़ैसला किया है। गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को कहा, यह पहल जेल प्रणाली के भीतर न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में उपराज्यपाल वीके सक्सेना को उनकी मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव भेजा है। जेल में कैदियों में झगड़े, अधिकारियों द्वारा लापरवाही से अप्राकृतिक मौत के मामलों में यह मुआवजा दिया जाएगा।

## पीएसी करेगी नियामक निकायों की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ हितों के टकराव के आरोपों को लेकर मचे बवाल के बीच संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा करने का फैसला किया है।

लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने कहा कि समिति बुच को उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए तलब करने पर फैसला करेगी। सेबी अध्यक्ष को पीएसी के समक्ष तलब किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि बाकी चीजों पर समिति को फैसला करना है। सदस्यों ने संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामकों की प्रदर्शन समीक्षा सहित विभिन्न विषयों का सुझाव दिया। सदस्यों ने जो सुझाव दिए, हमने उन्हें (एजेंडे में) शामिल कर लिया है।

### कांग्रेस ने फिर बुच पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सेबी अध्यक्ष माधबी बुच पर नए सिरे से हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें एक ऐसी कंपनी से संबद्ध इकाई से किराये की आय प्राप्त हुई, जिसके बारे में पूंजी बाजार नियामक इनसाइडर ट्रेडिंग सहित विभिन्न आरोपों की जांच कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सवाल प्रधानमंत्री मोदी से पूछा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां तक पूंजी बाजार नियामक का सवाल है तो पारदर्शिता और निष्ठा के पतन को दिखाने के लिए और कितने सबूतों की जरूरत है। रमेश ने एक्स कहा कि एनएसई के अनुसार, अब 10 करोड़ भारतीय ऐसे हैं जिनके पास विशिष्ट पैन हैं और जिन्होंने बाजार में निवेश किया हुआ है।

## विश्वभारती विवि में छात्रा की मौत

**शांतिनिकेतन।** विश्वभारती विवि में 24 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आशंका जताई जा रही है कि अनामिका सिंह नाम की छात्रा ने अपने छात्रावास के कमरे में जहर खा लिया। विश्वविद्यालय के डिजाइन एवं कला संस्थान की तृतीय वर्ष की छात्रा अनामिका को गुरुवार रात को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत के बाद पुलिस छात्रावास में उसके कमरे में गई, लेकिन छात्राओं के एक वर्ग ने उसका विरोध किया।



# पेरिस पैरालंपिक 2024

## आज के मुकाबले

- **रोड साइकिलिंग :** पुरुषों की रोड रेस सी 1-3 (पदक राउंड) : अरशद शेख दोपहर 1.00 बजे, महिलाओं की रोड रेस सी 1-3 (पदक राउंड) : ज्योति गडेरिया दोपहर 1.05 बजे।
- **कैनो स्प्रिंट :** पुरुषों की केएल1 200 मीटर (सेमीफाइनल) : यश कुमार दोपहर 1.30 बजे, महिलाओं की वीएल2 200 मीटर (सेमीफाइनल) : प्राची यादव दोपहर 2.05 बजे
- **तैराकी :** पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 (हीट) : सुयश जाधव दोपहर 1.55 बजे
- **एथलेटिक्स :** पुरुषों की 400 मीटर टी47 (पदक राउंड) : दिलीप गावित – 12.29 सुबह (रविवार)।

## खेल डायरी

### हार के बाद सांसदों ने पीसीबी अध्यक्ष से मांगा इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** रावलपिंडी में खेले गये दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बांग्लादेश के हाथों पाकिस्तान को मिली शर्मनाक हार पर वहां की संसद के दोनों सदनों में सांसदों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और गृहमंत्री मोहसिन नकवी की आलोचना करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। समाचार पत्र डॉन के अनुसार संसद के दोनों सदनों के सांसदों ने कहा कि इस शर्मनाक हार के बाद मोहसिन नकवी को क्रिकेट बोर्ड का प्रमुख बने रहने कोई औचित्य नहीं है। इस दौरान सांसदों ने शर्म करो शर्म करो के नारे लगाए और प्रधानमंत्री से एक सक्षम व्यक्ति को पीसीबी अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता बैरिस्टर सैयद अली जफर ने कहा मुझे लगता है कि देश में अन्य खेलों की तरह क्रिकेट भी खत्म हो गया है। इस आपदा का केवल एक ही कारण है और वह यह है कि जब आप किसी अयोग्य व्यक्ति को संस्थान का प्रमुख नियुक्त करते हैं तो न केवल संस्थान नष्ट हो जाते है, बल्कि संस्थान द्वारा किए गए सभी काम भी खराब हो जाते हैं।

### नीरज ने डायमंड लीग के फाइनल में किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा। चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमश: 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में पीटर्स ने वेबर को पीछे छोड़ दिया था। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा इस सत्र में फिटनेस से जूझ रहे थे।

### 900 गोल करने वाले खिलाड़ी बने रोनाल्डो

**लिस्बन।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाल के रोनाल्डो ने यूईएफए नेशंस लीग मैच में क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। गोल के बाद जश्न मनाते हुए रोनाल्डो अपने हाथ चेहरे की ओर उठाए और घुटनों के बल बैठ गए। मैच में रोनाल्डो ने 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर 6 गज की दूरी से वॉली लगाकर यह ऐतिहासिक गोल किया और पुर्तगाल को 2–0 से आगे कर दिया। पुर्तगाल ने इस मुकाबले में क्रोएशिया पर 2–1 से जीत दर्ज की। मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा यह उपलब्धि बहुत मायने रखती है। यह एक ऐसा मील का पत्थर था जिसे मैं लंबे समय से हासिल करना चाहता था। मुझे पता था कि मैं इस संख्या तक पहुंच जाऊंगा, क्योंकि जैसे–जैसे मैं खेलता रहूंगा, यह स्वाभाविक रूप से होता जाएगा। रोनाल्डो के निकटतम प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी 842 गोल के साथ दूसरे और पेले 765 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### तनीषा-ध्रुव की जोड़ी ताइपे ओपन से बाहर

**ताइपे।** भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में हार के साथ ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी आधे घंटे से अधिक समय तक चले मैच में थाईलैंड की पक्कापोन तीररात्साकुल और फातिमास मुएनवोंग की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 20–22, 12–21 से हार गई। दुनिया में 97वें स्थान पर मौजूद तनीषा और ध्रुव ने अच्छी शुरुआत की और एक समय वे 6–3 से आगे थे। इसके बाद 19–16 की बढ़त पर भी उनके पास पहला गेम जीतने का मौका था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में शुरू से ही नियंत्रण बना दिया था। इंटरवल तक उन्होंने 11–6 से बढ़त हासिल कर रखी थी। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। तनीषा और ध्रुव के बाहर होने के साथ ही भारत की इस टूर्नामेंट में चुनौती भी समाप्त हो गई।

### शौर्य ने विश्व बधिर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**हनोवर।** शौर्य सैनी ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में 452.4 के स्कोर के साथ विश्व बधिर चैंपियनशिप का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सैनी ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 से फाइनल में प्रवेश किया। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत जीतने के बाद यह सैनी का प्रतियोगिता में दूसरा पदक है। अन्य भारतीयों में कुशाग्र सिंह ने फाइनल में चौथा स्थान हासिल किया। चेतन हनमंत सपकाल ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 17 (पांच स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य) हो गई है। चेतन ने 534 अंक से कांस्य पदक जीता जिससे वह यूक्रेन के सेरही ओहोरडनिक और ओलेक्सांद्र कोलोडी से पीछे रहे जिन्होंने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते।

# छोटे पैर से मापा आसमान

## एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर प्रवीण कुमार ने टी64 ऊंची कूद में जीता स्वर्ण पदक

पेरिस, एजेंसी

तोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया। छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के कुमार ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और खेलों का आसमान माप लिया। अमेरिका के डेरेक लोकिडेंट ने 2.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.03 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

कुमार ने 1.89 मीटर से शुरुआत करने का विकल्प चुना। अपने पहले प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक जीतने के लिए खुद को शीर्ष स्थान पर बनाए रखा। इसके बाद कुमार और लोकिडेंट के बीच शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला जारी रहा, लेकिन भारतीय एथलीट इसमें सफल रहा। यह 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कुमार का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। टी64 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके एक पैर के निचले हिस्से में मामूली रूप से मूवमेंट कम होता है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते। कुमार का विकार जन्म से है जो उनके कूल्हे को बायें पैर से जोड़ने वाली हड्डियों को प्रभावित करता है। बचपन में वह अकसर अपने साथियों से तुलना के कारण हीन भावना से जूझते रहे। इस असुरक्षा की भावना से लड़ने के लिए उन्होंने खेल खेलना शुरू किया और वॉलीबॉल में हाथ आजमाया, पर एक पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद स्पर्धा में भाग लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु के बाद वह पदक जीतने वाले ऊंची कूद के तीसरे एथलीट हैं।

**2.08** मीटर से टी64 स्पर्धा में सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर हासिल किया शीर्ष स्थान



**2023** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कुमार का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी

पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में हिस्सा लेते प्रवीण कुमार।>>





### भारतीय कैनोइंग चालक सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत की प्राची यादव और यश कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक खेलों की कैनोइंग (डोंगीचालन) प्रतियोगिता में क्रमश: महिलाओं की वीएल2 200 मीटर और पुरुषों की केएल1 200 मीटर में अपनी–अपनी हीट में चौथे और छठे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। प्राची और पूजा ओझा ने महिलाओं की एकल 200 मीटर वीएल2 हीट एक और केएल1 200 मीटर हीट दो में क्रमश: 1:06.83 और 1:16.09 का समय निकाला। यश ने पुरुषों की केएल 200 मीटर हीट में 1:03.27 का समय निकाला। सेमीफाइनल शनिवार को होंगे। प्रत्येक हीट का विजेता सीधे फाइनल में पहुंचता है, जबकि बाकी खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाते हैं। प्रत्येक सेमीफाइनल के तीन सबसे तेज़ समय निकालने वाले खिलाड़ी फाइनल में पहुंचते हैं। प्राची तोक्यो पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रही थीं।

### दिलीप फाइनल, सिमरन सेमीफाइनल में पहुंचीं



**पेरिस।** भारतीय एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 स्पर्धा में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। वहीं दृष्टिबाधित एथलीट सिमरन शर्मा ने भी महिला 200 मीटर टी12 राउंड 1 दौड़ में पांचवें स्थान के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। आज यहां हुए मुकाबले में पैरा एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 राउंड 1 में 49.54 समय के साथ सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए फाइनल में जगह बनाई। दिलीप अपनी हीट में तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले सिमरन शर्मा ने 25.41 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पांच में स्थान हासिल किया, इस दौरान उन्होंने वेनेजुएला और इटली को भी पीछे छोड़ते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### भारत के ध्वजवाहक होंगे हरविंदर और प्रीति

**पेरिस।** स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह और पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला फर्राटा धाविका प्रीति पाल पेरिस खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। 33 वर्ष के हरविंदर पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज हैं। उन्होंने कहा भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। अब समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक होना तो सबसे बड़ा सम्मान है। यह जीत उन सभी के लिये है जिन्हें मुझ पर भरोसा था। उम्मीद है कि मैं कइयों को अपने सपने पूरे करने की प्रेरणा दे सकूंगा। महिलाओं की टी35 100 और 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली 23 वर्ष की प्रीति ने कहा भारत का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। यह सिर्फ मेरे लिए नहीं बल्कि विषमताओं से निकलकर देश को गौरवान्वित करने वाले हर पैरा एथलीट के लिए है। अभियान प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान ने कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से भावी पीढी को प्रेरणा मिलेगी।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 80 | 63 | 41 | 184 |
| ब्रिटेन | 42 | 32 | 24 | 98 |
| अमेरिका | 31 | 35 | 18 | 84 |
| नीदरलैंड्स | 24 | 14 | 10 | 48 |
| इटली | 20 | 13 | 29 | 62 |
| फ्रांस | 17 | 24 | 24 | 65 |
| ब्राजील | 17 | 20 | 31 | 68 |
| यूक्रेन | 16 | 23 | 28 | 87 |
| ऑस्ट्रेलिया | 15 | 13 | 23 | 51 |
| भारत | 6 | 9 | 11 | 26 |



### पावरलिफ्टिंग में पदक से चूकीं कस्तूरी

**पेरिस।** भारतीय महिला एथलीट कस्तूरी राजमणि शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों के पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में पदक से चूक गईं। आज खेले गए महिलाओं के 67 किलोग्राम के फाइनल मुकाबले में कस्तूरी राजमणि ने 106 किलोग्राम का वजन उठाकर आठवें स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। यह कस्तूरी राजमणि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा लेकिन पोडियम से चूक गईं और इसकी के साथ उनका पेरिस पैरालंपिक में अभियान समाप्त हो गया।

### भाला फेंक एफ54 स्पर्धा में अंतिम स्थान पर रहे दीपेश

**पेरिस।** भारत के दीपेश कुमार शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की भाला फेंक एफ54 स्पर्धा के फाइनल में अंतिम स्थान पर रहे। दीपेश (19 वर्ष) सात खिलाड़ियों के फाइनल में 26.11 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ निचले स्थान पर रहे। दिसंबर 2023 में नयी दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले दीपेश अपनी स्पर्धा में थ्रो करने वाले अंतिम एथलीट थे और पोडियम पर पहुंचने के लिए उन्हें 30 से अधिक अंक चाहिए थे, पर वह इससे काफी पीछे रह गए। एफ54 वर्ग में फील्ड स्पर्धा में एथलीट सीट पर बैठकर हिस्सा लेते हैं।

# पेगुला-सबालेंका में होगा खिताबी मुकाबला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा।

न्यूयॉर्क की 30 वर्षीय छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने करोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के एक अन्य सेमीफाइनल में पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हराया। पेगुला की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें संघर्ष करना पड़ा। मुचोवा ने पहला सेट आसानी से 28 मिनट में जीता। उन्होंने पहले नौ गेम में से आठ में जीत हासिल की और दूसरे सेट में वह 3-0 से आगे थी लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई। पेगुला तब तक लय हासिल कर चुकी थी और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।



- पेगुला ने करोलिना मुचोवा को हराकर पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में किया प्रवेश
- पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को दी मात

<< एम्मा नवारो के खिलाफ मैच के दौरान शॉट लगातीं आर्यना सबालेंका।

### इरानी और वावसोरी को मिश्रित युगल का अमेरिकी ओपन खिताब

**न्यूयॉर्क।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6(0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा यह वर्ष मेरे लिए अविश्वसनीय रहा है। यह वर्ष शानदार रहा है। टाउनसेंड और यंग को अमेरिकी ओपन में इस साल वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया था। यंग घोषणा कर चुके थे कि वह इसके बाद संन्यास ले लेंगे।

### विश्व कप क्वालीफाइंग



# अर्जेंटीना ने चिली को 3-0 से हराया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेस्सी और संन्यास लेने वाले एंजेल डि मारिया के बिना भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिली को 3–0 से हराकर दक्षिण अमेरिकी 2026 विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। एलेक्सिस मैक एलीस्टर ने 48वें मिनट में अर्जेंटीना की तरफ से पहला गोल किया जबकि जूलियन अल्वारेज ने 84वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुना कर दी। पाउलो डायबाला ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत से अर्जेंटीना के सात मैच के बाद 18 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर बना हुआ है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग से शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीम अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम दूसरे परिसंघ की टीम के खिलाफ प्लेऑफ मैच खेलेगी।

## बॉलीवुड हलचल

### दिलजीत दोसांझ की बार्डर 2 में हुई एंट्री



**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार गायक–अभिनेता दिलजीत दोसांझ फिल्म बार्डर 2 में काम करते नजर आएंगे। जेपी दत्ता निर्मित–निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनने जा रहा है। बार्डर 2 में सनी देओल की मुख्य भूमिका होगी। हाल ही में बॉर्डर 2 में वरुण की एंट्री हुई थी। अब बार्डर 2 की स्टार कास्ट में दिलजीत दोसांझ भी शामिल हो गए हैं। सनी देओल ने देशभक्ति फिल्म बॉर्डर 2 के कलाकारों में गायक एवं अभिनेता दिलजीत दोसांझ का स्वागत किया है। सनी देओल ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर दिलजीत दोसांझ के साथ एक परिचयात्मक वीडियो जारी किया। इस क्लिप को गीत संदेशे आते हैं के साथ संवर्धित किया गया है, जिसमें दोसांझ का वॉयसओवर भी शामिल है। इस देश की तरफ उठने वाली हर नजर झुक जाती है खौफ से, सरहदों पर जब गुरु के बाज पहरा देते हैं। सनी देओल ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, बॉर्डर2 की बटालियन में फौजी दिलजीत दोसांझ का स्वागत है। सनी देओल ने कहा, 27 साल पहले एक सैनिक ने वादा किया था कि वह लौटेंगे। उस वादे को पूरा करने के लिए, भारत की मिट्टी को सलाम करने के लिए, वह आ रहे हैं। बॉर्डर 2, 23 जनवरी 2025 को रिलीज के लिए निर्धारित है।

## इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर दुखी हैं कंगना




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री और फिल्मकार कंगना रनौत अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर बेहद दुखी हैं। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी विवादों में फंसी हुई है। इसे सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने पर फिल्म के मेकर्स बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचे थे। फिल्म की रिलीज लगभग दो हफ्ते के लिए अटक गई है। कंगना की इस फिल्म को 6 सितंबर को रिलीज होना था। कोर्ट ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को आदेश दिया है कि वह 18 सितंबर तक इमरजेंसी के सर्टिफिकेट पर फैसला ले। इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर कंगना रनौत बेहद दुखी हैं। कंगना रनौत ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा है, भारी मन से मैं घोषणा करती हूं कि मेरी निर्देशित इमरजेंसी को पोस्टपोन्ड कर दिया गया है, हम अभी भी सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट का इंतजार कर रहे हैं, नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, आपकी अंडरस्टैंडिंग और पेशंस के लिए थैंक्स। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# दोहरे शतक से चूके मुशीर, इंडिया बी मजबूत

### दलीप ट्राफी

बेंगलुरु, एजेंसी

इंडिया बी ने यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेली जा रही चार दिवसीय दलीप ट्राफी के पहले मैच में शुक्रवार को दूसरे दिन मुशीर खान की शानदार 181 रनों की शतकीय पारी एवं नवदीप सैनी के अर्द्धशतक (56) की बदौलत पहली पारी में 321 का स्कोर खड़ा कर लिया। दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया ने दो विकेट पर 134 रन बना लिए है।

मुशीर ने अपने कल के 105 रनों से आगे खेलते हुए स्कोर को 181 रनों तक ले गए। एक समय पर वह अपने दोहरे शतक की ओर बढ़ते हुए दिख रहे थे तभी कुलदीप ने उन्हें रियान के हाथों कैच आउट कराकर उनकी पारी का अंत कर दिया। नवदीप सैनी ने भी (56) अर्द्धशतक पूरा किया। पांच बल्लेबाज दहाई अंकों में भी नहीं पहुंच पाए जबकि मुकेश कुमार शून्य पर नाबाद रहे। इंडिया ए के गेंदबाजों में आकाश दीप सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 27 ओवर में 60 देकर चार बल्लेबाजों को आउट किया। जबकि खलील अहमद, आवेश खान को दो-दो विकेट मिले एवं कुलदीप यादव ने एक विकेट लिया।



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ जश्न मनाते नवदीप सैनी। ● एजेंसी

इंडिया ए ने इसके जवाब में अपनी पहली में ठोस शुरुआत करते हुए दो विकेट पर 134 रन बना लिए है। खेल समाप्ति पर रियान पराग 27 रन और के एल राहुल 23 रनों पर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने 36 रन एवं शुभमन गिल ने 25 रनों का योगदान दिया। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों को नवदीप सैनी ने आउट किया। उन्होंने 57 रन के स्कोर पर मयंक अग्रवाल को पंत के हाथों कैच आउट करा इंडिया ए को पहला झटका दिया और अभी स्कोर में नौ रन और जुडे थे तभी सैनी ने 66 रनों पर शुभमन गिल को भी वापस पेवेलियन भेज दिया।

### देवदत्त-अय्यर के अर्धशतक भारत डी को 202 की बढ़त

**अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)।** कप्तान श्रेयस अय्यर और देवदत्त पडीक्कल के तेज अर्धशतकों से भारत डी ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन भारत सी के खिलाफ अपनी कुल बढ़त 202 रन की कर ली। भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे अय्यर ने 44 गेंद में 54 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और एक छक्का जड़ा था जबकि पडिक्कल ने 70 गेंद में आठ चौके से 56 रन बनाए। स्टंप तक भारत डी ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 206 रन बना लिए। अक्षर पटेल (नाबाद 11 रन) और हर्षित राणा क्रीज पर थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला था। बायें हाथ के युवा स्पिनर मानव सुथार भारत सी के लिए दिन के स्टार रहे जिन्होंने 15 ओवर 30 रन देकर पांच विकेट झटके जिसमें पडिक्कल और रिकी भुई (44 रन) के विकेट शामिल थे। अय्यर और पडिक्कल के बीच 126 रन की साझेदारी बनी जिससे भारत डी की पारी संभली। भारत सी ने सुबह चार विकेट पर 91 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहली पारी में 168 रन पर सिमट गई। हर्षित राणा ने 33 रन देकर चार और अक्षर पटेल ने 46 रन देकर दो विकेट झटके।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### नेपाल ने टिकटॉक पर लगा प्रतिबंध हटाया

**काठमांडू।** नेपाल ने सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर लगाया गया प्रतिबंध कुछ शर्तो के साथ शुक्रवार को हटा दिया। नेपाल ने पिछले साल 12 नवंबर को यह कहते हुए टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया था कि यह सोशल नेटवर्किंग साइट देश में सामाजिक सौहार्द में खलल के लिए जिम्मेदार है। सरकारी नोटिस में कहा गया है कि टिकटॉक पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है।

### आतंकी हमले में तीन सुरक्षा अधिकारी मारे गए

**दमिश्क।** जॉर्डन के साथ लगती नसीब सीमा के पास आतंकवादियों के एक समूह ने सीरियाई सुरक्षा अधिकारियों पर हमला किया, जिनमें से तीन की मौत हो गई। सीरिया के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि दारा प्रांत में राजनीतिक सुरक्षा विभाग के तीन आंतरिक सुरक्षा अधिकारी आतंकवादियों के एक समूह के हमले में मारे गए, जिन्होंने दारा प्रांत में नसीब सीमा चौकी पर सईदा पुल के पास उन पर गोलीबारी की।

### इस्लामाबाद में 16 वर्ष में पोलियो का पहला मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पिछले 16 वर्ष में पोलियो का पहला मामला सामने आया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना देश से इस गंभीर वायरस को खत्म करने के राष्ट्रीय प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान की एक प्रयोगशाला के अनुसार इस्लामाबाद के यूनियन काउंसिल रूरल चार में एक बच्चे में जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 पाया गया है। यह पिछले 16 वर्ष में इस्लामाबाद में पहला मामला है।

### स्कूल में गोलीबारी के आरोपी के पिता गिरफ्तार

**विंडर (अमेरिका)।** जॉर्जिया हाई स्कूल में गोलीबारी करने वाले छात्र के पिता को हत्या के आरोप सहित विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है। छात्र की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हुए थे। जॉर्जिया जांच ब्यूरो ने गुरुवार को बताया कि आरोपी कोल्ट ग्रे के पिता कॉलिन ग्रे (54) पर हत्या और बच्चों के प्रति क्रूरता का आरोप लगाया गया है। 14 वर्षीय कोल्ट ग्रे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### गाजा युद्धविराम समझौते पर बातचीत जारी

**यरूशलेम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सलाहकार दिमित्री गेंडेलमैन ने कहा कि इजराइल ने गाजा युद्धविराम समझौते और बंधकों की रिहाई पर सहमति के लिए मध्यस्थों के साथ बातचीत जारी रखी है। गेंडेलमैन ने गुरुवार को टेलीग्राम पर कहा कि मई में रखे गए अमेरिकी प्रस्ताव के आधार पर रूपरेखा समझौते के कार्यान्वयन के विवरण पर सहमति के लिए बातचीत जारी है। इससे बंधकों की वापसी और युद्ध के अन्य लक्ष्यों को प्राप्त करने की अनुमति मिलेगी।

### सीरीज यूनिकॉर्न अकादमी की सीज़न 2 के साथ वापसी

**वाशिंगटन।** यूनिकॉर्न अकादमी सीरीज के दूसरे सीज़न की घोषणा हो गई है। स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स ने आधिकारिक तौर पर अपने लोकप्रिय बच्चों की साहसिक सीरीज ''यूनिकॉर्न अकादमी'' के दूसरे सीजन की घोषणा की है। स्पिन मास्टर एंटरटेनमेंट द्वारा घोषित इस सीरीज के दूसरे सीजन में 16 नए एपिसोड होंगे। इस सीरीज के 2026 तक बन कर समाप्त होने की उम्मीद है, हालांकि दूसरे सीज़न की रिलीज़ डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।

## सिंगापुर के तीन जजों ने साझा की बंबई हाईकोर्ट में पीठ

मुंबई, एजेंसी



● मराठा आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई

सिंगापुर के उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीश पहली बार शुक्रवार को बंबई उच्च न्यायालय की पीठों का हिस्सा बने। इनमें सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरेश मेनन भी शामिल रहे। सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश मेनन ने ऐतिहासिक केंद्रीय न्यायालय कक्ष में बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय तथा न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला के साथ रस्मी तौर पर पीठ साझा की। पीठ ने महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को दिए गए आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संक्षिप्त सुनवाई की।

सिंगापुर के उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति रमेश कन्नन ने बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एम.एम. सथाये के साथ पीठ साझा की, जबकि उस देश के न्यायमूर्ति आंद्रे फ्रांसिस मनियम ने उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के.आर. श्रीराम और न्यायमूर्ति जितेन्द्र जैन के साथ औपचारिक पीठ साझा की। अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पहले सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश मेनन का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा कि वह 2015 में यहां बंबई में थे।

## प्लास्टिक कचरा : जीव और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा

प्लास्टिक कचरा आजकल की दुनिया में एक बड़ी समस्या बन गया है। प्लास्टिक की वृद्धि और इसके दुरुपयोग ने पृथ्वी पर प्रदूषण और जीव-जंतुओं के लिए खतरा पैदा कर दिया है। प्लास्टिक कचरे से जल, थल और वायु प्रदूषण होता है, जिससे जीव-जंतुओं की स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन और इसके नियंत्रण के लिए कुछ कदम उठाने जरूरी हैं।



### प्रबंधन और बचाव के लिए उपाय

- प्लास्टिक और उससे बनी वस्तुओं के उपयोग को कम किया जाना चाहिए।
- प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करने के नए तरीकों को खोजा जाए।
- कचरे को सही तरीके से निपटान करें जिससे मानव और पशु इससे बचे रहें।
- प्लास्टिक की जगह अन्य प्राकृतिक उत्पाद के विकल्पों का उपयोग करें।
- देशव्यापी स्तर पर उपयोग कम करने को जागरूकता अभियान चलाना।
- राष्ट्रीय स्तर पर प्लास्टिक कचरे के निपटान को नियम बनाने चाहिए।
- कचरा कम करने को विशेष टीम तकनीकी समाधान खोजे और अमल में लाए।

### यह उपाय किए जा सकते हैं

- प्लास्टिक की बोतलों के बजाय स्टील या ग्लास की बोतलों का उपयोग
- प्लास्टिक के थैलों के बजाय जूट या कपड़े के थैलों का उपयोग करना
- प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करने के लिए रिसाइकलिंग प्लांट लगाना
- प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए लैंडफिल साइट्स का निर्माण करना
- प्लास्टिक कचरे के बारे में स्कूलों-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएं

### भारत में सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा

प्लास्टिक कचरा पैदा करने के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है और प्रति वर्ष एक करोड़ दो लाख टन कचरा पैदा करता है जो अन्य बड़े प्रदूषक देशों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। ब्रिटेन में लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अनुसार, दुनिया हर साल पांच करोड़ 70 लाख टन प्लास्टिक प्रदूषण पैदा करती है जो सबसे गहरे महासागरों से लेकर सबसे ऊंचे पहाड़ों की चोटियों और लोगों के शरीर तक में फैल गया है। इसका दो-तिहाई से अधिक हिस्सा ग्लोबल साउथ से आता है।

### प्रकृति को होने वाली हानि

प्लास्टिक कचरे में मौजूद रसायनिक पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। जल और वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरता कम होती है। प्लास्टिक कचरे के कारण जलीय जीवन प्रभावित होता है, वन्य जीवन को खतरा होता है, मिट्टी और जल प्रदूषित होते हैं।

### क्या है प्लास्टिक कचरा

प्लास्टिक कचरा वह कचरा होता है जो प्लास्टिक से बना होता है, जैसे कि प्लास्टिक की बोतलें, थैले, प्लास्टिक की प्लेटें, और अन्य प्लास्टिक उत्पाद जो एक बार उपयोग करने के बाद फेंक दिए जाते हैं। जो प्रकृति और पशुओं के लिए खतरनाक होता है इससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है।

# भारत के साथ तीस्ता जल बंटवारा संधि के मुद्दे सुलझाएगा बांग्लादेश

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने किया आह्वान

ढाका, एजेंसी



● कहा-इस समस्या को टालने से किसी देश को फायदा नहीं होगा

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि अंतरिम सरकार काफी समय से लंबित तीस्ता जल बंटवारा संधि पर मतभेदों को सुलझाने के तरीकों पर भारत के साथ काम करेगी, क्योंकि इसे वर्षों तक टालने से किसी देश को कोई फायदा नहीं होगा। यूनुस ने ढाका में अपने सरकारी आवास पर कहा कि दोनों देशों के बीच जल बंटवारे के मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश जैसे निचले तटवर्ती देशों के पास विशिष्ट अधिकार हैं जिन्हें वे बरकरार रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे (पानी के बंटवारे) को निपटाने के लिए काम नहीं करने से कोई फायदा नहीं होगा। भले ही मैं खुश न भी होऊं और हस्ताक्षर कर दूं, लेकिन यदि मुझे पता होगा कि मुझे कितना पानी मिलेगा, तो यह बेहतर होगा। इस मुद्दे को सुलझाना होगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या अंतरिम सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि के मुद्दों को शीघ्र हल करने का दबाव बनाएगी, उन्होंने कहा कि नई सरकार इस पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि हमें साथ बैठकर इसका समाधान करना होगा। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया था।

यूनुस ने कहा कि यह कोई नया नहीं, बल्कि बहुत पुराना मुद्दा है। हमने इस मुद्दे पर कई मौकों पर बात की है। वार्ता पाकिस्तान के शासन के दौरान शुरू हुई थी। हम सभी चाहते थे कि इस संधि को अंतिम रूप दिया जाए, यहां तक कि भारत सरकार भी इसके लिए तैयार थी लेकिन पश्चिम बंगाल राज्य की सरकार इसके लिए तैयार नहीं थी। हमें इसे हल करने की जरूरत है।

### दक्षेस से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकलेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के मकसद को बहाल करने से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकल आएगा। यूनुस ने कहा कि दक्षेस का गठन एक महान उद्देश्य से किया गया था लेकिन अब यह केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गया है, क्रियाशील नहीं है। इस क्षेत्रीय समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। यूनुस ने कहा कि वह इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात का प्रयास करेंगे। अंतरिम सरकार के प्रमुख ने यह भी कहा कि वह दक्षेस देशों के राष्ट्राध्यक्षों को फोटो खिंचवाने के लिए एक साथ लाने का भी प्रयास करेंगे।

### बीजीबी बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ रोके

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) से कहा है कि वह अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के मद्देनजर देश के (बांग्लादेश के) नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने से रोके। बीएसएफ ने शुक्रवार को कहा कि वह 4,096 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की शुचिता बनाए रखने के साथ-साथ सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के लिए जनमत हासिल करना चुनौती

कोलंबो, एजेंसी

● श्रीलंका में 21 को होंगे राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव

श्रीलंका में आगामी 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं क्योंकि यह चुनाव 2022 के आर्थिक संकट से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे देश के भविष्य का फैसला करेगा। आर्थिक संकट के कारण देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखे गए थे और पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा । चुनाव को राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के दो साल के कार्यकाल पर जनमत संग्रह के रूप में भी देखा जा रहा है।

विक्रमसिंघे को संसद में नेता प्रतिपक्ष के साथ-साथ एक शक्तिशाली गठबंधन के नेता से भी कड़ी चुनौती मिल रही है। यह गठबंधन युवा मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ को मजबूत कर रहा है। श्रीलंका की आबादी लगभग 2.2 करोड़ है जिनमें से 1.7 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए पात्र हैं। इस चुनाव में कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। विक्रमसिंघे की पार्टी यूनाइटेड नेशनल पार्टी दो फाड़ होने के कारण कमजोर हो गई है। ऐसे में वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

## यूरोपीय संघ में जनसांख्यिकीय संकट अपरिहार्य



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ में जनसांख्यिकीय संकट को अपरिहार्य बताया। मस्क ने यह बयान वाशिंगटन में दिया, जहां उन्होंने यूरोपीय संघ की जनसंख्या में गिरावट और इसके परिणामस्वरूप होने वाली आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह संकट न केवल यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा खतरा है और इसका समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

## केन्या के स्कूल छात्रावास में आग, 17 छात्रों की मौत

नैरोबी, एजेंसी

● 13 गंभीर रूप से झुलसे, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

केन्या में एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 17 छात्रों की मौत हो गई और 13 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। पुलिस प्रवक्ता रेसिला ओन्यांगो ने बताया कि न्येरी काउंटी के 'हिलसाइड एंडाराशा प्राइमरी' में गुरुवार रात आग लगी और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आग किस कारण से लगी। इस विद्यालय में 14 साल तक की उम्र के बच्चे रहते हैं।

न्येरी काउंटी के आयुक्त पायस मुरुगु और शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि जिस छात्रावास में आग लगी थी, उसमें 150 से अधिक छात्र रहते थे। चूंकि इमारतें मुख्य रूप से लकड़ी के तख्तों से बनी हैं, इसलिए आग बहुत तेजी से फैली। देश के मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में राजधानी नैरोबी से 200 किलोमीटर (125 मील) उत्तर में स्थित इस स्कूल में कुल 824 छात्र पढ़ते हैं। नैरोबी में लकड़ी की बनी संरचनाएं आम हैं। देश के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने इस खबर को भयावह बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं संबंधित प्राधिकारियों को इस भयावह घटना की गहन जांच करने का निर्देश देता हूं।

## भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में बदलाव को बहाल किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने देश के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में उन बदलावों को शुक्रवार को सर्वसम्मति से बहाल कर दिया, जिनसे प्रधानमंत्री और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ सहित कई बड़े नेताओं को फायदा हुआ था। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने संघीय सरकार और अन्य पक्षों द्वारा दायर अंतर-अदालती अपीलों (आईसीए) पर सुनवाई के बाद पांच सदस्यीय पीठ द्वारा छह जून को सुरक्षित रखा गया फैसला सुनाया।

## गुवाहाटी में प्रशिक्षण केंद्र खोलेगा आईआईटी

गुवाहाटी, एजेंसी

● विमान निर्माता कंपनी एयरबस के साथ किया समझौता

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी ने विमान विनिर्माता एयरबस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक वैश्विक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए शुक्रवार को समझौता किया। इस वैश्विक प्रशिक्षण केंद्र को असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थापित किया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान कहा कि यह सहयोग वैमानिकी प्रौद्योगिकी में कुशल कर्मियों को उपलब्ध कराने में एक लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में असम के उभार का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता वैमानिकी प्रौद्योगिकी में नवाचार एवं उत्कृष्टता और असम में लॉजिस्टिक केंद्र के विकास के लिए एक साझा प्रतिबद्धता है।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, आईआईटी-गुवाहाटी के निदेशक प्रोफेसर देवेंद्र जलिहाल और एयरबस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

## शीर्ष अमेरिकी सैन्य अफसरों से मिले जेलेंस्की

**रामस्टीन (जर्मनी), एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अधिक हथियार मुहैया कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को जर्मनी में शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारियों और 50 से अधिक साझेदार देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इससे पहले अमेरिका ने कीव को सुरक्षा सहायता के तौर पर 25 करोड़ डालर प्रदान करने की घोषणा की। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अधिकारियों की यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब रूस के साथ जारी युद्ध में यूक्रेन को डोनबास में एक प्रमुख केंद्र के पास रूसी सेना की ओर से अहम खतरा है।



दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के हाइकोउ में एक सड़क के किनारे तूफान यागी से प्रभावित नारियल के पेड़। ● एजेंसी

## तूफान यागी ने चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान में दस्तक दी

**हांगकांग, एजेंसी।** हांगकांग को पार करने के बाद शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय तूफान 'यागी' ने शुक्रवार को चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान में दस्तक दी। इसकी वजह से वहां का स्थानीय जनजीवन प्रभावित हुआ है। हैनान प्रांत की मौसम विज्ञान सेवा ने बताया कि यागी तूफान के कारण करीब 245 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थी। तूफान स्थानीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर करीब 20 मिनट पर प्रांत के वेनचांग शहर पहुंचा और इसके बेइबू खाड़ी की ओर बढ़ने से पहले द्वीप के अन्य हिस्सों को प्रभावित करने की आशंका है।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो आतंकी ढेर

पेशावर, एजेंसी

● खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैन्य मुख्यालय पर हुआ हमला

उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक सैन्य मुख्यालय पर हुए आतंकवादी हमले में दो आत्मघाती हमलावर मारे गए। सुरक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने अफगानिस्तान की सीमा से लगे मोहमंद जिले के घलानाई कस्बे में मोहमंद राइफल्स मुख्यालय पर आतंकवादी हमले के बाद पांच आत्मघाती हमलावरों में से दो को मुठभेड़ में मार गिराया है। सुरक्षा बलों ने बताया कि मुठभेड़ अब भी जारी है तथा मुख्यालय में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

घलानाई मुख्यालय मोहमंद जनजातीय जिले में स्थित है, जो पेशावर से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। मोहमंद जिले में जमात उल अहरार आतंकवादी समूह की गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। यह समूह प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का हिस्सा है।

### अगस्त में 90 आतंकियों को मारने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने अगस्त में देश भर में 4,021 अभियानों में कम से कम 90 आतंकवादियों को मारने का दावा किया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने गुरुवार को पूर्वी गैरीसन शहर रावलपिंडी में एक प्रेसवार्ता में कहा कि सुरक्षा बलों और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने जनवरी से अगस्त तक 32,173 अभियान चलाए। अभियानों में 2024 के पहले आठ महीनों में 193 से अधिक अधिकारियों और सैनिकों की जान चली गई।

## टेलीग्राम के सीईओ पावेल ने आरोपों को खारिज किया

**पेरिस, एजेंसी।** सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल दुरोव ने फ्रांस में अपनी गिरफ्तारी के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखते हुए खुद पर लगे आरोपों को खारिज कर दिया। दुरोव को टेलीग्राम पर कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों की अनुमति देने के आरोप में अगस्त के अंत में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने गुरुवार रात टेलीग्राम पर एक पोस्ट में फ्रांस में खुद पर लगे आरोपों से अपना बचाव किया और कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। पोस्ट में कहा गया है कि अगर कोई तीसरा पक्ष किसी प्लेटफॉर्म पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल है तो पुराने कानूनों का इस्तेमाल करते हुए उसके सीईओ पर आरोप लगाना गलत है।

## धूमकेतु ही नहीं, क्षुद्रग्रह भी हैं उल्कावृष्टि की वजह

### धूमकेतुओं व उल्कावृष्टि की प्रकृति व उत्पत्ति को लेकर 45 वैज्ञानिकों का सामूहिक शोध

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रातों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली उल्कावृष्टि यानी आसमानी आतिशबाजी बरबस मन मोह लेनी वाली खगोलीय घटना अक्सर देखने को मिलती है। मगर यह होती क्यों है और इनकी प्रकृति व उत्पत्ति को लेकर वैज्ञानिकों की टीम ने सामूहिक शोध कर विस्तृत जानकारी जुटाई है।

उल्कावृष्टि की मुख्य वजह धूमकेतुओं द्वारा छोड़े जाने धूल कणों के अवशेष को माना जाता है, जो हमारे वायुमंडल से गिरते हैं और वातावरण में प्रकाश की तेज़ गति से चलने वाली चमकीली लकीर के रूप में दिखते हैं। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि उल्कावृष्टि की चमक के आधार पर उल्का कणों के आकार को समझा जा सकता है। इससे



धूमकेतु के निर्माण में शामिल पदार्थों को जाना जा सकता है।

अधिकांश धूमकेतु बर्फ से बने होते हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में चट्टान भी मिली होती है। बर्फ और चट्टान के मिश्रण को एक गंदा स्नोबॉल भी कहा जाता है। वे सूर्य के चारों ओर लम्बी अण्डाकार कक्षाओं में यात्रा करते हैं। सूर्य के करीब पहुचने पर तीव्र गर्मी के कारण बर्फ तुरंत गैस में बदल जाती है और फंसी हुई धूल कणों या उल्का को बाहर फेक देती है। बर्फ से निकली गैस व धूल कणों से पूंछ पैदा होती है। साथ ही उल्काओं का मलवा अंतरिक्ष मे छूट जाता है और जब पृथ्वी छोड़े गए मलवे से होकर गुजरती है तो धूल कण जल जाते हैं और गिरती हुई चमकीली रेखा के रूप मे नजर आती है।

नए शोध में शामिल 45 शोधकर्ताओं की टीम ने उल्कावृष्टि की कुछ हटकर खोज की है। उन्होंने पाया है कि सभी धूमकेतु सूर्य के निकट आने पर एक समान तरह से नहीं टूटते। टीम ने दुनिया भर में विशेष कम रोशनी वाले वीडियो कैमरों का उपयोग करके 47 युवा उल्कापात का अध्ययन किया। कैमरों ने उल्काओं के मार्ग को मापा जिससे टीम को यह पता लगाने में मदद मिली कि जब वे पहली बार प्रकाश में आए तो वे कितनी ऊंचाई पर थे और फिर वे वायुमंडल में कैसे धीमे हो गए। वे संरचना को मापने में भी सक्षम थे जिससे उन्हें कणों का आकार निकालने में मदद मिली। नतीजों से पता चला कि ऊर्ट क्लाउड में उत्पन्न होने वाले धूमकेतु आम तौर पर धीमी और सौम्य अभिवृद्धि स्थितियों का संकेत देने वाले कणों के आकार में टूट जाते हैं।

दूसरी ओर, बृहस्पति परिवार के धूमकेतु औसतन 8 फीसद अधिक ठोस पदार्थ के साथ छोटे व सघन उल्कापिंडों में टूट जाते हैं। इनके अलावा शोध मे यह जानकारी भी सामने आई कि कुछ उल्कापात क्षुद्रग्रहों से उत्पन्न होते हैं,जो छोटे कणों के साथ उल्का वर्षा उत्पन्न करते हैं। क्षुद्रग्रहों के धरती करीब से गुजरने व उनके गुरुत्व या अन्य स्थिति मे उनके साथ जुड़े छोटे कण भी उल्कावर्ष्टि की वजह होते हैं।

### साल में कई बार चरम पर होती है उल्कावृष्टि

यूं तो साफ आसमान मे रात को टकटकी लगाकर निहारने में हल्की-फुल्की उल्कावृष्टि अक्सर देखने को मिल जाती है, लेकिन साल में कुछ ही रातें होती हैं, जब यह चरम पर देखी जा सकती है। दिसंबर माह को जेमनीड उल्कावर्ष्टि मे सबसे ज्यादा उल्काओं को बरसते देखा जाता है। इस माह 9 सितंबर को परसीड उल्कावृष्टि चरम पर रहेगी, जो रोशनी से मुक्त क्षेत्रों से बखूबी देखी जा सकती है।